# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025





# 13 हाथियों का दल पहुंचा तारा-जनार्दनपुर मुख्य मार्ग पर, मची अफरा-तफरी

शुक्रवार की शाम उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब 13 हाथियों का दल जंगल से निकलकर तारा-जनार्दनपुर मुख्य मार्ग पर पहुंच गया। हाथियों का दल मुख्यमार्ग पार कर दूसरी तरफ जंगल में पहुंचा तो आवागमन सुचारू हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र प्रेमनगर अंतर्गत तारा जंगल में लंबे समय से 13 हाथियों का दल भ्रमण कर रहा है। शाम 5 बजे हाथी जंगल से निकलकर आबादी क्षेत्र की ओर निकलते हैं तथा धान की फसल से अपनी भूख मिटाते हैं। शुक्रवार को शाम 4.30 बजे ही हाथियों का दल जनार्दनपुर जंगल से बाहर निकलकर तारा-जनार्दनपुर मुख्य मार्ग पर पहुंच गया। छोटा रास्ता होने के कारण मार्ग से बड़ी संख्या में सूरजपुर, प्रेमनगर एवं रामानुजनगर के लोग विभिन्न वाहनों से सफर करते हैं। हाथियों के मुख्य मार्ग पर पहुंचते ही अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। गनीमत थी इस दौरान वनकर्मी मुख्य मार्ग पर ही मौजूद थे। हाथियों के मुख्य मार्ग की ओर बढ़ने की सूचना पर पूर्व में ही दोनों ओर वाहनों को रोक दिए थे। हाथियों ने धीमी गति से शावकों के साथ सड़क को पार किया। इस दौरान हाथी सड़क की दूसरी ओर रूके रहे। दल के सभी सदस्यों के पहुंचने पर हाथी जंगल में पहुंचे तो आवागमन सुचारू किया गया।

## जंगल में जाने के बाद आवागमन हुआ सुचारू




## कोरबा और कटघोरा वनमंडल में 100 से अधिक हाथियों की धमक



कोरबा। पड़ोसी जिले रायगढ़ के धरमजयगढ़ वनमंडल से 59 हाथियों का झुंड कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में आ धमका है। एक ही रेंज में लगातार विचरण कर ग्रामीणों की खड़ी फसलों को चौपट कर रहा है। जिससे ग्रामीणों में लगातार आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। हाथियों की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे के माध्यम से व पेट्रोलिंग टीम के माध्यम से निगरानी कर रही है। धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज से 10 नए हाथी यहां पहुंचने के बाद अब कुल संख्या 59 हो गई है। इन झुंडों ने अब तक दर्जनों किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीण रात-दिन हाथियों को भगाने और फसल बचाने में जुटे हुए हैं। वन विभाग के अनुसार, करतला रेंज में इस समय सबसे ज्यादा 59 हाथी हैं जिनमें नवापारा में 20, कोटमेर में 31 और चोरभट्टी में एक दंतैल शामिल है। वहीं कुदमुरा रेंज में एक दंतैल अकेले घूम रहा है। कोरबा वन मंडल का कुदमुरा रेंज धरमजयगढ़ वनमंडल से सटा हुआ है। मांड नदी पार करते ही छाल रेंज शुरू होता है। हाथियों को जब एक इलाके से खदेड़ा जाता है, तो वे मांड नदी पार कर कुदमुरा होते हुए करतला रेंज आ जाते हैं। एसडीओ एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाथियों की निगरानी के लिए अलग अलग टीम गठित की गई है।

## खबर संक्षेप

### कुरदी में पुलिस पर भीड़ का हमला, मामला दर्ज

बालोद/अर्जुन्दा। गांव में मातर उत्सव के दौरान पुराने विवाद के कारण उत्पन्न तनाव की स्थिति को शांत कराने गई। पुलिस के उपर आक्रोशित भीड़ ने हमला कर दिया। जिसके बाद पुलिस द्वारा 14 नामजद तथा 15 अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार मामला थाना अर्जुन्दा क्षेत्र के ग्राम कुरदी मे गुरूवार की देर शाम की है। दो पक्ष मे मारपीट होने से गॉव मे तनाव की स्थिति निर्मित है। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल ग्राम कुरदी पहुंची, जहॉ पर ग्रामीणो की 100–150 लोगो की भीड़ एकत्रित थी, उनके द्वारा हसिये से मारकर तीन ग्रामीणों को घायल करने वालो को पकडकर ग्रामीणो को सौपने की मांग की जा रही थी। संदेही आरोपी कमलेश साहू को पुलिस टीम द्वारा घर से बाहर सुरक्षित लेकर शासकीय वाहन मे बैठाकर थाना अर्जुन्दा के लिए रवाना हो गये। उसी दौरान भीड़ ने हमला कर दिया। शासकीय वाहनमें तोड़फोड़ करने लगे। पुलिस कर्मियों ने उस भीड़ में से जिन्हे पहचानने का दावा किया उनमें देवा उर्फ देवव्रत, ईश्वर ठाकुर, हीरा साहू, राजू साहू, परमेश्वर देवांगन, मानसिंग देवांगन, कुलेश्वर साहू, पामेश देवांगन, मुकेश योगी, दादू भण्डारी, तुकेश निषाद, एवन देवांगन, प्रीतम ठाकुर धनंजय योगी एवं अन्य दस पन्द्रह लोग सम्मिलित है।

### बंदूक दिखाकर पेट्रोल भराने आए युवक से लूट

महासमुंद। सरायपाली पुलिस को बसंत कुमार साहू निवासी बलौदा ने बताया कि वह सरायपाली के एक अस्पताल में फार्मासिस्ट के पद पर कार्य करता है। वह 23 अक्टूबर की शाम 4:30 बजे श्री होटल के सामने पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने गया था। उसी समय एक मोटर सायकल क्र. ओडी 03 ए1453 एचएफ डिलक्स में अजित लाला, हिमांशु सोना और दीपक डडसेना उसके पास आए। इस दौरान अजित लाला अपने पास एक छोटा बंदूक रखा था तथा हिमांशु सोना अपने पास एक चाकू हुआ। वे लोग उसे पेट्रोल पंप के वाशरूम में ले गए तथा चाकू व बंदूक दिखाकर कहा कि जो पैसा है उसे दो, नहीं तो गोली मार देंगे। तब आरोपियों ने उसके पास रखे 500 रुपये को लूट लिया और 250 रुपए फोनपे कराकर पेट्रोल डलवा लिया। साथ ही आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

### मारपीट से पत्नी घायल पति पर मामला दर्ज

कांकेर। कोरर थाना में शिकायत करने पहुंचे किशनपुरी निवासी 40 वर्षीय सुरेखा जुर्री पति जयलाल जुर्री ने पुलिस को बताया कि 17 अक्टूबर को शाम करीबन 5 बजें अपने घर थी। उसी समय मेरे पति जयलाल जुर्री शराब के नशे मे घर में आया मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। जान से मार दूंगा कहकर हाथ लात घूसे से जमीन पर घसीट घसीट कर मारपीट करने लगा। मेरे पति द्वारा मारपीट करने से मेरे चेहरे, पीठ, पेट, हाथ, पैर मे चोट आया। मेरे माता पिता मुझे इलाज कराने धनेलीकन्हार अस्पताल लेकर गए, जहां चार दिन तक धनेलीकन्हार अस्पताल मे भर्ती होकर इलाज कराया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## सीएम ने लिया तैयारियों का जायजा, अधिकारियों से कहा- हर व्यवस्था हो गरिमामय और त्रुटिरहित

# एयरपोर्ट से नवा रायपुर तक पीएम के स्वागत के लिए 12 मंच, 12 लोकनृत्यों से होगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ के 12 लोकनृत्यों के माध्यम से स्वागत होगा। इसके लिए विमानतल से लेकर नवा रायपुर तक एक दर्जन मंच बनाए गए हैं। हर मंच पर अलग-अलग शैली के लोक नृतक रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव का उद्घाटन करने के साथ कुल पांच कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रायपुर आ रहे हैं। वे 31 अक्टूबर की रात को यहां पहुंचेंगे और एक नवंबर को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसको लेकर प्रदेश सरकार तैयारी में जुटी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सबसे पहले नवा रायपुर स्थित श्री सत्य साईं हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, सभागार व्यवस्था, मंच और आमंत्रित अतिथियों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री साय प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ध्यान केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने ध्यान केंद्र के सभागार, मेडिटेशन रूम एवं बाहरी परिसर का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायपुर प्रवास को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को नवा रायपुर में विभिन्न कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ आगमन राज्य के लिए गौरव का अवसर है। उन्होंने अधिकारियों से कहा, इस दौरान प्रत्येक व्यवस्था उत्कृष्टता का प्रतीक बने और प्रदेश की संस्कृति, आत्मगौरव एवं प्रगति की झलक हर स्थल पर दृष्टिगोचर हो।**



### समापन में राजनाथ सिंह भी आएंगे

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस में वायु सेवा का शौर्य भी दिखेगा। समापन के दिन नया रायपुर के सेन्ध तालाब के ऊपर भारतीय वायु सेवा की सूर्यकरणी एयरोबेटिक टीम एयर शो करेगी। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी आएंगे। 5 नवंबर को समापन पर एयर शो होगा। इसके एक दिन पहले 4 नवंबर को एयर शो की रिहर्सल होगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, सचिव राहुल भगत सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### विस भवन के लोकार्पण में रहेंगे सभी विधायक

श्री साय ने निरीक्षण के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए नए विधानसभा भवन में पक्ष विपक्ष के विधायकों की मौजूदगी को लेकर कहा, सभी विधायक नए विधानसभा भवन के लोकार्पण में मौजूद रहेंगे। नक्सलियों के सरेंडर के दौरान पीएम मोदी के दौरे को लेकर श्री साय ने कहा प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नक्सलवाद के खिलाफ संकल्प है। जवान मजबूती से नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। पुनर्वास नीति बहुत अच्छी है, इसलिए नक्सली सरेंडर कर रहे हैं।

### राज्योत्सव स्थल बनेगा उपलब्धियों का दर्पण

मुख्यमंत्री श्री साय ने नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव स्थल का भी दौरा किया और तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने मुख्य मंच, पार्किंग क्षेत्र, विभागीय डोम, प्रदर्शनी दीर्घा, वीआईपी दीर्घा और आमजन के लिए बनाए गए मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, राज्योत्सव छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों, संस्कृति और आत्मविश्वास का उत्सव है, इसलिए यह आयोजन उत्कृष्टता की नई मिसाल बने। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं और सुरक्षा, स्वच्छता तथा आमजन की सुविधा से जुड़े सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### बने एक दर्जन मंच

प्रधानमंत्री श्री मोदी राज्योत्सव के एक दिन पहले 31 अक्टूबर की रात को यहां पहुंचेंगे। यहां आने पर पहले विमानतल पर उनका भव्य स्वागत होगा। इसके बाद 12 लोकनृत्यों के माध्यम से रास्ते भर उनका स्वागत होगा। विमानतल से लेकर नवा रायपुर एम-01 आवास तक 12 मंच बनाए गए हैं। हर मंच पर एक लोकनृत्य के माध्यम से कलाकार उनका स्वागत करेंगे।

## गृह मंत्री ने जवानों से की मुलाकात

# स्थायी शांति एवं विकास के लिए सुरक्षा बलों का योगदान महत्वपूर्ण : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा शुक्रवार को बीजापुर जिले के सुदूर वनांचल में स्थित नम्बी ग्राम में 196 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंप में पहुंचे। जहां उन्होंने जवानों से मुलाकात कर उनके नक्सल अभियानों में प्रदर्शित किये गए अदम्य साहस और समर्पण की सराहना की। उन्होंने नक्सल मोर्चे पर



उनकी वीरता के साथ ग्राम के विकास के लिए संवेदनशीलतापूर्वक किये गए कार्यों एवं क्षेत्र की शांति के लिए ग्रामीणों में विश्वास बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। उपमुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गृहमंत्री श्री शर्मा ने जवानों के साथ बात कर उनके मनोबल को बढ़ाया तथा अभियान के दौरान आने वाली चुनौतियों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थायी शांति स्थापना एवं विकास के लिए सुरक्षा बलों के योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों ने ना केवल नक्सल हिंसा रोकने में उल्लेखनीय कार्य किया है अपितु लोगों में शासन प्रशासन के प्रति विश्वास जगाने का भी कार्य कर रहे हैं। जिससे क्षेत्र में स्थाई शांति का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

### पुनर्वास नीति से युवा आ रहे मुख्यधारा में

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में बनी संवेदनशील पुनर्वास नीति से अब भटके युवा मुख्यधारा में लौट रहे हैं जिसमें हमारे सशस्त्र बलों का योगदान सराहनीय है।

## उप मुख्यमंत्री ने दी जानकारी

# बस्तर ओलंपिक आज से, 3 लाख 91 हजार रजिस्ट्रेशन, इनमें 2 लाख 27 हजार महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, हमारी सरकार द्वारा विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी बस्तर ओलंपिक 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसका प्रारंभ 25 अक्टूबर से होगा। यह आयोजन एक माह से ज्यादा समय तक चलेगा। यह आयोजन अब केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि बस्तर क्षेत्र के सामाजिक पुनर्जागरण, सांस्कृतिक अस्मिता और युवाओं की ऊर्जा का प्रतीक बन गया है। वर्ष 2024 में प्रथम बार आयोजित बस्तर ओलंपिक को अभूतपूर्व जनसमर्थन प्राप्त हुआ था। इस सफलता को देखते हुए राज्य शासन ने इस वर्ष आयोजन को और अधिक व्यापक, समावेशी तथा सहभागितापूर्ण रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके आयोजन का मकसद बस्तर के युवाओं को नक्सल विचारधारा से दूर कर मुख्यधारा में लाना है। इस बार के आयोजन में करीब चार लाख प्रतिभागी शामिल होंगे। पिछले आयोजन में एक लाख 65 हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। संभाग स्तरीय आयोजन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के शामिल होने की संभावना है। श्री साव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, बस्तर क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य एवं नक्सलवाद से प्रभावित रहा है। इस क्षेत्र के युवाओं में खेल प्रतिभा और साहस की कोई कमी नहीं हैए किंतु उन्हें मंच एवं अवसर की आवश्यकता थी। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने बस्तर ओलंपिक का आयोजन प्रारंभ किया है। बस्तर ओलंपिक आयोजन में विकासखण्ड स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार मेडल, ट्रॉफी, शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जिला स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को 2000 व्यक्तिगत खेल एवं 4000 दलीय खेलों के आधार पर नगद पुरस्कार के साथ मेडल, शील्ड एवं प्रमाण पत्र तथा संभाग स्तर पर विजेता खिलाड़ी को 5000 व्यक्तिगत स्पर्धा एवं 10000 दलीय खेल के लिए भी नकद पुरस्कार एवं मेडल, शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। एवं इन्हें राज्य के ख्यातिप्राप्त खिलाड़ियों की श्रेणी में मान्यता दी जाएगी। संभाग स्तर पर खिलाड़ियों को ट्रैकसूट, स्पोटर्स वियर, स्पोटर्स शूज भी प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा।

### बस्तर ओलंपिक ऐतिहासिक कदम

श्री साव ने कहा, बस्तर ओलंपिक ने अब तक न केवल हजारों युवाओं को खेलों की दिशा में प्रेरित किया है, बल्कि क्षेत्र में नक्सलवाद की समाप्ति, भयमुक्त वातावरण के निर्माण, और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में भी निर्णायक भूमिका निभाई है। यह आयोजन यह सिद्ध करता है कि जब शासन, समाज और युवाओं की इच्छाशक्ति एक साथ आती है, तो कोई भी क्षेत्र विकास और शांति की राह पर आगे बढ़ सकता है। बस्तर ओलंपिक 2025 केवल खेल का उत्सव नहीं, बल्कि युवाओं की ऊर्जा, आदिवासी संस्कृति, और एक नए बस्तर की पहचान है। यह पहल छत्तीसगढ़ शासन की उस दृष्टि को साकार कर रही है, जिसमें खेल, संस्कृति और शांति तीनों एक साथ विकास के सूत्र बनते हैं।

## हाईकोर्ट : चार डिवीजन बेंचों व 16 सिंगल बेंच में होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट में आगामी 29 अक्टूबर से नया रोस्टर लागू किया जा रहा है। इसमें चार डिवीजन बेंचें निर्धारित की गईं हैं और 16 सिंगल बेंचों में मामलों की सुनवाई होगी। नए रोस्टर में पहली डीबी में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभुदत्त गुरु डिवीजन बेंच के सभी मैटर्स (संविधान की धारा 323 ए व 323 बी को छोड़कर ) जनहित याचिकाएं , हैबियस कार्पस के मामले , रिट पिटीशन क्रिमिनल, अवमानना याचिका क्रिमिनल , क्रिमिनल अपील 2020 तक और धारा 482 के तहत दिए गए आवेदन पर सुनवाई करेंगे। जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की डिवीजन बेंच उन मामलों को सुनेगी जिसे किसी अन्य डीबी में नहीं भेजा गया है। इसमें वैवाहिक मामलों में प्रथम अपील भी सुनी जाएगी। तीसरी डीबी में जस्टिस संजय श्याम अग्रवाल और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल कमर्शियल अपील 2016 तक की इक्विटल अपील और एप्लीकेशन फॉर लीव टू अपील सेक्शन 378 सीआरपीसी पर सुनवाई करेगी। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस ए के प्रसाद की चौथी डीबी सभी सिविल मामले जो किसी अन्य डीबी में नहीं भेजे गए हों सुनवाई करेगी।

# युवक को चौराहे में बांधकर पीटा, मौत

## जर्वे गांव का मामला, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

गोवर्धन पूजा की रात पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम जर्वे में एक भीषण हत्या की घटना ने इलाके को दहला दिया। पुरानी रंजिश के चलते आरोपी परिवार ने 22 वर्षीय कैलाश वर्मा को गांव के चौराहे पर रस्सी से बांधकर बेरहमी से पीटा। घंटों क्रूरता का खेल चलता रहा। जिससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला बुधवार शाम का है। दोपहर में हुई एक बहस के करीब सात घंटे बाद, आरोपी कामेश्वर साहू, जत साहू, अंशु साहू और बिहारी साहू समेत उनके परिवार के सदस्य डंडे और रॉड लेकर कैलाश, उनके पिता पुरुषोत्तम वर्मा (60) और भाई बुद्धि सागर (25) पर रात्रि 8 बजे टूट पड़े। जिसे परिवार के लोगों ने बीच बचाव कर घर में बंद कर लिया, लेकिन आरोपियों ने आधे घंटे बाद घर का दरवाजा तोड़कर दोबारा घर में घुसकर हमला किया। पिता और बड़ा बेटा पिछले दरवाजे से भागने में सफल रहे, लेकिन कैलाश को उसकी माँ के सामने ही पकड़ लिया गया। आरोपियों ने कैलाश को घर से खींचते हुए करीब 70 मीटर दूर गौरा-गौरी चौराहे तक ले जाया। वहाँ उसे और उसके दोस्त प्रकाश साहू को रस्सी से बांधकर सामूहिक रूप से डंडों और रॉड से बेरहमी से पीटा गया। पुलिस को रात करीब 10 बजे सूचना मिली। पुलिस टीम ने कैलाश को भीड़ और आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया और पलारी अस्पताल लेकर आए ।

### पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

इस मामले में डीएसपी तुलसी लेकाम ने बताया, एक साल पहले हुई एक सड़क दुर्घटना को हत्या समझकर आरोपी परिवार ने गांव जरवे में कैलाश वर्मा को खंभे से बांधकर पिटाई की। बीच-बचाव करने आए उसके बड़े भाई और पिता के साथ भी मारपीट की गई। सूचना पर पलारी पुलिस तत्काल पहुंची और युवक को छुड़ाकर अस्पताल भर्ती कराया। दुर्भाग्य से जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई बुद्धेश्वर वर्मा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। जांच जारी है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गाँव के लोगों ने आरोपी परिवार के दबदबे के कारण हस्तक्षेप न कर पाने की बात कही है।

## मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम सोन स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का मामला

# नशे में स्कूल पहुंचा शिक्षक, बच्चों और सहकर्मियों से किया दुर्व्यवहार, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी ब्लाक स्थित शासकीय प्राथमिक शाला सोम में एक शिक्षक नशे की हालत में स्कूल पहुंच गया। बच्चों और अन्य शिक्षकों से गाली-गलौच करने लगा। इतना ही नहीं शर्ट उतारकर बच्चों के सामने बैठ भी गया। ऐसी हरकतों से बच्चे डर गए। वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

शिक्षा विभाग के मुताबिक मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम सोन स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक विश्वकर्मा प्रसाद कश्यप का नशे में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हैं। वीडियो में शिक्षक शराब के नशे में क्लासरूम के अंदर महिला शिक्षकों और मासूम बच्चों के सामने अपनी शर्ट उतारकर कुर्सी पर बैठा नजर आ रहा है। स्कूल में पहुंचते ही नशेड़ी शिक्षक बदतमीजी पर उतर आया। उसने स्टाफ से गाली-गलौज की और क्लास के दौरान बच्चों के सामने ही अभद्र व्यवहार किया। वीडियो में स्पष्ट दिखता है कि शिक्षक की जुबान बुरी तरह लड़खड़ा रही है। वह ठीक से खड़े होने की स्थिति में भी नहीं है। स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, यह शिक्षक अक्सर शराब पीकर ही स्कूल आता है और बच्चों को गाली-गलौज व मारपीट करता है।



### जांच कमेटी ने सौंपा अपना प्रतिवेदन

वीडियो के वायरल होते ही प्रशासन हरकत में आया है। शिक्षा विभाग ने इस कृत्य को अत्यंत गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए शिक्षक विश्वकर्मा प्रसाद कश्यप को निलंबित कर दिया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद प्राचार्य शिवराम टंडन और सुनील दत्त को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया था। दोनों ने स्कूल में जाकर बच्चो व महिला शिक्षकों से बात की। वायरल वीडियो जांच में सही पाया गया। घटना सही पाए जाने दो सदस्यीय टीम की अनुशंसा पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे ने शिक्षक विश्वकर्मा प्रसाद कश्यप को तत्काल निलम्बित कर दिया है।

- राज्योत्सव मैदान में हजारों दर्शकों के अभिवादन के लिए पीएम करेंगे परिक्रमा
- एयरपोर्ट से एम-01 तक स्वागत के लिए 12 पाइंट, रेप्लिका में दिखेगा छत्तीसगढ़

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थलों का किया निरीक्षण



राज्योत्सव और पीएम के दौरे की तैयारियों का जायजा लेने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नवा रायपुर पहुंचे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ट्रेनिंग सेंटर से लेकर जनजातीय संग्रहालय और राज्योत्सव मेला ग्राउंड का सीएम ने निरीक्षण किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, सीएस विकासशील समेत राज्य शासन के आला अधिकारी मौजूद रहे। सीएम ने सभी स्थानों का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए।

# बॉलीवुड सितारों से सजेगा राज्योत्सव, कैलाश, आदित्य और भूमि के गानों के साथ झूमेंगे श्रोता-दर्शक, 12 लोकनृत्यों से होगा पीएम का स्वागत

*छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मनाने जा रहा है। इसलिए इस बार का राज्योत्सव भी बेहद खास होगा। एक तरफ जहां पीएम मोदी की मौजूदगी इस अवसर को यादगार बनाएगी। वहीं राज्योत्सव के पांच दिनों में कैलाश खेर से लेकर आदित्य नारायण और भूमि त्रिवेदी जैसे प्रख्यात कलाकारों की प्रस्तुति राज्योत्सव के आकर्षण का केंद्र होगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रायपुर में पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत प्रदेश की 12 प्रमुख लोक नृत्यों के माध्यम से किया जाएगा। रायपुर एयरपोर्ट से लेकर नवा रायपुर के एम-01 बंगले तक 12 स्थानों पर पीएम के स्वागत के लिए पाइंट बनाए जा रहे हैं, जहां छत्तीसगढ़ के ▶▶|शेष पेज 5 पर



### हर दिन एक शो स्टॉपर की प्रस्तुति

राज्योत्सव के पांच दिनों तक छत्तीसगढ़ के कलाकार हर दिन मुख्य मंच में अपनी प्रस्तुति देंगे, लेकिन हर दिन के लिए एक शो स्टॉपर यानी बॉलीवुड सेलिब्रिटी को भी आमंत्रित किया गया है। पहले दिन जहां ▶▶|शेष पेज 5 पर

### राज्योत्सव मैदान में पीएम की एंट्री होगी खास


राज्योत्सव का शुभारंभ करने पीएम मोदी जब मेला ग्राउंड आएंगे, तो उनकी एंट्री बेहद खास होगी। पीएम मोदी हजारों की संख्या में मौजूद लोगों का अभिवादन स्वीकार कर सकें, इसलिए वे पूरे ▶▶|शेष पेज 5 पर

आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹90803/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹110900/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹121058/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
aNaND Jewels
Pandri, Raipur

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में बढ़ी 'एयर प्यूरीफायर' व मास्क की बिक्री

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता के 'खराब' श्रेणी में बने रहने के कारण 'एयर प्यूरीफायर' और मास्क की बिक्री में 60-70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। व्यापारियों के अनुसार अक्टूबर की शुरुआत से प्रदूषण का स्तर बिगड़ने के कारण दिल्ली भर के 'इलेक्ट्रॉनिक्स' दुकानों में 'एयर प्यूरीफायर' की बिक्री में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है।



### दो ड्रग्स तस्करों को सात-सात साल की सजा


**दीफू।** असम के दीमा हसाओ जिले की एक अदालत ने दो व्यक्तियों को मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में सात-सात साल की कठोर सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय कुमार जाधव ने अदालत ने दोनों पर 40-40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया और अगर वे जुर्माना नहीं भरते हैं तो उन्हें तीन महीने और जेल में रहना होगा। जाधव ने बताया कि यह मामला 2023 में खटखटी पुलिस थाने में एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था।

### शुभेंदु के मामलों की जांच सीबीआई व एसआईटी करेगी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ दर्ज चार मामलों की जांच सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस की संयुक्त विशेष जांच दल को सौंपने का शुक्रवार को आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने 2022 में कहा था कि उसकी अनुमति के बिना अधिकारी के खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जायेगी। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल राज्य के बीच तीन मामलों में फैसला सुनाते हुए इस राहत को वापस ले लिया था।

### विज्ञापन जगत के दिग्गज पीयूष पांडे का निधन

**मुंबई।** कई विज्ञापनों के लिए लोकप्रिय और यादगार स्लोगन लिखने वाले विज्ञापन जगत के दिग्गज पीयूष पांडे का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। वह 70 साल के थे। पीयूष पांडे ने सरकार द्वारा निर्मित और बेहद लोकप्रिय गीत 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' के बोल लिखे थे, जो भारत की समृद्ध विविधता का परिचायक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, निर्मला सीतारमण और पीयूष गोयल सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने पांडे के निधन पर दुख जताया।



## उल्टी दस्त व मलेरिया से पीड़ित 25 ग्रामीण अस्पताल में भर्ती

# ओरछा में पांच दिनों में फूड पायजनिंग में पांच की गई जान, 25 बीमार

*नारायणपुर-बीजापुर जिले के सरहद स्थित ओरछा ब्लाक की दूंगा पंचायत के घोटपारा में पिछले 5 दिनों में 2 माह की मासूम समेत 5 ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। इसकी जानकारी लगते ही एक ओर जहां स्वास्थ्य विभाग में हड़कम्प मच गया, वहीं दूसरी ओर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश पर दोनों जिले की मेडिकल टीम मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की जांच कर रही है। जांच के बाद 2 दर्जन से अधिक ग्रामीण उल्टी दस्त व मलेरिया से पीड़ित पाए गए, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि सरोकार

जानकारी के मुताबिक 14 से 20 अक्टूबर के बीच पांच ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। प्रारंभिक जांच में पता लगा कि 14 अक्टूबर को दूंगा गांव के घोटपारा में मृत्यु भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस मृत्यु भोज में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए थे, जहां दूषित भोजन का सेवन करने से 5 दिन के भीतर 5 ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। उल्टी दस्त की शिकायत के बाद बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लाक के उसपरी और किसकल गांव के कुछ ग्रामीणों में भी उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद दूधमुंही बच्चे की मां पल्लवी परसा को भी भैरमगढ़ अस्पताल में ▶▶|शेष पेज 5 पर





### 5 की मौत के बाद 3 रेफर किए गए

मृत्यु भोज में शामिल होने के बाद 5 ग्रामीणों की मौत हुई। इनमें 2 माह की बेबी माता उर्मिला के अलावा बुधरी पति कोसा (25), बुधराम पिता दूसा (24), लक्खे पिता स्व सन्नू (45) व उर्मिला पति बामन (25) शामिल है। वहीं प्रारंभिक उपचार के बाद कुछ ग्रामीणों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैरमगढ़ में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पीड़ित महिला कुमली (60) को भी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### स्थिति सामान्य, तैनात रहेगी मेडिकल टीम

*स्वास्थ्य दल गांव में कैम्प लगाकर ग्रामीणों की देखभाल कर रही है तथा ग्रामीणों को गरम भोजन और पानी उबालकर पीने की सलाह देकर किसी भी तरह की बीमारी या असामान्य लक्षण दिखने पर तुरंत टीम से सम्पर्क करने कहा गया है। पूरी तरह स्वस्थ होने तक टीम तैनात रहेगी।*

*-डॉ. टीआर कंवर, सीएमएचओ, नारायणपुर*

### मौत के बाद लगाया गया मेडिकल कैम्प

*5 लोगों की मौत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर 21 अक्टूबर को जिला नारायणपुर व बीजापुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी ओरछा की टीम के द्वारा ग्राम दूंगा के आश्रित पारा घोट में पहुंचकर स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया एवं उपस्थित ग्रामीणों का इलाज किया जा रहा है। ग्रामीणों के परीक्षण के बाद गांव में 25 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण किए गए। जिसमें से 2 मलेरिया से, 20 उल्टी दस्त से ग्रसित तथा 3 ग्रामीण अन्य बीमारी से ग्रसित पाए गए, जिनका गांव में ही उपचार जारी है। वहीं विभाग द्वारा खाने के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया हैं।*

## आंध्र प्रदेश के कुरनूल में दर्दनाक हादसा | हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी बस

# बस के फ्यूल टैंक में घुसी बाइक लगी आग, 20 यात्री जिंदा जले

*आंध्र प्रदेश के कुरनूल में शुक्रवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। यहां बाइक से टकराने के बाद एक स्लीपर वोल्वो बस में आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर कम से कम 20 यात्रियों की मौत हो गई।*

एजेंसी ▶▶| कुरनूल

हादसा हैदराबाद-बेंगलुरु राजमार्ग पर चिन्ना टेकुरु गांव के पास हुआ। घटना के समय बस हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी। बस में 41 यात्री सवार थे। आग इतनी तेज थी कि कई यात्रियों को बस से बाहर निकलने का समय नहीं मिला। दुर्घटना का वीभत्सता का अंदाजा ऐसे लगाया जा सकता है कि कुछ शव इतने जल चुके थे कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही थी, जिसके कारण अधिकारियों को मृतकों के डीएनए नमूने एकत्र करने के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाना पड़ा। एक अधिकारी ने बताया कि कई यात्री इस दुर्घटना में बच नहीं पाए क्योंकि हादसा रात में हुआ और तब यात्री सो रहे थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ▶▶|शेष पेज 5 पर



### बाइक फंसी फ्यूल टैंक से, लगी आग

*कावेरी ट्रैवल्स की बस यात्रियों को लेकर बेंगलुरु जा रही थी, तभी चिन्ना टेकुरु गांव के पास अचानक बस एक बाइक से टकरा गई। बारिश होने के कारण सड़क पर काफी फिसलन थी, जिससे बाइक बस के नीचे फंस गई और फ्यूल टैंक से टकरा गई, जिससे बस में आग लग गई। करीब 12 यात्रियों से खिड़कियों और आपातकालीन दरवाजे से कूदकर जान बचाई।*

### 11 शवों की हुई पहचान 9 के डीएनए एकत्रित

कुर्नूल कलेक्टर के मुताबिक घटना शुक्रवार सुबह लगभग 3:30 बजे हुई। अब तक 11 शवों की पहचान हो गई है, 9 के बारे में पता नहीं चल पाया है। इनका डीएनए एकत्रित किया जा रहा है। बस में दो ड्राइवरों समेत कुल 41 लोग सवार थे। इनमें से कई जल गए ▶▶|शेष पेज 5 पर

### आग लगने से दरवाजा नहीं खुला : डीआईजी

कुर्नूल रेंज के डीआईजी कोया प्रवीण ने बताया कि बस में सवार 2 बच्चों समेत 21 यात्री बाल-बाल बच गए। ड्राइवर-क्लीनर की कोई जानकारी नहीं मिली है। आग लगने के बाद बस में शॉर्ट सर्किट हुआ। इससे बस का दरवाजा भी जाम हो गया।

# आत्मघाती हमले को अंजाम देने से पहले दो आतंकी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शुक्रवार को आईएसआईएस से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों आतंकी फिदायीन हमले की ट्रेनिंग ले रहे थे और राजधानी दिल्ली में एक बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। स्पेशल सेल द्वारा गिरफ्तार किए गए आतंकियों में से एक दिल्ली का रहने वाला है, जबकि दूसरा मध्यप्रदेश का निवासी है। ▶▶|शेष पेज 5 पर



### आईएसआईएस से जुड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़

### आईएसआईएस से जुड़े होने के सबूत मिले

प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी आईएसआईएस से सीधे तौर पर जुड़े हुए थे और दिल्ली में आत्मघाती हमले की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने उनके ठिकानों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, आपत्तिजनक सामग्री और दस्तावेज बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आतंकियों से लगातार पूछताछ की जा रही है ताकि उनके नेटवर्क, साजिश और संभावित सहयोगियों के बारे में जानकारी हासिल की जा सके।

### कट्टरपंथी समूह से जुड़े आतंकी

भोपाल और दिल्ली से गिरफ्तार किए गए दोनों आतंकी फिदायीन हमले की ट्रेनिंग ले रहे थे। भोपाल से गिरफ्तार हुआ आंतकी अदनान करोंद इलाके का रहने वाला है। करीब 20 वर्षीय आतंकी अदनान सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथी समूहों से जुड़ा था। आरोपी आईएसआईएस के साथ संदिग्ध संबंधों को लेकर रडार पर था।

### पाकिस्तान में आठ टीटीपी आतंकी ढेर, पांच घायल

*पेशावर। पाकिस्तान पुलिस ने अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया सूचना पर आधारित एक अभियान के दौरान टीटीपी के आठ आतंकवादी मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने एक अन्य घटना में, शुक्रवार को दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे टैंक जिले में अज्ञात हमलावरों ने विस्फोट कर एक स्कूल भवन को उड़ा दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना सियाल गुल कोरोना के गारा बुड्ढा गांव में हुई।अभी तक किसी भी संगठन ने स्कूल परिसर में हुए बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।*

# 11,000 करोड़ का बैंक फ्रॉड, 800 शेल कंपनियां और 5000 खाते

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय ने नागपुर जोनल ऑफिस की कार्रवाई में कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और इसके प्रमोटर्स की 67.79 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियां जब्त की हैं। ये कार्रवाई 11 हजार करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी के मामले में की गई है। बता दें कि इससे पहले ईडी ने नागपुर, कोलकाता और विशाखापट्टनम में कई जगहों पर छापेमारी की थी। उस दौरान एजेंसी ने महत्वपूर्ण दस्तावेज़, डिजिटल डिवाइस, कैश, शेयर, म्यूचुअल फंड्स और फिक्स्ड डिपॉजिट्स जब्त किए थे। अब तक इस केस में ईडी ▶▶|शेष पेज 5 पर




### एफआईआर के बाद हुई जांच

ईडी ने ये जांच सीबीआई की एक एफआईआर के आधार पर शुरू की थी, जो कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उसके डायरेक्टर्स के खिलाफ दर्ज की गई थी। आरोप है कि कंपनी ने अभिजीत ग्रुप के नाम पर झारखंड में 1080 मेगावाट का कोयला आधारित पावर प्रोजेक्ट लगाने के लिए बैंक से लोन लिया था, लेकिन उसने गलत दस्तावेज़ और फर्जी आंकड़े दिखाकर यह कर्ज हासिल किया और फिर पैसों को इधर-उधर कर दिया।

### इन लोगों की संपत्ति की गई जब्त

जिन लोगों की संपत्तियां जब्त की गई हैं, उनमें डायरेक्टर्स मनोज जयसवाल, अभिजीत जयसवाल, अभिषेक जयसवाल और उनके करीबी संतोष जैन के नाम जुड़े हैं। जब्त की गई संपत्तियां महाराष्ट्र, कोलकाता, दिल्ली और आंध्र प्रदेश में फैली हुई हैं। इनमें जमीन, बिल्डिंग, फ्लैट, कमर्शियल स्पेस और बैंक बैलेंस शामिल हैं।

# सात आईपीएस बदले गए, अंकिता नांदगांव, प्रफुल्ल सक्ती एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने चार जिलों के एसपी समेत सात आईपीएस अफसरों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। सक्ती एसपी अंकिता शर्मा को राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक पदस्थ किया गया है। इसी तरह प्रफुल्ल ठाकुर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल चौथी वाहिनी से सक्ती एसपी बनाए गए हैं। गृह विभाग ने जिन सात आईपीएस अफसरों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है, उनमें राजनांदगांव एसपी मोहित गर्ग का स्थानांतरण पुलिस मुख्यालय में एआईजी के पद पर किया गया है। गर्ग की जगह राजनांदगांव एसपी की



जिम्मेदारी अंकिता शर्मा को दी गई है। मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर एसपी चंद्रमोहन सिंह का स्थानांतरण निदेशक ट्रेनिंग, ऑपरेशन, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं नगर सेना नागरिक सुरक्षा में किया गया है। रत्ना सिंह का स्थानांतरण एआईजी पुलिस मुख्यालय से मनेंद्रगढ़ चिरमिरी एसपी के रूप में किया गया है। कोंडागांव एसपी ▶▶|शेष पेज 5 पर

## गंगरेल मड़ई में अंचल की सांस्कृतिक वैभव की दिखी झलक

# मां अंगारमोती के आशीर्वाद ने भर दी सूनी गोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शुक्रवार को गंगरेल स्थित मां अंगारमोती की मड़ई में अद्भुत नजारा देखने को मिला। एकतरफ एक हजार से अधिक महिलाओं ने संतान प्राप्ति की मन्नत लिए साष्टांग शरणागत होकर परण पड़ने की परम्परा निभाई, वहीं दूसरी ओर संतान सुख प्राप्त कर चुके अनेक दंपतियों ने माता को मन्नत देने की विधान पूरी की।

हर साल दीपावली के बाद आने वाले प्रथम शुक्रवार को आदिशक्ति मां अंगारमोती के प्रांगण में मड़ई मेला का आयोजन होता है, जिसमें अंचल की प्राचीन संस्कृति वैभव दिखती है। इस दिन निःसंतान महिलाएं माता ▶▶|शेष पेज 5 पर

### 52 गांव से पहुंचे सिरहा बैगा, गायता डांग डोली देवविग्रह के साथ जमकर थिरके







### परण पड़ने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी

आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि इस साल संतान प्राप्त के लिए परण पड़ने वाली महिलाओं की संख्या ने रिकार्ड तोड़ दिया है। सन 2024 में करीब 3 से 4 सौ महिलाओं ने परम्परा निभाई थी। इस साल 1000 से अधिक महिलाओं ने परण पड़कर संतान सुख की कामना की है।

### मड़ई में भारी भीड़, 2 किमी तक रहा जाम

*मां अंगारमोती की मड़ई देखने एक लाख से अधिक लोगों की भीड़ उमड़ी। 52 गांव के सिरहा बैगा अपने देवी-देवताओं के साथ माता के दरबार पहुंचे। गले में फूलों की माला, खुला बदन, हाथों में डांग देव विग्रह लिए सिरहा गायता ने एक-दूसरे की कमर में हाथ रखकर नाचते झूमते मड़ई स्थल की परिक्रमा की। पुलिस प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए रूद्री से गंगरेल तथा सोरम से गंगरेल रास्ते में एक किमी पहले बैरियर लगाकर वाहनों को* ▶▶|शेष पेज 5 पर

पैंगोंग लेक के उस पार ड्रैगन की नापाक हरकत, सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा

# चीन ने लद्दाख में एलएसी के पास बनाया एयर डिफेंस कॉम्पलेक्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चीन ने तिब्बत के इलाके में पैंगोंग लेक के पूर्वी किनारे पर एक नया एयर डिफेंस कॉम्प्लेक्स बनाकर लगभग तैयार कर लिया है।

- लगभग 110 किलोमीटर दूर है यह जगह गलवान घाटी से


चीन की नापाक हरकतों की आशंकाएं पहले से ही जताई जाती रही हैं। लेकिन, अब नई सैटेलाइट तस्वीरों से ड्रैगन के काले कारनामे बेनकाब हो गए हैं। सैटेलाइट इमेज के आधार पर दावा किया जा रहा है कि चीन ने अपने नए एयर डिफेंस कॉम्पलेक्स में कमांड एंड कंट्रोल बिल्डिंग के साथ ही बैरक, वाहनों के शेड के अलावा म्यूनिशंन स्टोरेज के अलावा सतह से हवा में और सतह से सतह पर हमले में सक्षम मिसाइलों से लैस बड़े वाहनों को छिपाकर तैनात करने की भी पूरी बंदोबस्त कर ली है।

### मिसाइलों से लैस बड़े वाहनों को छिपाकर तैनात करने की तैयारी

एक मीडिया चैनल की रिपोर्ट के अनुसार चीन ने लद्दाख के उस पार पैंगोंग लेक के पूर्वी तट पर तिब्बत में बहुत ही तेजी से

**चीन का एयर डिफेंस कॉम्पलेक्स**

कंस्ट्रक्शन के काम को पूरी करने में लगा हुआ है। सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों के आधार पर रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नए चाइनीज एयर डिफेंस कॉम्पलेक्स में कमांड एंड कंट्रोल बिल्डिंग, बैरेक, वाहनों के शेड, म्यूनिशन स्टोरेज से लेकर रडार तक के लिए जगह बनाई हुई है। जिस जगह की सैटेलाइट तस्वीरों के बारे में रिपोर्ट है, वह उस गलवान घाटी से लगभग 110 किलोमीटर दूर है, जहां 2020 के जून में चीन और भारतीय सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी।



**एचक्यू-9 मिसाइलों के लिए स्लाइडिंग छत! :** रिपोर्ट में एक्सपर्ट के हवाले से कहा गया है कि सबसे बड़ी बात ये है कि इस कंस्ट्रक्शन में कवर किया हुआ मिसाइल लॉन्च पोजिशन भी शामिल है, जिसके बारे में अनुमान है कि उसपर स्लाइडिंग वाले छत लगे हो सकते हैं, ताकि ट्रांसपोर्टर इरेक्टर लॉन्चर (टीईएल) वाहन तैनात किए जा सकें, छत खिसका कर मिसाइल ऊपर उठाए जा सकें और फिर उन्हें दागा जा सके। इंटेलिजेंस एनालिस्ट की मानें तो इस तरह के मजबूत शेल्टर चीन की लंबी दूरी वाली एचक्यू-9 (एचक्यू-9) सरफेस-टू-एयर मिसाइल (एसएएम) सिस्टम को छिपाने और सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।

### एससीएस में चीन पहले से कर रहा कारनामा

रिपोर्ट में अमेरिका की वैनटोर नाम की कंपनी से मिली सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर बताया गया है कि चीन ने मिसाइल लॉन्च करने वाली जगहों पर जो स्लाइडिंग छतें बनाई हैं, वो इतनी बड़ी हैं कि इनमें दो वाहन आसानी से आ सकते हैं। 29 सितंबर की सैटेलाइट तस्वीरों में गार काउंटी में कम से कम एक लॉन्च पोजीशन वाली छत खुली हुई नजर आई। एलएसी पर इस तरह की लॉन्च पोजीशन पहली बार देखने को मिले हैं। वैसे दक्षिण चीन सागर (एससीएस) के विवादित द्वीपों पर चीन अपने सैन्य अड्डों पर ऐसी सुविधाएं पहले से ही स्थापिथ कर रखा है।

---

बिहार के सीवान की चुनावी सभा में बोले गृहमंत्री शाह

# ‘अब मोदी-नीतीश का शासन, 100 शहाबुद्दीन आ जाएं, किसी का बाल बांका नहीं कर सकते’

**अगले महीने इस राज्य में होने हैं विधानसभा चुनाव**

**6 व 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान, 14 को नतीजे**

एजेंसी ▶▶| सीवान

बिहार के सीवान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार की जनता 14 नवंबर को असली दिवाली मनाएगी, जब आरजेडी और उसके गठबंधन दलों को विधानसभा चुनाव में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ेगा। अमित शाह ने लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, ‘शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा को रघुनाथपुर सीट से टिकट लालू यादव ने खुद दिया है। मैं सीवान की जनता से कहने आया हूं कि जिस शहाबुद्दीन ने सीवान को आतंकित किया, उसके



बेटे को हराकर आप बिहार में शांति और विकास की जीत सुनिश्चित करें।’ शाह ने कहा कि शहाबुद्दीन 20 साल तक ए-कैटेगरी हिस्ट्रीशीटर रहा, उस पर करीब 75 मामले दर्ज हुए, दो बार जेल गया, ट्रिपल मर्डर और एसपी पर हमले जैसे गंभीर आरोप लगे।

### कांग्रेस पर भी साधा निशाना

गृह मंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, ‘राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा सिर्फ दिखावा है। वे कहते हैं कि घुसपैठियों को यहीं रहने देना चाहिए, लेकिन मैं भरोसा दिलाता हूं कि बिहार में एक भी घुसपैठिया नहीं बचेगा।’ शाह ने कहा कि बिहार में विपक्षी इंडिया गठबंधन अब पूरी तरह बिखर चुका है।

**‘अब न गुंडाराज चलेगा, न भ्रष्टाचार’**

गृह मंत्री ने कहा कि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के ‘जंगलराज’ को बिहार की जनता दो दशकों तक झेल चुकी है। अब बिहार बदल चुका है। अब न गुंडाराज चलेगा, न भ्रष्टाचार। उन्होंने अपील की कि वे आरजेडी के उम्मीदवार ओसामा शहाब को शर्मनाक हार दिलाकर इस विचारधारा को हमेशा के लिए खत्म करें।

- महागठबंधन के सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी ने साधा निशाना

## ‘नीतीश सरकार की योजनाएं नकली इनका मकसद केवल चुनाव जीतना’

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार चुनाव की सरगर्मी के बीच नेता प्रतिपक्ष व राजद नेता तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा में राज्य की जदयू-भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। तेजस्वी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकार उनके संकल्पों और योजनाओं की खुलकर नकल कर रही है, लेकिन असली बदलाव कहीं नहीं दिख रहा। उन्होंने बताया कि सरकार ‘महिला रोजगार योजना’ के तहत महिलाओं से 10 हजार रुपए की वसूली कर रही है, जो महिलाओं के अनुरूप नहीं है और यह समझ से परे है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार की इन नकली योजनाओं का मकसद केवल चुनाव जीतना है, न कि वास्तविक लाभ पहुंचाना।



### ‘जीविका दीदियों का शोषण

तेजस्वी ने जीविका दीदियों की दुर्दशा का जिक्र करते हुए कहा ‘जीविका दीदियों का जितना शोषण हुआ है, उतना शब्दों में कहना मुश्किल है। सरकार उनसे 10 हजार रुपए वसूल रही है। महिलाएं इस रकम से क्या करेंगी, यह समझ से परे है।’ उन्होंने सरकार पर सीधा आरोप लगाया कि जीविका समूहों की महिलाएं सत्ता की ‘वोट बैंक’ बन गई हैं, पर उनके श्रम का सम्मान नहीं हुआ।

**हमारे वादों को किया कॉपी**

तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि उन्होंने जो वादे जनता से किए थे, नीतीश कुमार की सरकार ने उन्हें कॉपी कर लिया। ‘हमने कहा था 200 यूनिट बिजली फ्री देंगे, तो सरकार ने 125 यूनिट फ्री कर दी। हमने कहा था युवाओं को रोजगार देंगे, तो उन्होंने योजना की घोषणा कर दी। पर जनता जानती है कि इन सबकी शुरुआत मैंने की थी।’

---

*पायलट की अगुवाई में महत्वपूर्ण बैठक*

# छत्तीसगढ़ में जल्द घोषित होंगे कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि वे संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ की कार्यवाही में सक्रिय रूप से जुटे हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि जनरल सेक्रेटरी (इंचार्ज) छत्तीसगढ़ सचिन पायलट, एआईसीसी द्वारा छत्तीसगढ़ में नियुक्त किए गए अब्ज़र्वरों और वरिष्ठ नेताओं के साथ “वन-टू-वन” बैठकों का संचालन किया, जिनका उद्देश्य नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति और स्थानीय संगठन का पुनर्गठन है। सूत्रों के अनुसार यह अभियान प्रदेश स्तर पर कांग्रेस के जमीनी स्तर को मजबूत करने और आगामी चुनावों के मद्देनज़र क्षेत्रीय नेतृत्व का पुनर्गठन सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है। अब्ज़र्वर स्थानीय परिस्थितियों, जातीय-सामाजिक संतुलन, कार्यकर्ता-फीडबैक और क्षेत्रीय समीकरणों का मूल्यांकन कर चुनाव योग्य प्रत्याशियों की सिफारिशें तैयार कर रहे हैं। इन सिफारिशों को केंद्र में भेजकर अंतिम नामांकन से पूर्व वरिष्ठ नेतृत्व की मंजूरी ली जाएगी और इसी के लिए के.सी. वेणुगोपाल और सचिन पायलट जैसी हाई-लेवल बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन बैठकें हो रही हैं। जल्द ही छत्तीसगढ़ के लिए नए जिलाध्यक्षों की घोषणा संभावित है।

### संगठन को चुस्त बनाने की कवायद

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य केवल नामों का बदलाव नहीं है, बल्कि जिलास्तरीय नेतृत्व में सामाजिक संतुलन (एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं का प्रतिनिधित्व), क्षेत्रीय संतुलन और प्रदर्शन-आधारित जिम्मेदारियों को लागू कर संगठन को चुस्त बनाना बताया जा रहा है। अन्य राज्यों में इसी मॉडल के तहत नियुक्तियों पर ‘प्रोबेशन’ या कार्यकाल के दौरान मूल्यांकन जैसे प्रयोग भी किये जा रहे हैं, उदाहरण के तौर पर कुछ मीडिया रिपोर्टों में ऐसे नियमों और निगरानी व्यवस्था के प्रयोग का उल्लेख पाया गया है। यह संकेत देता है कि एआईसीसी संगठन सृजन में पारदर्शी और जवाबदेह नियुक्ति की दिशा में कदम उठा रहा है। छत्तीसगढ़ में जिला अध्यक्षों के बदलने से स्थानीय समीकरणों में हलचल की उम्मीद है। नए अध्यक्षों के चयन से माना जा रहा है कि गुटबाजी कम करने और संगठनात्मक समन्वय बढ़ाने की कोशिश होगी। सामाजिक और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व का बेहतर खाली स्थान भरा जा सकेगा (विशेषकर आदिवासी और पिछड़े वर्गों के लिहाज से)।

---

# पाक में टमाटर 600 रुपए किलो

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में टमाटर 600 रुपए किलो में बिक रहा है। यह कीमत पाकिस्तानी रुपए में है। पहले यह 50-100 किलो में बिक रहा था। यानी, कीमतें करीब 400% बढ़ गई है। टमाटर के दाम बढ़ने का कारण अफगानिस्तान के साथ तनाव है। बॉर्डर पर 11 अक्टूबर से चल रहे तनाव की वजह से टोर्कहम और चमन जैसी क्रॉसिंग बंद हैं। इससे व्यापार ठप हो गया है। अफगानिस्तान से आने वाले टमाटर के ट्रक रुके हुए हैं, जिससे कराची, लाहौर और इस्लामाबाद जैसे शहरों में सप्लाई चेन टूट गई। लगभग 5,000 कंटेनर दोनों तरफ फंसे हैं। इसके अलावा टमाटर के दाम बढ़ने की 3 और वजहें हैं। लोकल प्रोडक्शन में नुकसानः खैबर पख्तूनख्वा, बलूचिस्तान और सिंध में बारिश और बाढ़ से फसलें बर्बाद हो गईं। साथ ही मौसम की वजह से पकने में देरी हुई।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

---

# विज्ञापनों पर भड़के ट्रंप कनाडा से ट्रेड डील खत्म

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका ने कनाडा के साथ सभी ट्रेड टॉक्स रद्द कर दी हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओटावा पर गलत तरीके से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन का विज्ञापन प्रसारित करने का आरोप लगाया है। विज्ञापन में रीगन टैरिफ के खिलाफ बोलते हुए नजर आ रहे हैं। इस विज्ञापन को लेकर ट्रंप कनाडा पर बुरी तरह से भड़के हुए हैं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, ‘कनाडा के गलत व्यवहार की वजह से उनके साथ सभी व्यापारिक वार्ताएं समाप्त की जाती हैं।’ कुछ हफ्ते पहले ही कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी और इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं की बातचीत से लग रहा था कि दोनों देशों की रिश्ते बेहतर हो रहे हैं। कनाडा के यूएस टैरिफ की आलोचना वाले विज्ञापन ने ट्रंप को फिर से नाराज कर दिया है।



### सोशल मीडिया पर दी जानकारी

ट्रुथ सोशल पर अपने पोस्ट में ट्रंप ने लिखा है, ‘रोनाल्ड रीगन फाउंडेशन ने अभी घोषणा की है कि कनाडा ने गलत तरीके से एक विज्ञापन का इस्तेमाल किया है। यह विज्ञापन फेक है, जिसमें रोनाल्ड रीगन टैरिफ के बारे में नकारात्मक बातें कह रहे हैं। यह विज्ञापन 75,000,000 डॉलर का था। कनाडा ने ऐसा सिर्फ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट और अन्य अदालतों के फैसले में हस्तक्षेप करने के लिए किया है।’

# सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण कानून पर उठाए सवाल

**कहा- भारत धर्मनिरपेक्ष देश**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों पर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह कानून धर्म परिवर्तन के इच्छुक व्यक्ति के लिए एक कठिन प्रक्रिया प्रस्तुत करता है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया में सरकारी अधिकारियों की संलिप्तता और हस्तक्षेप की ‘स्पष्ट’ प्रकृति पर भी चिंता जताई। यह भी नोट किया गया कि इस मामले में उत्तर प्रदेश धर्मांतरण अधिनियम के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता हमारे विचारणीय क्षेत्र में नहीं आती। फिर भी, हम यह मानने से खुद को नहीं रोक सकते कि धर्मांतरण से पहले और बाद की घोषणा से संबंधित उक्त अधिनियम के प्रावधान एक बहुत ही कठिन प्रक्रिया का परिचय देते हैं जिसका पालन उस व्यक्ति द्वारा किया जाना चाहिए जो अपने धर्म के अलावा कोई अन्य धर्म अपनाना चाहता है।



### यह है मामला

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक सदस्य द्वारा दर्ज कराए गए मामलों में से एक में 35 नामजद और 20 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। यह मामला फतेहपुर के हरिहरगंज स्थित इवेंजेलिकल चर्च ऑफ इंडिया में सामूहिक धर्मांतरण के कथित आयोजन से संबंधित था।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • केमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% छूट
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

रायपुर
शनिवार, 25 अक्टूबर 2025
कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 24, अंक : 96
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 32.7
न्यून. 23.2



3 डोसा खाते हुए पढ़ी अपनी अफवाह

विचार पेज
2 राष्ट्र सेवा के शताब्दी वर्ष में आरएसएस

# छोटी का दावा: मेरी बड़ी बहन ने पिता पर भी लगाया था दुष्कर्म का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आईपीएस रतन लाल डांगी के खिलाफ यौन शोषणा मामले में नया मोड़ आ गया है। आरोप लगाने वाली महिला की छोटी बहन ने अपनी बड़ी बहन को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है। छोटी बहन का दावा है कि उसकी बड़ी बहन शुरू से ही विवादास्पद और झूठे आरोप लगाने वाली रही है। उसने पिता से पैसे मांगे, जब उन्होंने नहीं दिए तो उसने पिता के खिलाफ ही दुष्कर्म के आरोप लगा दिए। साथ ही छोटी बहन और पति के खिलाफ फर्जी एट्रोसिटी एक्ट तथा मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने का आरोप लगाया है।

महिला के छोटी बहन के अनुसार उसकी दीदी ने साल 2003 में कोरबा, पसान थाना में पिता के खिलाफ दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज कराया था। महिला की बहन के अनुसार उसकी दीदी ने वर्ष 2011 में बालको थाना में उसके तथा पति के खिलाफ मारपीट तथा एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया था। महिला की बहन के अनुसार आईपीएस पर आरोप लगाने वाली उसकी दीदी शुरू से ही झगड़ालू और आपराधिक प्रवृत्ति की रही है। पीड़ित बहन ने बताया कि जब वह महज सातवीं कक्षा में पढ़ रही थी, तभी बहन ने पिता से पैसों की मांग की थी। पैसे नहीं मिलने पर उसने पिता के खिलाफ ही दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज करा दिया। बहन ने बताया कि इसके बाद महिला के कई अफेयर रहे और शादी के बाद उसने अपने एसआई पति के साथ भी लगातार झगड़े किए, मारपीट की और आत्महत्या करने कोशिश की। इस पूरे मामले को लेकर कोरबा पुलिस पूर्व की शिकायतों की जांच के बाद आगे कार्रवाई करने की बात कह रही है।

हरिभूमि फॉलोअप

- आईपीएस डांगी मामले में नया पेंच
- बहन ने कहा, हमें भी नहीं छोड़ा
- बड़ी बहन शुरू से ही विवादास्पद और झूठे आरोप लगाने वाली रही


अफसर ने कहा-महिला फंसा रही, ब्लैकमेल कर रही, डीजीपी को लिखी चिट्ठी
यौन प्रताड़ना के आरोप में फंसे आईपीएस
एसआई की पत्नी के आरोप पर जांच

### डांगी ने कहा- झूठे आरोप से मानसिक आघात

महिला की छोटी बहन के बयान सामने आने के बाद हरिभूमि ने आईपीएस रतन लाल डांगी से संपर्क किया। अफसर के अनुसार महिला की छोटी बहन का जो बयान सामने आए हैं उसके मुताबिक उन पर लगाए गए आरोप झूठे हैं। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा पूरे मामले को गैर जिम्मेदाराना पूर्वक तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। आईपीएस अफसर ने कुछ लोगों पर छवि धूमिल करने कोशिश करने का आरोप लगाया है। अफसर के अनुसार झूठी और भ्रामक रिपोर्टों के कारण वे स्वयं तथा उनका परिवार गहरे मानसिक आघात से गुजर रहा है। विशेषकर पत्नी व्यथित और मानसिक रूप से आहत है। अफसर के अनुसार उनका रिकॉर्ड हमेशा निष्कलंक रहा है, और महत्वपूर्ण पदों के लिए अग्रणी अधिकारियों में रहा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मुठभेड़ में मारा गया एक लाख का इनामी बदमाश



**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी कुख्यात बदमाश मारा गया। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार रात को हुई मुठभेड़ में मारा गया कुख्यात बदमाश लखनऊ में मारे गए माफिया सरगना संजीव माहेश्वरी "जीवा" गिरोह का सदस्य था।

### दिल्ली हवाईअड्डे से सात करोड़ की ड्रग्स बरामद

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर दो भारतीय पुरुष यात्रियों के पास से सात करोड़ रुपये से ज़्यादा की कीमत का नशीला पदार्थ ज़ब्त किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि इन लोगों को सोमवार को थाईलैंड के बैंकॉक से आने के बाद रोका गया। उनके निजी सामान और अन्य समानों का एक्स-रे से निरीक्षण किया जिसके बाद मादक पदार्थ बरामद हुआ। ज़ब्त किए गए पदार्थ की कीमत लगभग 7.21 करोड़ रुपये है।

### तरनतारन उपचुनाव के लिए 15 प्रत्याशी मैदान में



**चंडीगढ़।** तरनतारन विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए नामांकन वापसी के आखिरी दिन कुल 15 उम्मीदवार मैदान में बचे हैं। चुनाव 11 नवंबर को होना है।पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद 20 नामांकन वैध पाए गए। पांच नामांकन वापस लेने के बाद चुनाव मैदान में कुल 15 उम्मीदवार बचे हैं।

### माकपा नेता का शव पार्टी कार्यालय में मिला

**कोच्चि।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की स्थानीय समिति के पूर्व सचिव एर्नाकुलम जिले के एक कस्बे में स्थित पार्टी कार्यालय के अंदर मृत पाए गए। मृतक की पहचान उदयमपेरूर के मनक्कुन्नम निवासी पंकजाक्षन (65) के रूप में हुई है। प्राथमिकी के अनुसार, पंकजाक्षन को सुबह करीब आठ बजे माकपा के कार्यालय के अध्ययन कक्ष में छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया।

### 109 करोड़ की ड्रग्स जब्त, 26 विदेशी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में मादक पदार्थ निर्माण और वितरण नेटवर्क को ध्वस्त कर लगभग 109 करोड़ रुपये मूल्य का प्रतिबंधित सामान जब्त किया है तथा 26 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

बिहार में मोदी ने दिया नारा-नई रफ्तार से चलेगा बिहार, जब फिर आएगी एनडीए सरकार

# जमीन लिखवाने वाले कभी नौकरी नहीं देंगे, नाम सुनकर भाग जाएंगे निवेशक

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के चुनाव प्रचार की शुरुआत कर दी है। मोदी ने नारा दिया कि नई रफ्तार से चलेगा बिहार, जब फिर आएगी एनडीए सरकार। मोदी ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का बिना नाम लिए कहा कि लोगों को याद रखना है कि राजद और कांग्रेस का नाम सुनकर ही निवेशक भाग जाते हैं। जो नौकरी के नाम पर जमीन लिखवाते हैं वो नौजवानों को कभी नौकरी नहीं देंगे ऐसे लोगों से सतर्क रहना है।*

एजेंसी ▶▶| समस्तीपुर

मोदी ने कहा ये लोग जननायक कर्पूरी ठाकुर की उपाधि चुरा रहे हैं। बता दें कि कांग्रेस और राजद के नेता राहुल और तेजस्वी को जननायक कहने लगे हैं। मोदी ने राजद के जंगलराज की याद दिलाई और एनडीए सरकार के कामकाज का ब्यौरा देते हुए फिर से एनडीए सरकार बनाने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि 50 लाख रोजगार का मौका बना है बिहार में। आने वाले पांच सालों में इससे भी अधिक रोजगार बने, ये संकल्प लेकर एनडीए चल रहा है। मोदी ने कहा कि बेगूसराय अब टेक्स्टाइल हब बनेगा। यहां बड़े-बड़े शोरूम खुल रहे हैं। बरौनी रिफाइनरी में हजारों करोड़ का निवेश किया और यहां अब पेट्रोकेमिकल्स प्लांट बन रहा है। इससे छोटे उद्योग लगेंगे। रोजगार मिलेगा। मोदी ने समस्तीपुर और बेगूसराय में दो रैलियों को संबोधित किया।



### राजद ने बिहार को दिया पलायन का अभिशाप

पीएम ने कहा कि बरौनी का खाद कारखाना जंगलराज में बंद हो गया था। इसके लिए गैस की जरूरत थी, गैस बिहार में नहीं थी। हमने गैस लाने की योजना बनाई। पश्चिम बंगाल से बिहार के लिए पाइपलाइन बिछाई ताकि नौजवानों को रोजगार मिल सके और किसानों को खाद मिल सके। राजद ने बिहार को पलायन का अभिशाप दिया। उन्होंने लालू यादव के परिवार को सबसे भ्रष्ट बताया।

### महागठबंधन नहीं, महालठबंधन है यह : मोदी



राजद पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि इन लोगों ने जेएमएम को पटक दिया। लेफ्ट के दल को लटका दिया। एआईएमआईएम को झटक दिया। मोदी ने महागठबंधन में एक-दूसरे की खाल खींचने का आरोप लगाया और कहा कि ये महालठबंधन है। इसमें झटक दल है, लटक दल है, पटक दल है। मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने जंगलराज को सुशासन में बदला और अब सुशासन को समृद्धि में बदलने का समय है।



### हर हाथ में जब लाइट तो लालटेन की क्या जरूरत

मोदी ने समस्तीपुर की तरह बेगूसराय में भी लोगों से मोबाइल फोन निकालकर लाइट जलाने कहा और फिर कहा कि जब लाइट है तो लालटेन की क्या जरूरत है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में मोबाइल फोन बनाने की सिर्फ दो फैक्ट्री थी, आज 200 से ज्यादा फैक्ट्रियां हैं। मोबाइल फोन सस्ता हुआ है। डेटा भी सस्ता हुआ है। युवाओं को कंटेंट बनाने का नया मार्केट मिला है। एनडीए की विजय को रिकॉर्ड बनाएं मोदी ने कहा कि एनडीए की विजय का नया रिकॉर्ड बने, इस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना है। आप जब घर-घर जाएं तो बताना कि मोदी जी बिहार आए थे और मोदी ने सबको छठ महापर्व की शुभकामनाएं भेजी हैं। पीएम मोदी ने 6 नवंबर को बेगूसराय में मतदान का जिक्र किया और सभा में मौजूद लोगों से उनकी बात घर-घर पहुंचाने और एनडीए सरकार बनाने की अपील की।

## कोई हड़बड़ी नहीं, बंदूक की नोक पर समझौता नहीं करते : गोयल

- यूएस से डील पर भारत की दो टूक



एजेंसी ▶▶| बर्लिन

कॉमर्स और इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने भारत और अमेरिका ट्रेड डील पर बड़ा बयान दिया है। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि भारत जल्दबाजी में या सिर पर बंदूक तानकर व्यापार समझौते नहीं करता। जर्मनी में बर्लिन डायलॉग में उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ हमारी बातचीत जारी है। अमेरिका से बात कर रहे हैं, लेकिन हम जल्दबाजी में सौदे नहीं करते और न ही समय सीमा तय करके या बंदूक तानकर डील करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत यूरोपीय संघ और अमेरिका समेत देशों और क्षेत्रों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत जल्दबाजी में किसी भी व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करेगा और न ही अल्पकालिक लाभ के लिए अपने दीर्घकालिक आर्थिक हितों से समझौता करेगा।

### अमेरिका संग वार्ता में हुई प्रगति

एक दिन पहले गोयल ने कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते की बातचीत अच्छे ढंग से चल रही है। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि दोनों पक्ष जल्द ही एक निष्पक्ष और संतुलित समझौते पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा था, हम अमेरिका के साथ लगातार संवाद में हैं। हाल ही में वाणिज्य सचिव अमेरिका गए और उन्होंने अमेरिकी समकक्षों से मुलाकात की। बातचीत प्रगति पर है।

### हमारा लक्ष्य तात्कालिक उद्देश्यों को पूरा करना नहीं

गोयल ने कहा, बहुत ही अल्पकालिक संदर्भ में यह इस बारे में नहीं है कि अगले 6 महीनों में क्या होने वाला है। यह केवल अमेरिका को स्टील बेचने की बात नहीं है। व्यापार वार्ताओं के प्रति भारत का दृष्टिकोण दीर्घकालिक दृष्टिकोण से प्रेरित है, न कि तात्कालिक व्यापार लक्ष्यों को पूरा करने के दबाव से। व्यापारिक समझौते लंबी अवधि के लिए होते हैं। यह सिर्फ टैरिफ का मामला नहीं है, बल्कि विश्वास और संबंधों का भी मामला है।

## सोनोग्राफी मशीन साल भर बाद भी बंद, विधायक ने कहा था नकली मशीन, अब जांच करने के निर्देश

- जिला अस्पताल से तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजी गई थी मशीन
- अस्पताल में पहुंचने वाले लोगों को नहीं मिल रही है सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

साल भर पहले जिला अस्पताल से सोनोग्राफी मशीन तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य भेजी गई, लेकिन मशीन कभी शुरू नहीं हो सकी, जिसके चलते तखतपुर क्षेत्र के गर्भवती महिलाओं को शहर आना की मुसीबत झेलनी पड़ रही है। इसे लेकर विधानसभा में पत्र उठने के बाद शुक्रवार को केन्द्रीय भंडारण उप संचालक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा मशीन के जांच करने के आदेश सीएमएचओ को दिए गए है। खास बात यह है कि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने मशीन को नकली बताया था, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

कोविड काल के दौरान स्वास्थ्य विभाग में मनमाने तरीके से खरीदी की गई है, इसकी परते अब खुलने लगी है। साल 2021 में सीएमएचओ कार्यालय द्वारा खरीदे गए और जिला अस्पताल में दो साल तक पड़ी ▶▶|शेष पेज 5 पर

### यह था मामला

सूत्रों के अनुसार जिस मशीन को तखतपुर भेजा गया है, वह लोकल कंपनी का इंडिया मेड मशीन है। जिसे साल 2020-2021 में सीएमएचओ बिलासपुर कार्यालय द्वारा 12 लाख रूपए में खरीदा गया था। इस मशीन को कोविड काल के दौरान सीधे जिला अस्पताल भेजवा दिया गया था, जबकि इसकी जरूरत ही नहीं थी। साल 2024 में तत्कालीन कलेक्टर को जनदर्शन के दौरान तखतपुर में सोनोग्राफी मशीन लगाने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ, जिसके बाद टीएल के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से चर्चा कर मशीन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान जिला अस्पताल के सिविल सर्जन द्वारा अस्पताल में नई मशीन होने की जानकारी दी और अधिकारियों ने तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए मशीन भेजवा दी, लेकिन यह इंस्टालेशन के बाद से ही बंद है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार यह पूरी तरह से कंडम है और इसके बनवाने में ही 3 लाख रूपए खर्च हो सकते हैं।

### जानकारी में आया है प्रकरण

मेरी जानकारी में हाल ही में यह प्रकरण आया है, पत्र प्राप्त होने के बाद इस संबंध में परीक्षण किया जाएगा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कोविड के दौरान यह मशीन आई थी। बाकी परीक्षण के बाद ही जानकारी दी जा सकेगी।
-डॉ शुभा गरेवाल, सीएमएचओ, बिलासपुर

## जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा की तीन सीटें नेकां ने, एक भाजपा ने जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जम्मू

- फरवरी 2021 में खाली हुई थीं सीटें

जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार को राज्यसभा की चार सीटों के लिए चुनाव हुए। तीन सीटें नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जीत ली हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार चौधरी मुहम्मद रमजान, सज्जाद किचलू और शमी ओबेरॉय जीत गए हैं। एक सीट भाजपा के सत शर्मा ने जीती है। इससे पहले आज सुबह विधानसभा परिसर में वोटिंग हुई।



### 88 में से 86 विधायकों ने वोटिंग की

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 90 सीटें हैं। बडगाम सीट से उमर अब्दुल्ला के इस्तीफे और नगरोटा सीट पर भाजपा के देविंदर राणा के निधन के कारण दो सीटें खाली हैं। इस तरह में कुल 88 विधायक हैं। इनमें से 86 विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में वोटिंग की।

### भाजपा के पक्ष में क्रॉस वोटिंग

*सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों और निर्दलीय विधायकों, खासकर शेख खुर्शीद और शब्बीर कुली के दावों को देखते हुए बीजेपी के एक भी सीट जीतने की संभावना नहीं थी। गठबंधन के पास तीसरी और चौथी सीट के लिए 29-29 वोट, जबकि बीजेपी के पास अपने उम्मीदवार के लिए 28 वोट थे। भाजपा की एक सीट पर जीत से यह तय हो गया है कि उसके पक्ष में क्रॉस वोटिंग हुई है।*

कुनार नदी पर बांध बनाएगा तालिबान

## भारत के बाद अफगानिस्तान भी रोकेगा पाकिस्तान का पानी

एजेंसी ▶▶| काबुल

भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की पानी की आपूर्ति रोकने की तैयारी में है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने कहा है कि वो कुनार नदी पर बिना देरी के बांध का निर्माण शुरू करेगी। ये नदी अफगानिस्तान से निकलकर पाकिस्तान में बहती है और पानी की आपूर्ति का एक बड़ा स्रोत है। तालिबान के जल मंत्री ने कहा कि अफगानों को अपने जल संसाधनों के पूर्ण इस्तेमाल का अधिकार है।



### पाकिस्तान पर क्या होगा असर?

कुनार नदी पाकिस्तान के चित्राल से निकलकर अफगानिस्तान से होते हुए करीब 300 मील बहने के बाद दोबारा पाक में लौटती है और काबुल नदी से मिल जाती है। पाक इसके पानी का इस्तेमाल खैबर पख्तूनख्वा में सिंचाई और बिजली उत्पादन के लिए करता है। खासकर सर्दियों में यहां की 17 प्रतिशत खेती अफगान की जमीन से आने वाले पानी पर टिकी है।

प्रॉपर्टी से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

## नाबालिग की संपत्ति बेची तो वह बालिग होने पर सौदा कर सकता है रद्द

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिगों से जुड़े संपत्ति मामले में अहम फैसला सुनाया है। देश के शीर्ष न्यायालय ने नाबालिगों से जुड़े संपत्ति लेनदेन से जुड़े एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि अगर किसी नाबालिग की संपत्ति उसके माता-पिता या अभिभावक कोर्ट की अनुमति के बिना बेच देते हैं, तो बालिग होने के बाद वह उस सौदे को सिर्फ आचरण से भी अस्वीकार कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब कोई नाबालिग वयस्क हो जाता है, तो वह अपने अभिभावक के संपत्ति के हस्तांतरण को अपने स्पष्ट और निर्विवाद प्रवर्तन से अस्वीकार कर सकता है। इसके लिए उसे कोर्ट में मुकदमा दर्ज ▶▶|शेष पेज 5 पर

### बालिग होने के बाद बिकी संपति ले सकता है वापस

यह फैसला जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने केएस शिवप्पा बनाम श्रीमती के नीलाम्मा मामले में सुनाया। सात अक्टूबर को दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब कोई नाबालिग वयस्क हो जाता है, तो वह अपने अभिभावक के संपति के हस्तांतरण को अपने स्पष्ट और निर्विवाद प्रवर्तन से अस्वीकार कर सकता है। जैसे कि उस संपत्ति को स्वयं बेच देना या किसी और को स्थानांतरित कर देना।



### पीठ ने हिन्दू संरक्षकता अधिनियम का दिया हवाला

सवालों के जवाब देने के लिए, पीठ ने हिन्दू अप्राप्तवयता संरक्षकता अधिनियम, 1956 की धारा सात और आठ का हवाला दिया। बेंच ने कहा कि नाबालिग के स्वाभाविक अभिभावक को अदालत की पूर्व अनुमति के बिना नाबालिग की अचल संपत्ति ▶▶|शेष पेज 5 पर

### जानें क्या है पूरा मामला

दरअसल मामला कर्नाटक के दावणगेरे के शामनूर गांव में दो समीपवर्ती भूखंडों संख्या 56 और 57 से जुड़ा था। मूल रूप से 1971 में रुद्रप्पा नाम के व्यक्ति ने अपने तीन नाबालिग बेटों, महारुद्रप्पा, बसवराज और मुंगेशप्पा के नाम पर खरीदा था। जिला अदालत से पूर्व अनुमति लिए बिना, रुद्रप्पा ने ये प्लॉट जयदेवम्मा को बेच दिए। नाबालिगों के वयस्क होने के बाद स्वामित्व का दावा करते हुए दायर किया गया दीवानी मुकदमा अंततः कर्नाटक हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया।

चिंतन

# भारत ने अमेरिका को दे दिया दो टूक जवाब

कौन भूल सकता है उन दिनों को जब भारत को भिखारियों, सपेरों और काले जादू का देश कहा जाता था। 1947 में आजादी के बाद उपनिवेश की परछाई से निकल कर दुनिया में एक अलग हैसियत हासिल करने के लिए लंबे संघर्ष, कड़ी मेहनत और बड़े हौसले की एक खास कहानी है। वो समय था जब भारत के बारे में भविष्यवाणी की गई थी कि इसका ढहना तय है, वह आज ग्लोबल जियो और इकोनॉमिक पॉलिटिक्स का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। वो अब दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। आजादी के समय 2.7 लाख करोड़ रुपये वाली जीडीपी अब चार ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन चुकी है। जिस विशाल आबादी को बोझ समझा जा रहा था, उसी की बदौलत तरक्की की ऐसी रफ्तार मिली, जो कोरोना महामारी और युद्धों के बीच भी थमी नहीं। महामारी के दौरान पूरी दुनिया हमारी दवाओं पर निर्भर थी। देश की विकास यात्रा की कहानी बताने वाले आंकड़ों को देखकर दुनिया हैरान है। विश्व में सबसे तेज विकास दर, ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17 फीसदी का योगदान। आयात से आत्मनिर्भरता और निर्यात की ओर बढ़ते कदम। पिछले एक दशक में एक्सपोर्ट में 76 फीसदी से भी ज्यादा वृद्धि और सर्विस एक्सपोर्ट करीब दोगुना। इंजीनियरिंग के सामानों, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाओं या खाने-पीने तक ही नहीं अब दूसरे देश हमसे हथियार भी खरीद रहे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने 80 देशों को 2.76 बिलियन डॉलर के हथियार बेचे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय हथियारों की ताकत दिखाई है। उससे भी बड़ा बदलाव आया है। अनेक देश हमारे हथियारों को पाने को लालायित हैं। हालात ये हैं कि सभी वैश्विक मंचों पर हमारी बात को न केवल गंभीरता से सुना जाता है बल्कि अमल किया है। भारत का रुख दुनिया पर असर डालने वाले भू-राजनीतिक मुद्दों की दिशा तय करने की ताकत रखता है। जो देश 2047 तक विकसित मुल्कों की कतार में खड़ा होने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा हो और कोई चाहे कि उसे डराकर, धमकाकर झुकाया जा सकता है तो ये कोरे पागलपन के अलावा कुछ नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। शुक्रवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसका दो टूक जवाब भी दे दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारत पर कोई भी देश, खासकर अमेरिका, व्यापारिक समझौते के लिए दबाव नहीं बना सकता। हम बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन किसी भी डेडलाइन या दबाव में निर्णय नहीं होगा। गोयल ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में कहा कि हम अमेरिका से बातचीत कर रहे हैं, लेकिन हम जल्दबाजी में सौदे नहीं करते और न ही किसी के सिर पर बंदूक रखकर डील करते हैं। भारत की नीति दीर्घकालिक सोच पर आधारित है, न कि क्षणिक दबाव पर। भारत लंबी सोच रखता है। हम किसी दबाव या जल्दबाजी में निर्णय नहीं लेते। अगर हम पर टैरिफ लगाया गया है तो हम उससे निपटने के नए तरीके ढूंढ रहे हैं। नए बाजार तलाश रहे हैं। केंद्रीय मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ट्रंप लगातार बोल रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ऐसा कुछ नहीं है। भारत ने अमेरिकी टैरिफ से निपटने के उपाय कर लिए हैं। अब वो भारत नहीं है, जिसे किसी तरह के दबाव में झुकाया जा सके। नया भारत अपनी राह खुद बना रहा है, वो अपने फैसले भी खुद करेगा। अब ये दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है, जो अपनी शर्तों पर चलता है। कोई सात समंदर दूर बैठकर इसे डरा-धमका नहीं सकता।



दृष्टिपात
अरविंद जयतिलक

# राष्ट्र सेवा के शताब्दी वर्ष में आरएसएस

आरएसएस के सौ साल की यात्रा पर दृष्टिपात करें तो उसकी भूमिका और व्यापकता की सार्थकता जितना स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति समर्पण की रही है, उतना ही स्वतंत्रता के उपरांत भारत राष्ट्र को गढ़ने को लेकर रही है। आजादी दिलाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अहम भूमिका रही है। आजादी की जंग के दौरान संघ के संस्थापक डा. केशव राव बलिराम हेडगवार ने हर एक स्वयंसेवक को शाखा के बाद किसी भी पार्टी से जुड़कर आजादी की लड़ाई में योगदान करने को प्रेरित किया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य संपूर्ण समाज को संगठित कर हिंदू जीवन दर्शन के प्रकाश में समाज का सर्वांगीण विकास करना है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपना शताब्दी वर्ष पूरा कर चुका है। अपने सौ वर्ष के कालखंड में आरएसएस ने भारत राष्ट्र की महान सेवा की है। सेवा-समर्पण की उसकी सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी यात्रा रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है कि विश्व इतिहास में शायद ही कोई ऐसा संगठन हो जिसकी सांस्कृतिक चेतना इतनी विशाल और मानवतावादी हो। अपने सौ साल की यात्रा में आरएसएस ने साबित किया है कि उसका दृष्टिकोण जितना राष्ट्रवादी है, उतना ही मानवातावादी भी। उसकी चेतना के दायरे में सिर्फ भारत राष्ट्र ही नहीं बल्कि समस्त विश्व भी है जिसे वह अपना कुटुम्ब समझता है। आरएसएस के सौ साल की यात्रा पर दृष्टिपात करें तो उसकी भूमिका और व्यापकता की सार्थकता जितना स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति समर्पण की रही है, उतना ही स्वतंत्रता के उपरांत भारत राष्ट्र को गढ़ने को लेकर रही है। आजादी दिलाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अहम भूमिका रही है। आजादी की जंग के दौरान संघ के संस्थापक डा. केशव राव बलिराम हेडगवार ने हर एक स्वयंसेवक को शाखा के बाद किसी भी पार्टी से जुड़कर आजादी की लड़ाई में योगदान करने को प्रेरित किया था। जब 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरु हुआ तब उन्होंने इसे संपूर्ण समर्थन दिया और स्वयं सत्याग्रह में भाग लेकर 9 मास का सश्रम कारावास काटा। उनके निर्देश पर संघ के स्वयंसेवक आजादी की लड़ाई के संवाहक बने और ब्रिटिश हुकुमत की बर्बरता को सहा भी। डा0 साहब के सिद्धांतों पर चलते हुए संघ के दूसरे सरसंघ चालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जिन्हें गुरुजी भी कहा जाता है, ने भी स्वयंसेवकों को जंग में कूद पड़ने के लिए आह्नान किया।

उन्होंने 1942 में संघ के एक कार्यक्रम में कहा भी कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत छोड़ो आंदोलन का सहभागी है। जब कांग्रेस के नेता गिरफ्तार कर लिए गए और आंदोलन भटकाव के मोड़ पर आ गया उस दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने ब्रिटिश हुकुमत की क्रूरता की परवाह किए बिना आंदोलन की कमान अपने हाथों में ले लिया। यही नहीं, संघ के स्वयंसेवक विदर्भ क्षेत्र के कई जिलों में अंग्रेजी हूकुमत को उखाड़ फेंका। 1942 के आंदोलन की सहभागी रही अरुणा आसफ अली ने तब दैनिक समाचार पत्र हिंदुस्तान को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा भी कि आंदोलन के दिशाहीन होने पर दिल्ली के संघ के प्रांत संघचालक हंसराज गुप्ता ने अपने घर में मुझे शरण दी और सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किया। देश जानना चाहता है कि फिर धर्मनिरपेक्षता के ठेकेदार किस मुंह से आजादी की जंग में राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ की अप्रतिम भूमिका की अनदेखी कर रहे हैं? जानना आवश्यक है कि संघ के स्वयंसेवकों ने अक्टुबर 1947 से ही कश्मीर सीमा पर पाकिस्तानी सेना की गतिविधियों पर बगैर किसी प्रशिक्षण के लगातार नजर रखी। यह काम न तो नेहरु-माउंटबेटन सरकार कर रही थी और न ही हरि सिंह की सरकार। जब पाकिस्तानी सेना ने कश्मीर पर कबायली आक्रमण किया तब भारतीय सैनिकों के साथ सैकड़ों स्वयंसवेकों ने भी अपनी शहादत दी। यह तथ्य है कि कश्मीर के महाराजा हरि सिंह कश्मीर का भारत में विलय को लेकर असमंजस में थे। तब सरदार पटेल ने गुरु गोलवरकर से



मदद मांगी। गुरुजी कश्मीर के महाराजा से मिले और उसके बाद ही महाराजा ने कश्मीर के भारत में विलय का प्रस्ताव दिल्ली भेजा। जब भारत विभाजन के दंगे भड़के और नेहरु सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी थी उस दौरान स्वयंसेवकों ने पाकिस्तान से जान बचाकर आए लाखों शरणार्थियों के लिए शिविर लगाए।

बेहतर होगा कि संघ के आलोचक इस सच्चाई को समझें कि राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ एक राष्ट्रवादी सामाजिक संगठन है और अपनी स्थापना 27 सितंबर, 1925 से ही भारतवर्ष की सेवा कर रहा है और अपने राष्ट्रवादी विचारों से भारत को पुष्ट कर रहा है। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी 40 हजार से अधिक शाखाओं के माध्यम से देश के प्रत्येक राज्य और प्रत्येक जिले में सामाजिक व सांस्कृतिक कार्य कर रहा है। जंगल झाड़ में रह रहे आदिवासियों के सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षिक उद्धार के लिए कार्य कर रहा है। संघ के लाखों स्वयंसेवक उपेक्षा, उपहास, विरोध और अवरोध के बावजूद भी अपने सामाजिक-सांस्कृतिक लक्ष्यों की ओर अग्रसर हैं। हर देश का समाज राष्ट्र की उन्नति के लिए कुछ व्यवस्थाएं खड़ी करता है। सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों को जन्म देता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी उसी तरह एक देशव्यापी देशभक्त, अनुशासित चरित्रवान व निःस्वार्थ सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन है। उसकी शाखाएं राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है जहां स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय व सामाजिक गुणों से लैस किया जाता है। संघ के अनेकों संगठन मसलन सेवा भारती, विद्या भारती, स्वदेशी जागरण मंच, हिंदू स्वयंसेवक संघ, भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और भारतीय किसान संघ अपने कार्यों से देश की रचनात्मक विकास में योगदान दे रहे हैं। सच तो यह है कि संघ की उपस्थिति और उसकी भूमिका भारतीय समाज के हर क्षेत्र में 1925 से ही महसूस किया जा रहा है।

उदाहरण के तौर पर सन् 1962 के भारत-चीन युद्ध में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु संघ की भूमिका से इतने अधिक प्रभावित हुए कि उन्होंने संघ को 1963 के गणतंत्र दिवस की परेड में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। सिर्फ दो दिनों की पूर्व सूचना पर तीन हजार से भी ज्यादा राष्ट्रभक्त स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में वहां उपस्थित हो गए। पाकिस्तान से युद्ध के समय लालबहादुर शास्त्री को भी संघ याद आया था। उन्होंने संघ से आग्रह किया कि कानून व्यवस्था संभालने में मदद करे और दिल्ली की यातायात का नियंत्रण अपने हाथ में ले। यही नहीं, घायल जवानों को जब रक्त की जरूरत पड़ी स्वयंसेवक आगे बढ़कर रक्तदान किए। भारत-पाक युद्ध के दौरान संघ के स्वयंसेवक कश्मीर की हवाई पट्टियों से बर्फ हटाने का काम किए। आरएसएस को लेकर गांधी जी की सोच व्यापक सकारात्मक और श्रद्धापूर्ण थी। गौर करें तो इन 100 सालों में संघ अपने ऊपर लगने वाले आरोपों को झूठा साबित करने में सफल रहा है। संघ के इतिहास और विचारधारा पर फब्तियां कसने वाले लोगों को जानना चाहिए कि संघ के संस्थापक डा. केबी हेडगेवार उन गिने-चुने क्रांतिकारियों में से एक थे, जिन्होंने तत्कालीन ब्रिटिश शासन से भारत की मुक्ति के लिए संघर्ष किया। आजादी के दौरान या बाद कभी भी कोई ऐसा पुख्ता सुबूत देखने को नहीं मिला, जिसको लेकर यह दावा किया जाए कि संघ का आचरण राष्ट्रहित के खिलाफ रहा है। समाजवाद का ठेका उठा रखे छद्म समाजवादियों को भी ज्ञात होना चाहिए कि 1966 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने कठिन परिश्रम और कार्यकुशलता के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भरपूर तारीफ की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य संपूर्ण समाज को संगठित कर हिंदू जीवन दर्शन के प्रकाश में समाज का सर्वांगीण विकास करना है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. विवेक बाल्याण



# जम्मू-कश्मीर के अधिमिलन से स्वतंत्र भारत को मिला आकार

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की गाथा केवल अंग्रेज़ों के विरुद्ध संघर्ष तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें उन सैकड़ों रियासतों का योगदान भी शामिल है जिन्होंने स्वतंत्र भारत के भविष्य को आकार दिया। इनमें सबसे संवेदनशील और निर्णायक अध्याय रहा-जम्मू-कश्मीर रियासत के भारत में अधिमिलन का। ब्रिटिश संसद ने 18 जुलाई 1947 को भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित किया, जिसके अनुसार 15 अगस्त 1947 से भारत और पाकिस्तान दो नए डोमिनियन बने। इस अधिनियम के अनुसार 562 रियासतों को यह अधिकार दिया कि वे चाहें तो भारत या पाकिस्तान में विलय कर सकती हैं । अधिकांश रियासतों ने सहज रूप से भारत का अंग बनने का निर्णय लिया, लेकिन जम्मू कश्मीर का मामला जटिल और विवादास्पद बना दिया गया। जम्मू कश्मीर की भौगोलिक स्थिति, सामरिक महत्व, मुस्लिम बहुल जनसंख्या और हिंदू शासक की उपस्थिति, इन सबने इसे ब्रिटिशों की "डिवाइड एंड रूल" नीति का केंद्र बना दिया। महाराजा हरि सिंह को धार्मिक असमानता के कारण अक्सर संदेह की दृष्टि से देखा गया, जबकि उन्होंने कभी अपनी प्रजा के साथ भेदभाव नहीं किया। जम्मू-कश्मीर के अंतिम डोंगर शासक महाराजा हरि सिंह कभी भी स्वतंत्र रहना नहीं चाहते थे। वे भारत की प्रगति में सहभागी बनना चाहते थे और अपनी रियासत का सुरक्षित और उज्जवल भविष्य भारत के साथ ही देखते थे। किंतु कुछ पाकिस्तान समर्थक ताकतों और शेख अब्दुल्ला के 'कश्मीर छोड़ो' आंदोलन ने स्थिति को कठिन बना दिया। इस आंदोलन के चलते राज्य में अराजकता फैली और शांति व्यवस्था भंग हुई। शेख अब्दुल्ला का आंदोलन कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा भी समर्थन प्राप्त कर रहा था। नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता अब्दुल्ला को ब्रिटिशों से स्वतंत्रता नहीं, बल्कि राजशाही से सत्ता छीननी थी। आंदोलन असफल रहा, और अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर तीन साल की सजा दी गई। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का शेख अब्दुल्ला के प्रति झुकाव किसी से छिपा नहीं था। जब अब्दुल्ला जेल में थे, नेहरू ने महाराजा पर दबाव बनाया कि उन्हें रिहा किया जाए और सत्ता सौंपी जाए। उन्होंने यहां तक कहा कि भारत तभी जम्मू-कश्मीर का अधिमिलन स्वीकार करेगा, जब शेख अब्दुल्ला को सत्ता दी जाएगी। इतिहासकारों का मानना है कि यह शर्त पूरी तरह अनुचित थी। महाराजा हरि सिंह उस समय पाकिस्तान समर्थित जनजातीय आक्रमणों के खतरे से जूझ रहे थे। मगर नेहरू की जिद के चलते अधिमिलन का निर्णय विलंबित हुआ और पाकिस्तान को मौका मिल गया कि वह जम्मू-कश्मीर पर हमला कर सके और हुआ भी वैसे ही। 22 अक्टूबर 1947 को पाकिस्तानी सेना ने कबायलीयों के रूप में जम्मू कश्मीर के मुज़फ्फरबाद से सीमा पार की और श्रीनगर तक पहुँचने लगे। इस गंभीर स्थिति में गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने निर्णायक भूमिका निभाई। वे पहले से ही सभी रियासतों के भारत में एकीकरण की प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने महाराजा हरि सिंह को स्पष्ट संदेश भेजा-"जम्मू-कश्मीर का भविष्य भारत के साथ है, और भारत आपकी हर संभव सहायता करेगा।" अंततः 26 अक्टूबर 1947 को महाराजा हरि सिंह ने भारत सरकार को सहायता के लिए पत्र लिखा और 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ़ एक्सेशन' (अधिमिलन पत्र) पर हस्ताक्षर किए। अगले ही दिन, 27 अक्टूबर 1947 को गवर्नर-जनरल लॉर्ड माउंटबैटन ने इसे स्वीकार किया और भारतीय सेना को श्रीनगर भेजा गया। बड़गाम की लड़ाई में भारतीय सेना ने आक्रमणकारियों को पीछे धकेला। इस प्रकार जम्मू-कश्मीर कानूनी, संवैधानिक और सैन्य रूप से भारत का अभिन्न अंग बन गया। हालाँकि अधिमिलन पूर्ण और वैध था, लेकिन बाद की राजनीति ने हालात को जटिल बना दिया। शेख अब्दुल्ला और नेहरू के संबंधों के चलते भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 लागू हुआ, जिसने जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण में बाधा पैदा करना का काम किया। इसका परिणाम यह हुआ कि राज्य में भारत का संविधान पूर्ण रूप से लागू नहीं हो पाया और अलगाववादी सोच को बढ़ावा मिला। 26 अक्टूबर 1947 का यह ऐतिहासिक निर्णय हमें याद दिलाता है कि जब राष्ट्रहित सर्वोपरि हो और नेतृत्व दृढ़ संकल्पित हो, तब कोई शक्ति भारत की एकता को तोड़ नहीं सकती। आज जब जम्मू-कश्मीर नई दिशा में बढ़ रहा है, तब यह स्वीकार करना ही होगा कि सत्य वही था जिसे महाराजा हरि सिंह और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दशकों पहले पहचाना था। इसलिए 26 अक्टूबर के ऐतिहासिक दिन को याद रखना आज भी अत्यंत आवश्यक है और इसे जम्मू-कश्मीर दिवस कहा जाना उतना ही उचित होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए। माना कि साहस में गिरना भी होता है, चोट भी खानी होती है, लेकिन वही एकमात्र मार्ग है।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें।

राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

अंतर्मन




## आज की पाती

### हादसों पर चिंता नहीं, चिंतन की जरूरत

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों का जो आंकड़ा पेश किया है, बहुत ही बड़ी चिंता का विषय है। इन आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में वर्ष 2022 में लगभग 4 लाख से ऊपर सड़क दुर्घनाएं हुईं। इसमें लगभग 1 लाख से ऊपर लोगों की मौत और लगभग 4 लाख से ऊपर घायल हुए। बढ़ते सड़क हादसों की समस्या तो आतंकवाद और नक्सलवाद से भी बड़ी समस्या है। सरकार हमारी सुविधा के लिए सड़कों का विस्तार कर रही है। इन्हें अच्छा बना रही है, लेकिन इनका प्रयोग कैसे सावधानी से करना है, यह तो हमारी जिम्मेदारी है न! – **संजय यदु,** बिलासपुर

## ट्रेंड

### छठ महापर्व की शुभकामनाएं




छठ महापर्व आस्था व परंपरा के साथ-साथ प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अनुपम उत्सव है। एक जिला-एक नदी के अंतर्गत सरकार नदियों के संरक्षण के लिए सतत प्रयत्नशील है। आइए, छठ पर नदियों-घाटों को स्वच्छ रखने का संकल्प लें। छठ महापर्व की सभी को शुभकामनाएं।
- **योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### निर्दोष लोगों की मृत्यु दुःखद




हैदराबाद-बेंगलुरु हाईवे पर बस में आग लगने से कई निर्दोष लोगों की मृत्यु अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। इस त्रासदी में जान गंवाने वाले यात्रियों के शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।
- **राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### कला क्षेत्र में अपूरणीय क्षति



एड जगत को नया आयाम देने वाले पीयूष पांडे के निधन की खबर से स्तब्ध हूँ। उन्होंने हमेशा अपनी कला एवं रचना के माध्यम से सभी के दिलों पर राज किया। उनके जाने से कला क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।
- **देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### अस्तित्वगत बदलाव



एआई सब कुछ बदल देगा। यह हमारे जीने के तरीके, काम करने के तरीके और संवाद करने के तरीके में एक अस्तित्वगत बदलाव है। लेकिन यह हमारे खुद को संरचनाओं में व्यवस्थित करने के तरीके में भी एक पूर्ण परिवर्तन है।
- **शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

## कनाडा पोस्ट का जशन मनाने दिवाली पर डाक टिकट जारी

'कनाडा पोस्ट' ने देश के बहुसांस्कृतिक ताने–बाने का जश्न मनाने के लिए दिवाली की थीम पर आधारित एक नया डाक टिकट जारी किया है। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में दिवाली के उपलक्ष्य में पारंपरिक रंगोली वाला डाक टिकट जारी करने के लिए 'कनाडा पोस्ट' का आभार जताया। 'कनाडा' पोस्ट ने एक बयान में कहा, "दीपावली न सिर्फ कनाडा, बल्कि दुनियाभर में हिंदुओं, सिखों, बौद्ध, जैनियों और अन्य समुदायों द्वारा मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्योहार है तथा इस अवसर पर देश की सांस्कृतिक विविधता को मान्यता देते हुए एक डाक टिकट जारी कर हमें गर्व महसूस हो रहा है।" बयान में रंगोली के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए इन्हें रचनात्मकता की अभिव्यक्ति और स्वागत का शानदार जरिया बताया गया है। इसमें कहा गया है, "रंगोली कला का सुंदर नमूना है। दिवाली पर अक्सर अनाज, फूलों की पंखुड़ियों, रंगीन रेत या चावल की मदद से कमरों, आंगन और प्रवेश द्वार पर सुंदर रंगोली उकेरी जाती है।" 'कनाडा पोस्ट' देश की प्रमुख डाक सेवा प्रदाता कंपनी है। यह 2017 से हर साल दिवाली की थीम पर आधारित डाक टिकट जारी करती आई है। 2025 में जारी डाक टिकट को भारतीय मूल की रितु कनाल ने तैयार किया है।



ऑफ बीट

## शिकार को अलग तरीके से डसते हैं जहरीले सांप

जहरीले सांप छह करोड़ से अधिक वर्षों से धरती पर विचरण करते रहे हैं। इन प्राचीन जीवों के इतने लंबे समय तक अपना अस्तित्व बनाए रखने में सफल होने का श्रेय कुछ हद तक शिकार के भागने से पहले ही उसे आश्चर्यजनक गति से डसने की इनकी क्षमता को भी जाता है। अब एक नया अध्ययन इस बात पर विस्तार से प्रकाश डालता है कि सांप अपने शिकार को किस तरह निशाना बनाते हैं। धरती पर सांप की अनुमानित चार हजार नस्लें हैं, जिनमें से लगभग 600 जहरीली हैं। हालांकि, सांप के डसने के तरीके का विश्लेषण करने वाले ज्यादातर हालिया अध्ययनों का दायरा कुछ कारकों के कारण सीमित रहा है। पहला, इनमें सांप के डसने के तरीके को रिकॉर्ड करने के लिए सिर्फ एक कैमरे का इस्तेमाल किया गया है। इसका मतलब यह है कि हमें सिर्फ एक दिशा का दृश्य मिलता है, जबकि सांप सभी दिशा में रेंग सकते हैं। दूसरा, ज्यादातर वीडियो अपेक्षाकृत निम्न गुणवत्ता के हैं, जिसकी मुख्य वजह यह है कि इन्हें ऐसे क्षेत्रों में रिकॉर्ड किया गया, जहां रोशनी का स्तर काफी कम था। तीसरा, वीडियो रिकॉर्डिंग आम तौर पर सांप की किसी एक नस्ल या सीमित नस्लों पर केंद्रित रही है। इसका मतलब यह है कि हम यह जानने से चूक जाते हैं कि कई अन्य नस्लें कैसे अलग तरह से व्यवहार कर सकती हैं या अधिक रफ्तार से हमला कर सकती हैं।





# सनी की 2026 में रिलीज होंगी कई धमाकेदार फिल्में

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के एक्शन हीरो सनी देओल के फैंस के लिए साल 2025 बहुत खास रहा। इस साल उनकी फिल्म 'जाट' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। 'जाट' को दर्शकों ने बहुत पसंद किया और यह 2025 की हिट फिल्मों में से एक बनी। हमेशा से ही सनी देओल की दमदार एक्टिंग, डायलॉग्स और एक्शन सींस ने सबको प्रभावित किया। इस सफलता से सनी देओल का कॅरियर फिर से चमक उठा, जैसे उनकी पुरानी हिट फिल्में 'गदर' और 'बॉर्डर' की याद आ गई। लेकिन, असली मजा तो 2026 में आने वाला है। सनी देओल की कई बड़ी फिल्में गबरू, बॉर्डर 2, लाहौर 1947 और रामायण पार्ट 1 साल 2026 में रिलीज होने वाली हैं, जो फैंस को एक्शन, ड्रामा और इमोशन का पूरा पैकेज देंगी।

लाइफ Style

# तापसी
## डोसा खाते हुए पढ़ी अपनी अफवाह

सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से अभिनेत्री तापसी पन्नू को लेकर खबर आ रही थी कि वो भारत छोड़कर पति के साथ डेनमार्क में शिफ्ट हो गई हैं। कहा जा रहा था कि उन्होंने भारत छोड़कर अपने पति और बैडमिंटन खिलाड़ी मैथियास बोए के साथ डेनमार्क में स्थायी रूप से बसने का फैसला कर लिया है। लेकिन, अब खुद तापसी ने इन खबरों पर पूरी तरह विराम लगा दिया है। तापसी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साफ किया कि उनका ऐसा कोई प्लान नहीं है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा- 'क्या इससे कम झूठी और कम सनसनीखेज हेडलाइन नहीं मिल सकती थी? जरा रिसर्च कर लिया करो, इतनी जल्दी क्या है!'

एजेंसी ⏭ मुंबई

तापसी ने फेक रूमर्स फैलाने वालों को आड़े हाथों लिया और फैंस को बताया कि वो मुंबई में हैं। तापसी ने पोस्ट में साफ किया कि वह फिलहाल मुंबई में अपने घर पर हैं। उन्होंने मजाकिया लहजे में लिखा- 'इस उमस भरी मुंबई की सुबह में डोसा खाते हुए सोच रही हूं कि ये सब आखिर है क्या!' उनकी यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और फैन्स ने भी इस पर जमकर रिएक्शन देना शुरू कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में तापसी ने अपने डेनमार्क वाले घर के बारे में भी खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने घर में भारतीय पारिवारिक परंपरा को जिंदा रखा है। उन्होंने कहा था, 'मैथियास के माता-पिता हमारे साथ ही रहते हैं, उनका अपना फ्लोर है। डेनिश संस्कृति में ये आम बात नहीं है, लेकिन मुझे लगा कि परिवार के साथ रहना ही घर को घर बनाता है।' तापसी ने आगे बताया कि वह काम के हिसाब से भारत और डेनमार्क के बीच समय बांटती हैं- 'ज़्यादातर शूटिंग्स सर्दियों में होती हैं, इसलिए मैं उस वक्त भारत में रहती हूं। जब भारत में गर्मी या बारिश होती है, तब हम डेनमार्क चले जाते हैं। इस तरह दोनों देशों के मौसम और काम के बीच तालमेल बन जाता है।' काम के मोर्चे पर तापसी जल्द ही 'गांधारी में दिखाई देंगी, जो एक इंटेंस रिवेंज ड्रामा है।



# हमारा बजाज से लेकर फेविकोल के जोड़ तक, यूं बदला एड जगत का चेहरा

एजेंसी ⏭ मुंबई

'शरमा के दुल्हन जो ब्याह के आईं..', पीयूष पांडे का वो एड जिसके अमिताभ भी थे कायल। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने साल 2019 में पीयूष पांडे के काम की सराहना करते हुए एक्स पर पोस्ट किया था। ऐसे ही कई यादगार एड के लिए पीयूष को जाना जाता था। पीयूष अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने अपनी रचनात्मकता, सरलता और भारतीयता के रंगों से नई परिभाषा गढ़ी।

### कौन थे पीयूष पांडे?

जयपुर में 1955 में जन्मे पीयूष पांडे नौ भाई-बहनों में से एक थे। उनके परिवार में कला और सृजन की परंपरा रही। बहन ईला अरुण ने गायकी और अभिनय में नाम कमाया, तो भाई प्रसून पांडे ने निर्देशन की दुनिया में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में भी हिस्सा लिया था। क्रिकेटर, चाय बागान में कामगार और मजदूर के रूप में जीवन के अलग-अलग रंग देखने के बाद उन्होंने 27 साल की उम्र में विज्ञापन जगत में कदम रखा। तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह युवक एक दिन भारतीय एड वर्ल्ड का चेहरा बन जाएगा। उनकी शादी नीता पांडे से हुई।



### मिले सुर मेरा तुम्हारा राष्ट्रीय एकता का स्वर

विज्ञापन से परे, उन्होंने ऐसे अभियानों में भी अहम भूमिका निभाई जो भारत की एकता और विविधता को दर्शाते हैं। 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' उनके दिल के बेहद करीब था। यह गीत केवल एक कैम्पेन नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव था जिसने भारत को एक सूत्र में बांध दिया।

### राजनीति और प्रचार की नई भाषा

2014 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने भारतीय राजनीति में भी विज्ञापन की नई भाषा दी- 'अबकी बार, मोदी सरकार।' यह नारा उस दौर का सबसे चर्चित राजनीतिक स्लोगन बना, जिसने चुनावी अभियानों की दिशा ही बदल दी। पीयूष पांडे ने साबित किया कि विज्ञापन सिर्फ उत्पादों को नहीं, विचारों को भी जन-जन तक पहुंचा सकता है।

### भारतीयता की छाप

पीयूष पांडे की खासियत थी कि उन्होंने भारतीय उपभोक्ताओं की भावनाओं को बेहद सादगी से पकड़ा। फेविकोल का 'अटूट बंधन' हो या कैडबरी का 'कुछ खास है', एशियन पेंट्स का 'हर खुशी में रंग लाए' हो या हच का प्यारा 'गुगली वूगली वूस', हर विज्ञापन में उन्होंने देसी मिट्टी की खुशबू डाली। यही कारण है कि उनके कैंपेन सिर्फ विज्ञापन नहीं, बल्कि संस्कृति के प्रतीक बन गए।

### सम्मान और उपलब्धियां

*उनके योगदान को अनेक पुरस्कारों से नवाजा गया। उन्हें पद्मश्री (2016), क्लियो लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2012), एडवर्टाइजिंग एजेंसिज एसोसिएशन ऑफ इंडिया लाइफटाइम अचीवमेंट (2010), एलआईए लीजेंड अवार्ड (2024) जैसे अवॉड्र्स मिले हैं। इसके अलावा, उन्होंने अपनी रचनात्मक यात्रा और अनुभवों को 'पांडेमोनियम' नाम की पुस्तक में शब्दों का रूप दिया, जो विज्ञापन जगत के छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसके अलावा उन्होंने साल 2022 में 'ओपन हाउस विद पीयूष पांडे' नाम से भी एक पुस्तक लिखी थी।*

### अमिताभ ने की थी तारीफ

*साल 2019 में बिग बी ने पीयूष के फेविकॉल वाले एड की तारीफ करते हुए एक्स पर पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था- 'पांडे ब्रदर्स की शानदार सोच पीयूष और प्रसून... बहुत बढ़िया पीयूष जी बिल्कुल मौलिक और दिल को छू जाने वाला...कोई आश्चर्य नहीं कि आप वर्ल्ड चैंपियन हैं !!'*

# आमिर को अभिनव ने बताया चालाक लोमड़ी



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में विवादों के साथ आजकल फिल्ममेकर अभिनव कश्यप का नाम खूब जुड़ रहा है। आमिर खान के साथ अभिनव कश्यप ने एक ऐड फिल्म में साथ काम किया था। जब अभिनव से आमिर के साथ काम किए जाने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कुछ ऐसा कहा कि हर तरफ अफरा तफरी मच गई। अभिनव ने आमिर को लेकर कहा है कि, वो मैनिपुलेटिव और कंट्रोलिंग हैं। अभिनव कश्यप का कहना है कि भले ही आमिर खान को बॉलीवुड का मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहा जाता हो, लेकिन उनके साथ काम करना आसान नहीं है। आमिर को लेकर अभिनव ने कहा, 'वो सबसे चालाक लोमड़ी है बटला। वो सलमान से भी छोटा है हाइट में, लेकिन क्या मैनिपुलेटिव आदमी है और तो और वो सबसे शातिर चोर है। मैंने आमिर के साथ 2-3 विज्ञापन किए हैं। वो बहुत पर्टिकुलर है और उसके साथ काम करना थका देने वाला है। वो हर चीज में दखल देता है, एडिटिंग, डायरेक्शन, हर चीज में उसे अपनी मनमानी करनी होती है। ये एक पूरा इकोसिस्टम है, जिसे सख्त कंट्रोल के लिए मेंटेन किया गया है।

# स्पिरिट के ऑडियो टीजर में चला आवाज का जादू



**मुंबई।** एनिमल के बाद संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बन रही फिल्म स्पिरिट का इंतजार हो रहा है। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आ रहे हैं। अब प्रभास के जन्मदिन के मौके पर फिल्म का पहला ऑडियो टीज़र रिलीज किया गया है। एक्टर की आवाज भर सुनकर फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। ऑडियो में एक कैदी की बात होती और फिर प्रभास की दमदार आवाज हैरान कर देती है। फिल्म की पहली झलक का इंतजार बढ़ गया है। संदीप रेड्डी वांगा ने कबीर सिंह और एनिमल जैसी सुपरहिट फिल्में डायरेक्ट की हैं, इस बार प्रभास के साथ एक साउंड स्टोरी लेकर आए हैं। एक मिनट के ऑडियो टीज़र में जेलर और उसका असिस्टेंट एक एक्स-कॉप से पूछताछ करते सुनाई देते हैं। इसी दौरान प्रभास की भारी और दमदार आवाज़ सुनाई देती है, सर बचपन से मेरी एक बुरी आदत रही है। यही लाइन पूरे टीजर की सबसे खास चीज बन जाती है। यह टीजर हिंदी, तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम समेत पांच भाषाओं में रिलीज हुआ है, और सोशल मीडिया पर इसे लेकर जबरदस्त रिएक्शन मिल रहे हैं। एक यूजर्स ने लिखा, वाह, ये आवाज सुनकर रोंगटे खड़े हो गए। एक अन्य यूजर ने लिखा, क्या आपने म्यूज़िक पर ध्यान दिया? पुलिस परेड जैसा एंथम लग रहा है, वांगा सच में ऑडियंस की नब्ज़ जानते हैं।



## खबर संक्षेप

### 17वां रोजगार मेला : पीएम ने 51 हजार जॉब लेटर बांटे



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को 17वें रोजगार मेला में 51 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉब लेटर बांटें। इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संदेश भी दिया। उन्होंने कहा- आपको केवल सरकारी नौकरी नहीं मिली है। राष्ट्र सेवा में सक्रिय योगदान देने का अवसर मिला है। पीएम ने आगे कहा- इस बार रोशनी का त्योहार दिवाली आप सभी के जीवन में नई रोशनी लेकर आया है।

### सिंगर सांघवी यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार



**मुंबई।** 'स्त्री-2 और 'भेड़िया जैसी फिल्मों में संगीत दे चुके प्रसिद्ध गायक-संगीतकार सचिन सांघवी को यौन उत्पीड़न के एक मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय युवती ने सचिन सांघवी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उसे अपने संगीत एल्बम में मौका देने और शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया।

### सिंगापुर पुलिस 10 दिनों में पेश करेगी महत्वपूर्ण सबूत

**गुवाहाटी।** सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) अगले 10 दिनों के भीतर सिंगर जुबिन गर्ग की मौत से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य उपलब्ध करा सकता है। यह जानकारी सीआईडी के विशेष डीजीपी मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने दी। गुप्ता गायक की अप्राकृतिक मौत की जांच के लिए चार दिन पहले सिंगापुर गए थे, बृहस्पतिवार को लौट आए हैं।

## जम्मू कश्मीर में राज्यसभा चुनाव

# उमर ने उठाया सवाल- बीजेपी को 4 अतिरिक्त वोट कहां से मिले?

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में राज्यसभा की 4 सीटों पर चुनाव हुए थे। अब सभी सीटों के नतीजे आ गए हैं। जम्मू कश्मीर में हुए राज्यसभा चुनाव की तीन सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस ने जीत दर्ज की है तो वहीं एक सीट पर भाजपा ने जीत हासिल की है। नेशनल कांफ्रेंस के उम्मीदवार चौधरी मोहम्मद रमजान, सज्जाद अहमद किचलू और शमी ओबेरॉय ने जीत दर्ज की है। वहीं चौथी सीट पर भाजपा के सत शर्मा की जीत हुई है। चारों सीट पर शुक्रवार को ही चुनाव हुआ था और शाम में ही नतीजे आ गए। इस बीच मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बीजेपी को 4 अतिरिक्त वोट मिलने पर सवाल उठाए हैं।

उमर अब्दुल्ला ने X पर एक पोस्ट में कहा, "चारों चुनावों में नेशनल कांफ्रेंस के सभी वोट बरकरार रहे, जैसा कि हमारे चुनाव एजेंट ने हर मतदान पर्ची देखी। हमारे किसी भी विधायक ने क्रॉस वोटिंग नहीं की, इसलिए सवाल उठता है – भाजपा के 4 अतिरिक्त वोट कहाँ से आए? वे कौन



विधायक थे जिन्होंने वोट देते समय गलत वरीयता संख्या डालकर जानबूझकर अपने वोट रद्द कर दिए? क्या उनमें इतनी हिम्मत है कि वे हमें वोट देने का वादा करने के बाद भाजपा की मदद करने की बात स्वीकार करें? किस दबाव या प्रलोभन ने उन्हें यह चुनाव करने में मदद की? देखते हैं कि भाजपा की गुप्त टीम का कोई सदस्य अपनी आत्मा बेचने की बात स्वीकार करता है या नहीं।

### भाजपा के विधानसभा में 28 विधायक

बता दें कि भाजपा के विधानसभा में 28 विधायक हैं। पीपुल्स कांफ्रेंस के विधायक सज्जाद लोन ने मतदान से दूरी बना ली। बीजेपी उम्मीदवार को 32 वोट मिले हैं यानि उसकी संख्या से 4 अधिक। इसी को लेकर अब्दुल्ला ने सवाल उठाए हैं।

### नेशनल कांफ्रेंस के गठबंधन को 53 विधायकों का समर्थन

बता दें कि जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के नेतृत्व वाले गठबंधन को 53 विधायकों का समर्थन है। विधानसभा में नेशनल कांफ्रेंस के 41, कांग्रेस के 6 और सीपीआई के एक विधायक हैं। जम्मू कश्मीर में सात निर्दलीय भी हैं जिनमें से पांच ने नेशनल कांफ्रेंस सरकार को समर्थन दिया था। वहीं शुक्रवार सुबह पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी अपने तीन विधायकों का समर्थन नेशनल कांफ्रेंस के उम्मीदवारों को दे दिया था। ऐसे में उनके तीन उम्मीदवारों की जीत पक्की मानी जा रही थी।

### जारी हुईं थी तीन अधिसूचनाएं

जम्मू कश्मीर में चार सीटों पर होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तीन अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की थी। इसमें एक-एक सीट के लिए शुरू में दो अधिसूचना जारी की गई। इसके बाद दो सीटों के लिए तीसरी अधिसूचना जारी की गई थी। शुरू में जो दोनों अधिसूचनाए जारी की गई, उन सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस की जीत पक्की मानी जा रही थी, जबकि विधानसभा में संख्या के अनुसार आखिरी अधिसूचना में जिन दो सीटों पर चुनाव होना था, उनमें भाजपा और नेशनल कांफ्रेंस के बीच मुकाबला था।

# सीबीआई ने दाखिल की क्लोजर रिपोर्ट, एक्ट्रेस रिया को क्लीन चिट

## एक्टर सुशांत सिंह मौत का मामला

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर



बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले में सीबीआई ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट कोर्ट में फाइल कर दी है। इस रिपोर्ट में सीबीआई रिया चक्रवर्ती को क्लीनचीट दी है। सीबीआई ने सुशांत के परिवार द्वारा रिया और उसके परिवार पर खुदकुशी के लिए उकसाने के मामले में पटना कोर्ट और रिया द्वारा सुशांत की बहन और परिवार पर दर्ज कराए मामले में मुंबई कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। पटना कोर्ट में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर 20 दिसंबर को सुनवाई होगी। क्लोजर रिपोर्ट के मुताबिक सुशांत ने खुदकुशी की है और इसमे रिया चक्रवर्ती और उसके परिवार को पूरी तरह से क्लीनचिट दी गई है।

# दुश्मन को कम आंकने की भूल न करें सेनाएं, हमेशा तैयार रहें : राजनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



पाकिस्तान के साथ पश्चिमी-सीमा पर बने हुए तनाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर में देश के सुरक्षा हालात की समीक्षा की और सेना की रणनीतिक तैयारियों का व्यापक आधार पर जायजा लिया। मौका था भारतीय सेना के द्विवार्षिक कमांडर सम्मेलन के दूसरे चरण का। जिसे संबोधित करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख किया और कहा कि भले ही ये अभियान देश की सैन्य ताकत और चरित्र की अभिव्यक्ति है। लेकिन तीनों सशस्त्र सेनाएं कभी भी अपने दुश्मन को कमजोर समझने की गलती न करें और हमेशा अलर्ट की मुद्रा के साथ अपनी तैयारी को बनाए रखें। 7 से 10 मई 2025 की दोपहर तक चले इस अभियान ने दिखाया कि हमारे जवानों की ताकत केवल हथियारों पर ही नहीं। बल्कि उनके नैतिक अनुशासन और सामरिक स्पष्टता पर भी निर्भर करती है। इसके अलावा उन्होंने तनोट और लोंगेवाला जैसे सुदूर सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अपनी शर्तों पर देंगे जवाब

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश की सामरिक सोच को एक नए तरीके से आगे बढ़ाया है। जिसमें भारत किसी भी आतंकी गतिविधि का अपनी शर्तों के मुताबिक जवाब देगा। यह नए भारत का रक्षा सिद्धांत है। जिसमें दृढ़ता और साहस दोनों शामिल हैं। सम्मेलन में राजनाथ सिंह ने राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे तैनात रहने वाले जवानों के प्रति भी आभार जताया। साथ ही कहा कि जब ये सैन्य अभियान इतिहास का हिस्सा बनेगा। तब इसे सिर्फ एक सैन्य अभियान के तौर पर ही नहीं बल्कि देश के साहस, धैर्य और संयम के प्रतीक के रूप में भी याद किया जाएगा। हमारी सेनाओं ने आतंकियों के खिलाफ जो कार्रवाई की। उसमें नीतिगत सटीकता और मानव सम्मान जैसे दोनों जरूरी पहलुओं को ध्यान में रखा गया था। लेकिन कोई इस गलतफहमी में न रहें कि अभी ये अभियान पूरी तरह से खत्म हो गया है।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/4849 Korba West, dtd. 22.10.2025
e-Bidding TENDER NOTICE No. 1372/2025.
Online tenders are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100046670 | Deployment of 02 No. Un-skilled worker for cleaning and watch & ward of rest room HTPS, Korba West. | 590/- | 9,251/- | 11.11.2025 |

NOTE:- 1. Payment of Tender Cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website – https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal. 2. Quantity as per tender schedule.
SUPERINTENDING ENGINEER (C-I)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)
HTPS, CSPGCL, KORBA WEST
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

**Chhattisgarh InfoTech Promotion Society (CHiPS)**
2nd Floor, SDC Building, Raipur, Chhattisgarh 492002
Phone:0771-4014158, Fax: 0771-4066205, Email: ceochips@nic.in
**TENDER NOTICE**
System Tender No.: 178114 Raipur, dated: 24/10/2025
Chhattisgarh Infotech Promotion Society (CHIPS) invites online proposal from eligible bidders for "Request for Proposal (RFP) for Selection of Agency for Implementation of Enterprise Archival System" for Directorate of Public Relations. The Information cum Tender document can be downloaded from website https://eproc.cgstate.gov.in & https://chips.gov.in.
The CEO, CHIPS reserve the full right to change the terms & conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.
S-45685/2 CEO, CHiPS

**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4048788
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;
**NOTICE INVITING APPLICATION AGAINST VACANT POSTS, ON DEPUTATION BASIS.**
Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission, statutory body constituted under an Act of Parliament, invites applications for filling of following posts only on deputation basis from eligible officials of Central/State Govt. /PSU of Power Sector / Electricity Regulatory Commission:

| S. No. | Name of Post | No. Of post |
|---|---|---|
| 1 | Director (Law) | 1 |
| 2 | Sr. Law Officer | 1 |
| 3 | Law Officer | 1 |
| 4 | Economic Analyst | 1 |
| 5 | Joint Director (Tariff) | 1 |
| 6 | Deputy Director (Tariff) | 1 |
| 7 | Joint Director (Engineering) | 1 |
| 8 | Deputy Director (Engineering) | 1 |
| 9 | Deputy Director (Regulatory Affairs) | 1 |
| 10 | Personal Assistant | 2 |
| 11 | Stenographer | 2 |

Persons fulfilling eligibility criteria may apply in the prescribed format, through proper channel. Details of the post like scale of pay, required qualifications/ qualifying service, experience etc. and other terms and conditions for appointment are available on the Commission website **www.cserc.gov.in**. The Commission reserves the right to change the number of posts and also to keep any or all of the posts unfilled depending on the circumstances prevailing at the time of selection. **The last date for submission of applications is 20/11/2025.**
SECRETARY


## ज्ञानवापी वजूखाना विवाद पर बड़ा फैसला

# 29 को होगा कोर्ट निरीक्षण बदले जाएंगे सीलिंग कपड़े

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद केस में शुक्रवार को कोर्ट ने बड़ा निर्णय सुनाया। ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वजूखाने को लेकर चल रहे विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। 29 अक्टूबर की सुबह 9 बजे वाराणसी के जिला जज, दोनों पक्षों के प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी ज्ञानवापी परिसर पहुंचकर मौके पर निरीक्षण करेंगे। इस दौरान यह तय किया जाएगा कि वजूखाने पर लगी कपड़े की सील को बदला जाए या नहीं। अंतिम निर्णय वाराणसी के जिला अधिकारी लेंगे। माना जा रहा है कि कोर्ट टीम के वजूखाने के निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहेंगे। वर्ष 2022 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने वाले हिस्से को सील किया गया था। यह वही स्थान है, जहां एएसआई सर्वेक्षण के दौरान शिवलिंग मिलने का दावा किया गया था। उस समय परिसर में कुल नौ ताले लगाए गए थे और क्षेत्र को अर्धसैनिक बलों की सुरक्षा में रखा गया था।



### सुप्रीम कोर्ट के आदेश से वजूखाने के गेट पर ताला लगा

वाराणसी फैसला उस याचिका के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि वजूखाने पर लगी सीलिंग का कपड़ा अब खराब हो चुका है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से वजूखाने के गेट पर ताला लगा हुआ है। इसी ताले के ऊपर सरकारी मुहर लगा कपड़ा लगा था। बारिश के पानी और धूप की वजह से कपड़ा पूरी तरह से गल चुका था। इसी को बदलने को लेकर जिला जज ने आज दोनों पक्षों को बुलवाया था। उसे बदलने की जरूरत बताई गई। इस पर हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों ने मौखिक रूप से सहमति जताई है।

## 5 भारतीयों ने रूस के इंटरनेशनल एयरोस्पेस कैंप में भाग लिया

# तमिलनाडु से जाने वाली पहली छात्रा बनीं धानवी कार्तिकेयन, रचा इतिहास



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु की 18 वर्षीय धानवी कार्तिकेयन ने इतिहास रच दिया है। चेन्नई की रहने वाली धानवी रूस की राजधानी मॉस्को स्थित अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण और सैटेलाइट निर्माण केंद्र का दौरा करने वाली तमिलनाडु की पहली महिला छात्रा बन गई हैं। यह मौका उन्हें एक राष्ट्रीय ऑनलाइन प्रतियोगिता के जरिए मिला, जिसमें पूरे देश के 5 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया था। धानवी उन पांच भारतीय छात्रों में से एक हैं जिन्हें रूस के इंटरनेशनल एयरोस्पेस कैंप में भाग लेने के लिए चुना गया। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम मॉस्को में आयोजित किया गया था। कैंप के दौरान धानवी को अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण केंद्र का दौरा करने और सैटेलाइट निर्माण की प्रक्रिया को करीब से देखने का अनोखा मौका मिला। उन्होंने मोवस्ता संस्था को धन्यवाद दिया, जिसकी बदौलत उन्हें यह अंतरराष्ट्रीय अवसर मिला।

### रूस के बेहतरीन कॉस्मोनॉट्स से की बातचीत

अपना अनुभव साझा करते हुए धानवी ने कहा कि मुझे देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला, यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। यह सब मेरी क्वांटम मैकेनिक्स में रुचि से शुरू हुआ, जिसने मुझे एस्ट्रोफिजिक्स और फिर एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की ओर प्रेरित किया। मैंने रूस के बेहतरीन कॉस्मोनॉट्स से बातचीत की, उनसे बहुत कुछ सीखा और अंतरिक्ष तकनीक को करीब से देखने का मौका मिला। यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा सपना पूरा होने जैसा है।


epaper : www.haribhoomi.com
**हरिभूमि CLASSIFIED**
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

**प्रवेश प्रारंभ**
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट**
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. Nursing | 2 Years |
| Paramedical Course | Duration |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech, Ortho tech | 1 Year |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

क्लीनिकल सुविधा
**श्री बालाजी हॉस्पिटल**
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु
7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु
9201641200, 9201631200, 9201622400

## Appointment आवश्यकता

### शिक्षक

**आवश्यकता है-** लेडी वाईस प्रिंसिपल, क्लर्क, इंचार्ज, म्यूजिक टीचर एवं अंग्रेजी- हिन्दी माध्यम प्रायमरी एवं हाई में: मैथ्स, इंग्लिश, साइंस, पढ़ाने हेतु, शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर की आवश्यकता। साक्षात्कार 29.10.2025 प्रातः 9:30बजे, **रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855.** (RO-6998)

क्लासीफाईड

### नर्स/कम्पाउन्डर

**आवश्यकता है-** नर्स एवं कम्पाउंडर अनुभवी या गैर अनुभवी दवाखाना के लिए स्टाफ चाहिए वेतन योग्यतानुसार रहने के लिए सुविधा उपलब्ध है। **डॉ.डी.आर. साहू तुलसी बाराडेरा 98263-23273.** (RO-A)

### सेल्स मैनेजर/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** सुपेला भिलाई मे स्थित ब्रांडेड ऑटो रिक्शा के शोरूम मे 1 सेल्स मैनेजर, 4 सेल्समेन, 1 ऑटो मैकेनिक की आवश्यकता है. अनुभवी को प्राथमिकता. वेतन योग्यतानुसार. **मो. - 92024-36887** (आरो न.-4110)

### मैनेजर/एकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु मैनेजर, एकाउन्टेंट एवं पेट्रोल डालने के लिये लड़को की आवश्यकता हैं। लाल बहादुर नगर, चिचौला बार्डर, **राजनांदगांव सम्पर्क- 8109411676, 6263558400.** (RO-6997)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** घरेलु वाहन व एम्बुलेंस चालाने हेतु अनुभवी ड्राईवर चाहिए एवं एक घर मे कार्य करने हेतु कुशल व्यक्ति की आवश्यकता, रहने की सुविधा **संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.** (RO-OM)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर चाहिए टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल दुर्ग भिलाई घुमना है. भिलाई वाले ही **संपर्क करें लाइंसेस अनिवार्य, मो.-98274-66771** (आरो न.-680)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** शानदार इंटीरियर डेकोरेशन /गिफ्ट आइटम के दुकान में काम करने लड़को / लड़कीयों की आवश्यकता है। आर्कषक वेतन समय 11.00 बजे से 9.00 बजे तक **संपर्क - 7999651612 क्लासिक इंटीरियर/ एक्सटीरियर डेकोर गुरुद्वारा रोड (स्टेशन रोड) यशोदा नंदन हास्पिटल के पास । गिल काम्पलेक्स प्रथम तल**(आरो न.-681)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### लैब/चपरासी/आया

**आवश्यकता है-** आया बाई, चपरासी, लैब सहायक 300/- प्रतिदिन चौकीदार 10000/- लैब सहायक की आवश्यकता है **संपर्क रॉयल पब्लिक स्कूल, मठपुरैना, चौरसिया कॉलोनी,रायपुर मोबाइल 9300253335, 9329621221.** (RO-A)

### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** मैरिज ब्यूरो में टेली कालिंग कार्य हेतु फीमेल चाहिए समय 9 से 6 सैलरी 5000-10000 अच्छे रिश्ता हेतु कन्याएं निःशुल्क बायोडाटा भेजिए मारवाड़ी मैरिज ब्यूरो **भारतमाता चौक गुढ़ियारी रायपुर** Shalu- 7828738812, Call Me- 9039321951. (RO-OM)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर, पैकिंग के लिए महिलाओ की, माल छोड़ने के लिए लड़कों की एवं घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है **संपर्क करें:- बोरियाखुर्द रायपुर** Mob. 9893115061.(RO-A)

### डिजाइनर

**आवश्यकता है-** श्रीकंचनपथ समाचार पत्र समूह भिलाई में Quark express पर पेज डिजाइन करने वाले की आवश्यकता है। हिन्दी व अंग्रेजी टाइपिंग का ज्ञान हो। पांच अंको में वेतन दिया जाएगा। **संपर्क : 98930-92649, 70001-38049, 99933-30237**(आरो न.-4112)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### टेक्निशियन

**आवश्यकता है-** यूरेकाफॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट- 02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव- 4, सर्विस टेक्निशियन- 2, ऑफिस बॉय-1
**संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.** (RO-OM)

### अन्य

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें - 9241054300 (RO-590)

## Business व्यापार

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित **संपर्क:- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर- 8827848099.** (RO-302)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाइड
Space Available for Ad.
6263818152

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** गनौद से बिरबिरा मार्ग (नया रायपुर) में पूर्व और उत्तर फेसिंग वाला 50x60 का कॉर्नर वाला 3000 स्क्वायर फीट का डायवर्टेड प्लाट बेचना है। **संपर्क - 9303559631 (एफ सी देवांगन) 7470441631.** (RO-6743)

## For Rent किराया

### किराया

**किराये से देना है-** किराए पर देना है प्रथम मंजिल 3 कमरा लेटबाथ 24 घंटे पानी ग्राम तुलसी बाराडेरा शुद्ध शाकाहारी परिवार को **डॉ.डी.आर. साहू 98263-23273.**(RO-A)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेकर व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**CLASSIFIED RATE CARD** — हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — 01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## जैकेट के शेष

### बॉलीवुड सितारों से ....

लोक कलाकार अपनी विशिष्ट नृत्य कला से पीएम का स्वागत करेंगे। सैला, पंथी, करमा, राउत नाचा जैसी प्रख्यात नृत्य शैली से पीएम का स्वागत किया जाएगा। सभी स्थानों पर मंच के सामने विशिष्ट अंदाज में रेप्लिका का निर्माण भी किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों और सांस्कृतिक विरासत को भी प्रदर्शित किया गया है। इसमें नगर घड़ी से लेकर नगर निगम और न्यू सर्किट हाउस से लेकर नवा रायपुर का सीबीडी स्टेशन भी शामिल है।

**एम-01 में एंट्री बंद, सुरक्षा बढ़ी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर को रायपुर पहुंचने के बाद नवनिर्मित स्पीकर हाउस एम-01 बंगले में रहेंगे। इस बंगले में अनाधिकृत लोगों की एंट्री बंद कर दी गई है। बंगले की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। चुंकि बंगला नया है, इसलिए फर्नीचर से लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जा रही है। पीएम के दौरे और अस्थाई आवास को देखते हुए आसपास रंगरोगन और सफाई भी कराई जा रही है। बता दें, डीजी कांफ्रेंस के दौरान भी पीएम नरेंद्र मोदी इसी आवास में ठहरेंगे।

### हर दिन एक शो ....

बाबा हंसराज रघुवंशी अपने गीतों की प्रस्तुति देंगे। वहीं दो नवंबर को भूमि त्रिवेदी, 3 नवंबर को आदित्य नारायण, 4 नवंबर को अंकित तिवारी प्रस्तुति देंगे। 5 नवंबर की शाम भी बेहद यादगार होगी। इस दिन कैलाश खेर अपने बैंड कैलासा के साथ परफॉर्म करेंगे।

### राज्योत्सव मैदान में ....

मेला ग्राउंड का परिक्रमा करेंगे। इसके लिए खासतौर पर तैयारी की जा रही है। पीएम के परिक्रमा के दौरान भी लोकगीतों और लोकनृत्यों की प्रस्तुति होगी। लगभग 20 मिनट परिक्रमा के बाद पीएम मोदी मुख्य मंच तक पहुंचेंगे।

### ओरछा में पांच ...

भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है और वह खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### 5 की मौत के बाद ....

उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसके वर्तमान में स्वस्थ होने की बात कही जा रही है।

### बस की फ्यूल ....

ने भी मृतकों के परिवारों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की मदद का ऐलान किया।

**कुछ दिन पहले राजस्थान में 22 यात्री जले थे :** राजस्थान के जैसलमेर में भी 14 अक्टूबर ऐसा हादसा हुआ था, जिसमें दोपहर में एक स्लीपर बस में आग लगने से 20 यात्रियों की जलकर मौत हो गई थी। हादसे के समय बस में 57 यात्री सवार थे। हादसा दोपहर करीब 3 बजे थईयात गांव में वार म्यूजियम के पास हुआ था। बस जैसलमेर से जोधपुर जा रही थी। बस में आग एसी कंप्रेसर फटने और शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

**राष्ट्रपति, पीएम, सीएम सहित अन्य ने दुख जताया :** घटना के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू सहित अन्य नेताओं ने घटना पर दुख जताया है और लिखा कि कुरनूल में बस में आग लगने की दुखद घटना में हुई जान-माल की हानि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थन की। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की। रेड्डी ने कुरनूल के पड़ोसी तेलंगाना के गडवाल जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को राहत कार्यों के तहत दुर्घटना स्थल का दौरा करने का निर्देश दिया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने भी इस दुखद घटना पर दुख व्यक्त किया।

### 11 शवों की हुई पहचान....

और कई ने कूदकर जान बचाई। इमरजेंसी गेट तोड़कर निकले लोग बुरी तरह झुलस गए थे, इन्हें कुर्नूल सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### 11,000 करोड़ का ....

कुल 571 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच या फ्रीज कर चुकी है। ईडी का कहना है कि इस मामले में आगे की जांच अभी जारी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि बाकी रकम किन चैनलों से ट्रांसफर या छिपाई गई थी।

**800 से ज्यादा शेल कंपनियों से किया मनी लॉन्ड्रिंग :** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत के अनुसार कंपनी ने प्रोजेक्ट की लागत गलत बताकर कई बैंकों से कर्ज लिया। फिर उस लोन की रकम को 800 से ज्यादा शेल कंपनियों और 5000 बैंक खातों के जरिए घुमाया और गबन किया। नतीजा ये हुआ कि कंपनी का खाता 2013-14 में नॉन परफॉर्मिंग एसेट बन गया और बैंक को करीब 11,379 करोड़ रुपये (ब्याज सहित) का नुकसान हुआ।

### सात आईपीएस बदले ....

यदुवली अक्षय कुमार का स्थानांतरण एआईजी पुलिस मुख्यालय किया गया है। अक्षय कुमार की जगह कोंडागांव एसपी की जिम्मेदारी 13 वीं वाहिनी कोरबा की जिम्मेदारी संभाल रहे पंकज चंद्रा को दी गई है। इसी तरह से सेनानी चौथी वाहिनी की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रफुल्ल ठाकुर सक्ती एसपी बनाए गए हैं।

### आत्मघाती हमले को ....

दोनों आतंकियों के नाम अदनान बताए जा रहे हैं। दिल्ली में गिरफ्तार आतंकी को सादिक नगर से पकड़ा गया, जबकि मध्यप्रदेश में दूसरा आतंकी भोपाल से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि इन गिरफ्तारियों से दिल्ली में होने वाले एक बड़े आतंकी हमले को टाल दिया गया है।

### मां अंगारमोती के ....

के दरबार में सूनी गोद भरने के लिए आदिकाल से चली आ रही परण पड़ने की परम्परा निभाती हैं। भानुप्रतापपुर निवासी योगेश्वरी पति परमेश्वर हल्बा बताती हैं कि उनके पति शिक्षक हैं। उनका विवाह दस साल पहले हुआ था। पुत्ररत्न के लिए उन्होंने कई डाक्टर से इलाज करवाया, लेकिन कोई लाभ नहीं मिला। उसे गांव के एक व्यक्ति से जानकारी मिली कि मां अंगारमोती की मड़ई में परण पड़ने से संतान सुख की प्राप्ति होती है। उन्होंने सन 2024 की मड़ई में पुत्र प्राप्ति के लिए श्रद्धा के साथ परण पड़ने की परम्परा पूरी की। सन 2025 में उनकी सूनी गोद भर गई। माता के आशीर्वाद से प्राप्त पुत्र का नाम देवांश रखा है। मनोकामना पूर्ण होने पर माता को मन्नत देने पहुंचे हैं। बालोद जिले के ग्राम खुंटेरी निवासी लक्ष्मी पति पीलाराम तारम ने बताया कि उनका विवाह पांच साल पहले हुआ है। सन 2023 में माता के दरबार में पहुंचकर परण पड़कर संतान सुख की कामना की थी। दो साल के अंदर उसे पुत्र की प्राप्ति हुई, जिसका नाम युगांश रखा है। वे सपरिवार माता को मन्नत देने पहुंचे हैं। कांकेर जिले के चारभाठा निवासी पूर्णिमा सोरी पति चेतन बताती हैं कि आठ साल पहले शादी हुई है। डाक्टर सहित अनेक वैद्यों से वंशवृद्धि के लिए उपचार कराया। इंस्टाग्राम के माध्यम से मां आंगरमोती की मड़ई में परण पड़ने की जानकारी मिली। सन 2022 की मड़ई में परण पड़ने की रस्म निभाई। सन 2024 में उनकी मनोकामना पूरी हो गई। इस साल के मेला में मां के आशीर्वाद का आभार व्यक्त करने सपरिवार पहुंचे हैं।

### मड़ई में भारी ...

आगे जाने से रोका। इसके बावजूद दोनों तरफ के रास्ते में 2 किमी तक जाम लगा रहा। यातायात को व्यवस्थित करने पुलिस को खूब पसीना बहाना पड़ा।

---

## संयुक्त राष्ट्र में जयशंकर ने पाक पर साधा निशाना

# ‘आतंकवाद के पीड़ितों और गुनहगारों को एक तराजू में तोलना अन्याय’

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों और गुनहगारों को एक तराजू में तोलना न केवल अन्याय है, बल्कि वैश्विक व्यवस्था के लिए खतरा भी है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब कोई सदस्य देश आतंकवादियों की रक्षा करता है, तब बहुपक्षीयता की विश्वसनीयता पर गंभीर आंच आती है। जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की वर्तमान कार्यप्रणाली जमाव की स्थिति में है और सुधार की प्रक्रिया खुद ही सुधार के रास्ते में बाधा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जब पहलगाम जैसे जघन्य आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक सदस्य देश खुलकर बचाता है, तो यह संस्था की विश्वसनीयता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता है। यह सीधा संकेत पाकिस्तान की ओर था, जिसने आतंकवादी संगठन टीआरएफ के नाम को यूएनएससी बयान से हटाने की कोशिश की थी।

**संयुक्त राष्ट्र की बहसें अब अत्यधिक ध्रुवीकृत :** जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की बहसें अब अत्यधिक ध्रुवीकृत हो गई हैं और उसकी कार्यप्रणाली स्पष्ट रूप से जाम हो गई है। किसी भी सार्थक सुधार को सुधार प्रक्रिया के नाम पर ही रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना केवल ‘औपचारिकता’ बनकर रह गया है।

### पाकिस्तान की भूमिका और जयशंकर की प्रतिक्रिया

विदेश मंत्री ने कहा कि अगर आतंकवाद के पीड़ितों और गुनहगारों को वैश्विक रणनीति के नाम पर बराबरी पर रखा जा रहा है, तो यह दुनिया की सबसे बड़ी विडंबना है। उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि जब खुद-घोषित आतंकियों को प्रतिबंध सूची में शामिल होने से बचाया जाता है, तो यह साफ हो जाता है कि कुछ देश आतंकवाद के खिलाफ सच्चे नहीं हैं। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे रवैये से आतंकवाद को बढ़ावा मिलता है और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होती है।

---

## दिखाया खचाखच भरी ट्रेन का हाल

# ‘छठ में पब्लिक हलाकान और टीटीई लेटकर वीडियो देख रहे!’



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इन दिनों छठ पूजा को लेकर बिहार जाने वाली ट्रेनों में काफी भीड़ चल रही है। जिन लोगों ने पहले से टिकट बुक करवा रखा था, उन्हें भी अपनी सीट तक पहुंचने में काफी परेशानी हो रही है। जनरल डिब्बों के अलावा आरक्षित बोगियों में भी लोगों की ठमस-ठस भीड़ है। ऐसे में सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो और तस्वीर सामने आ रहे हैं, जिसमें सीट के लिए लोग मारा-मारी करते दिख रहे हैं। वहीं रेलवे प्रशासन और कर्मी बेपरवाह दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ऐसी ही तस्वीर वायरल हो रही है। इसमें पैसेंजर से खचाखच भरे एक डिब्बे में एक टीटीई सीट पर लेटकर आराम से वीडियो देखने में व्यस्त है। जबकि, यात्री का दावा है कि भीड़ की वजह से कई पैसेंजर को सीट मिलने में परेशानी हो रही है।

**टिकट रहते हुए भी नहीं मिल पाई सीट :** एक्स पर <\@>पीकेमंडल321 नाम के हैंडल से पवन कुमार मंडल नाम के शख्स ने एक तस्वीर शेयर की है। इसमें एक टीटी को सीट पर सोकर मोबाइल में वीडियो देखते हुए दिखाया गया है। इस पोस्ट के साथ यूजर ने RailSeva और भारतीय रेल को भी टैग किया है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सतर्कता नियंत्रण उपकरण प्रणाली (VCDS) के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्रमांक:** NIT/14/OCT/95256237/01 दिनांक: 14.10.2025
**आइटम का विवरण:** सतर्कता नियंत्रण उपकरण प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग।
**मात्रा:** 66 नग
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,80,36,800/-
**ईएमडी:** ₹ 5,60,740/-
**देय तिथि:** दिनांक **12.11.2025**,
**देय समय:** सुबह **10:30** बजे।
**नोट:** ई-निविदा में सभी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियाँ IREPS वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाएँ।
**वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
AIM/32-158
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## शपथ पत्र

मैं चंचला भारद्वाज उम्र लगभग 41 वर्ष पति श्री धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज निवासीः- हाउस नं. 154/के, ग्राम देवरमाल गोंटिया मोहल्ला 3, कोरबा, जिला कोरबा छ.ग. आधार कमांक 6573 8658 9130 की होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँ :-

01. यह कि मैं उक्त पते पर स्थायी रूप से निवासरत हूँ।
02. यह कि मेरे पति धर्मेन्द्र कुमार भारद्वाज के द्वारा मेरे बैंक के चैक में मेरा हस्ताक्षर का उपयोग कर किसी भी कंपनी में वाहन क्रय किया जाता है या किसी प्रकार का कोई फायनेंस कराया जाता है तो वह अवैध एवं शून्य माना एवं समझा जावें।
03. यह कि मेरा चैक बुक गुम हो चुका है तथा मेरे द्वारा जो भी जानकारी दी गई है वह सत्य एवं सही है।
04. यह कि शपथ पत्र मेरे द्वारा अपने उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है जो कि वक्त पर काम आवे।

**शपथकर्ता**
**चंचला भारद्वाज**

---

## पेज एक के शेष

### सोनोग्राफी मशीन साल भर बाद...

रही सोनोग्राफी मशीन को अधिकारियों ने साल 2024 में तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवा दिया। मशीन के इंस्टालेशन के बाद मरीजों की सोनोग्राफी करने के लिए अस्पताल में लाइन लगानी शुरू हो गई, लेकिन मशीन शुरू नहीं हो सकी। इसके बाद तत्कालीन बीएमओ और सीएमएचओ द्वारा इसके सुधारने का बीड़ा उठाया गया, लेकिन इसके बाद भी मशीन कभी चालू नहीं हो सकी। क्षेत्र के लोगों ने इसकी शिकायत विधायक धर्मजीत सिंह से की, जिसके बाद विधायक ने जुलाई माह में प्रश्न काल के दौरान मशीन के नकली होने की बात कहते हुए जांच की मांग की थी। शुक्रवार 24 अक्टूबर को केन्द्रीय भंडारण उप संचालक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा सीएमएचओ बिलासपुर को इस संबंध में परीक्षण कर अभिमत देने का आदेश दिया है, जिसके बाद बिलासपुर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

### नाबालिग की संपत्ति बेची...

करने की जरूरत नहीं है।

**अचल संपत्ति के लिए यह है सुप्रीम कोर्ट का फैसला :** प्रावधानों का उल्लेख करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि कोई भी स्वाभाविक अभिभावक न्यायालय की पूर्व अनुमति के बिना नाबालिग की अचल संपत्ति को हस्तांतरित नहीं कर सकता। ऐसा कोई भी लेनदेन नाबालिग के कहने पर अमान्य करने योग्य हो जाएगा। हालांकि, पीठ ने स्पष्ट किया कि कानून में यह निर्दिष्ट नहीं किया गया है कि ऐसे अमान्य किए जाने योग्य लेनदेन को किस प्रकार अस्वीकृत किया जाना चाहिए।

**एक निश्चित समय सीमा के भीतर होगा सौदा निरस्त :** जस्टिस मिथल ने निर्णय लिखते हुए कहा कि नाबालिग के अभिभावक की ओर से निष्पादित अमान्य करने योग्य (वॉयडेबल) लेनदेन को वह नाबालिग वयस्क होने पर एक निश्चित समय सीमा के भीतर ऐसे लेनदेन को निरस्त करने के लिए मुकदमा दायर करके या अपने निर्विवाद प्रवर्तन से अस्वीकार या नजरअंदाज कर सकता है।

### पीठ ने हिन्दू संरक्षकता...

के किसी भी हिस्से को बंधक रखने, बेचने, उपहार देने या अन्य किसी प्रकार से हस्तांतरित करने या यहां तक कि ऐसी संपत्ति के किसी भी हिस्से को पांच साल से अधिक अवधि के लिए या नाबालिग के वयस्क होने की तारीख से एक साल से अधिक अवधि के लिए पट्टे पर देने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

---

# ‘राजद में वापसी से बेहतर मौत चुनूंगा : तेज प्रताप

एजेंसी ▶▶| पटना



बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने शुक्रवार को कहा कि वह ‘‘राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में लौटने से बेहतर मौत को चुनेंगे’। कुछ महीने पहले उनके पिता एवं राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। तेज प्रताप ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि उन्होंने नई पार्टी ‘जनशक्ति जनता दल’ बनाई है और वह महुआ विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। यह वही सीट है, जहां से उन्होंने 2015 में पहली बार चुनाव लड़ा था। तेज प्रताप ने अपने छोटे भाई और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव पर भी अप्रत्यक्ष रूप से टिप्पणी करते हुए कहा कि सत्ता उसी को मिलती है जिसे जनता का आशीर्वाद प्राप्त हो। उन्होंने कहा, ‘मैं राजद में लौटने से बेहतर मौत को चुनूंगा। मैं सत्ता का भूखा नहीं हूं। मेरे लिए सिद्धांत और आत्मसम्मान सर्वोपरि है।’ उन्होंने दावा किया, ‘मेरे लिए सबसे बड़ी बात जनता की सेवा करना है।

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
‘‘मिनी रत्न कम्पनी’’
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

**सूचना**

एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाऐं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इंण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर**
**NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR**
(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India
G.E. Road, Raipur-492010 (C.G.)

**षोडश दीक्षांत समारोह**
रविवार, दिनांक 09 नवम्बर 2025, प्रातः 10.00 बजे
(कार्यक्रम स्थल : पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडीटोरियम, एनआईटी रायपुर के समाने, रायपुर (छ.ग.))

**आमंत्रण**

सभी छात्र जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण की है, तथा वे छात्र जो इस सत्र में पी.एच.डी. की उपाधि हेतु पात्र घोषित किये गये हैं, उन्हें **षोडश दीक्षांत समारोह** में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने हेतु आवश्यक निर्देश एवं ऑनलाईन आवेदन पत्र संस्था की वेब साइट **www.nitrr.ac.in** पर उपलब्ध है। ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 02 नवम्बर 2025 तक संस्थान की वेबसाइट पर भरे जा सकते हैं।

कुलसचिव
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
‘‘मिनी रत्न कम्पनी’’
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/नप्र/को./कार्मिक विभाग/25/753 दिनांक 08.10.2025

**आवश्यक सूचना**

इस पत्र के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की सराईपाली परियोजना हेतु 08 भू-स्वामियों के 08 आश्रितों को नौकरी प्रदान करने की सूचना प्राप्त हुई है। जिसकी सूची इस प्रकार है :-

ग्राम-करतली

| स. क्र. | खातेदार का नाम/पिता का नाम अर्जित खसरा नं. | अर्जित ख.नं. एवं रकबा (एकड़ में) | घटते क्रम की सूची क्रमांक | प्रस्तावित रोजगार की संख्या | शेष रोजगार | रोजगार प्राप्ति हेतु नामांकित व्यक्ति/पिता का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अविनाश प्रताप सिंह पिता सुरेश सिंह | 603/11 kh, 603/9 kh, 598/8 कुल रकबा 2.15 | 21 | 01 | NIL | अविनाश प्रताप सिंह पिता सुरेश सिंह<br>संबंध-स्वयं<br>जाति-गोंड़ (आदिवासी)<br>जन्मतिथि- 23.07.1995 (As per HSC MS)<br>शिक्षा- BE (Mech. Eng.)<br>आधार कार्ड नं.- 682595853804 |
| 2 | हरिभजन पिता फत्ते सिंह | 189/3, 588/1, 581/1, 521/1, 529/2 कुल रकबा 2.05 | 25 | 01 | NIL | रामू सिंह पिता हरिभजन सिंह<br>संबंध- पुत्र<br>जाति-गोंड़ (आदिवासी)<br>जन्मतिथि- 25.04.1996<br>शिक्षा- 10 वीं<br>आधार कार्ड नं.- 429022667923 |
| 3 | चमरु पिता राम सिंह | 188/4, 195/15, 168/6, 168/13, 188/22, 188/14 कुल रकबा 1.70 | 38 | 01 | NIL | गजेन्द्र पाल पिता चमरु सिंह<br>संबंध-पुत्र<br>जाति- गोंड़ (आदिवासी)<br>जन्मतिथि - 06.06.1992<br>शिक्षा - 10 वीं<br>आधार कार्ड नं. - 793400528852 |
| 4 | शिव कुमार पिता प्रेम सिंह | 588/3, 587, 543/1, 555/2 कुल रकबा 1.54 | 46 | 01 | NIL | आदित्य सिंह पिता शिव कुमार सिंह<br>संबंध- पुत्र<br>जाति- गोंड़ (आदिवासी)<br>जन्म तिथि- 19.09.2023<br>शिक्षा- 10 वीं<br>आधार कार्ड नं.- 491326589118 |
| 5 | राधा बाई पिता नान्ही सिंह | 531/1 कुल रकबा 0.83 | 105 | 01 | NIL | टंकेश्वर पिता लखन सिंह (माता राधा बाई)<br>संबंध- पुत्र<br>जाति- गोंड़ (आदिवासी)<br>जन्म तिथि- 09.08.1995<br>शिक्षा- 12 वीं<br>आधार कार्ड नं.- 519322207268 |
| 6 | छत्रपाल सिंह पिता देवचरण | 586/3 कुल रकबा 0.72 | 117 | 01 | NIL | वैभव पिता छत्रपाल सिंह<br>संबंध- पुत्र<br>जाति - गोंड़ (आदिवासी)<br>जन्मतिथि - 11.01.2002<br>शिक्षा - 12 वीं<br>आधार कार्ड नं.- 990173820320 |
| 7 | लखन सिंह पिता सहेत्तर सिंह | 193/4 कुल रकबा 0.67 | 128 | 01 | NIL | आशिष कुमार टेकाम पिता लखन सिंह<br>संबंध- पुत्र<br>जाति - गोंड़ (आदिवासी)<br>जन्मतिथि - 27.10.2002<br>शिक्षा - 10 वीं<br>आधार कार्ड नं. - 681494060400 |
| 8 | सीता राम पिता महेत्तर | 557, 572/2, 527 कुल रकबा 0.59 | 148 | 01 | NIL | विनय कुमार पिता सीता राम<br>संबंध - पुत्र<br>जाति - गोंड़ (आदिवासी)<br>जन्म तिथि- 21.07.2003<br>शिक्षा- 10 वीं<br>आधार कार्ड नं.- 688537288896 |

इस पत्र के माध्यम से ग्राम-करतली के उक्त भूमि की समस्त भू-स्वामियों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भू-स्वामियों को एसईसीएल में नौकरी प्रदान करने में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वे अपनी आपत्ति सूचना के प्रकाशन तिथि के 07 (सात) दिनों के भीतर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। समय-सीमा की समाप्ति उपरांत आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा।

SECL/25-26/204 महाप्रबंधक, एसईसीएल, कोरबा क्षेत्र

---

## बिहार चुनाव के समय राहुल गांधी को याद आये चाचा केसरी

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सीताराम केसरी की याद 25 सालों बाद आई। चाचा केसरी के नाम से मशहूर सीताराम केसरी की 25 वी वर्षी पर उनके परिजनों ने एआईसीसी मुख्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद करने का छोटा सा कार्यक्रम रखने की इजाज़त माँगी गई जिसको तुरंत न केवल स्वीकार किया गया बल्कि सब इंतज़ाम पार्टी ने किया। राहुल गांधी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने इसमें शिरकत भी किया। वैश्य समुदाय से आने वाले सीताराम केसरी पटना के पास दानापुर में ही मूल रूप से रहा करते थे। बिहार की राजनीति वैश्य बिरादरी को भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। ऐसे में चाचा केसरी को याद करते हुए राहुल गांधी द्वारा श्रद्धांजलि दिए जाने के राजनीतिक निहितार्थ निकाले का रहे हैं।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

---


## शब्द पहेली - 6027



**बाएँ से दाए-**
2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरूम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

**शब्द पहेली -6026 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6037

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6036 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## खबर संक्षेप

### रुपया 10 पैसे मजबूत होकर 87.78 पर बंद



**मुंबई।** भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर आशावादी रुख और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से शुक्रवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 10 पैसे मजबूत होकर 87.78 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों के एक बार फिर बिकवाल हो जाने, विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोर धारणा ने रुपये में तेज बढ़त को सीमित कर दिया।

### डीमार्ट के दमानी ने लेंसकार्ट में किया 90 करोड़ का निवेश



**नई दिल्ली।** एवेन्यू सुपरमार्ट्स (डीमार्ट) के संस्थापक एवं निवेशक राधाकिशन दमानी ने आईपीओ पूर्व वित्त पोषण चक्र में आंखों की देखभाल से जुड़े उत्पाद बेचने वाली कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस में करीब 90 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मामले से जुड़े लोगों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लेंसकार्ट के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले यह निवेश किया गया है।

### प्रीमियर एनर्जीज ने किया केसोलर का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** प्रीमियर एनर्जीज ने एक संयुक्त उद्यम साझेदारी में केसोलर एनर्जी की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी 170 करोड़ रुपये में हासिल की और अपने नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) कारोबार का विस्तार करते हुए सौर इन्वर्टर क्षेत्र में प्रवेश करने की शुक्रवार को घोषणा की।

# अब टाटा मोटर्स का नाम बदलकर हुआ 'टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा मोटर्स ने आधिकारिक रूप से अपना नाम बदलकर टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी ) कर लिया है। कंपनी के शेयर अब स्टॉक एक्सचेंजों पर 'टीएमपीवी' नाम के तहत ट्रेड हो रहे हैं। यह बदलाव कंपनी के कमर्शियल व्हीकल (सीवी) बिजनेस के डिमर्जर के बाद हुआ है, जो इस महीने की शुरुआत में प्रभावी हुआ था।

## कंपनी के शेयर अब टीएमपीवी के नाम से ट्रेड हो रहे

### 1:1 के अनुपात में मिलेगा शेयर

निवेशकों को टाटा मोटर्स के प्रत्येक 1 शेयर पर टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल बिजनेस (टीएमएलसीवी) का 1 शेयर मिलेगा। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल (टीएमएलसीवी)के शेयर नवंबर में बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होने की संभावना है। यह डिमर्जर 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो चुका है, जबकि शेयर एडजस्टमेंट 14 अक्टूबर को हुआ।




### डिमर्जर का उद्देश्य

टाटा मोटर्स के बोर्ड ने अगस्त 2024 में डिमर्जर को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य दोनों सेगमेंट, कमर्शियल व्हीकल्स और पैसेंजर व्हीकल्स को अलग-अलग पहचान देना और उनके बिजनेस मॉडल्स के हिसाब से रणनीति बनाना था।

### निवेशकों के लिए इसका क्या मतलब है?

इस डिमर्जर के बाद निवेशकों के पास अब दो अलग-अलग कंपनियों के शेयर होंगे। एक कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट पर आधारित और दूसरा पैसेंजर व्हीकल बिजनेस पर। दोनों के अलग-अलग बिजनेस मॉडल और ग्रोथ ड्राइवर्स होने से निवेशकों को ज्यादा पारदर्शिता और वैल्यू क्रिएशन के अवसर मिल सकते हैं।

टाटा मोटर्स ने अपने कमर्शियल और पैसेंजर व्हीकल बिजनेस को अलग-अलग सूचीबद्ध संस्थाओं में बांटने का फैसला किया था, ताकि दोनों सेगमेंट अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर फोकस और विकास के अवसर पा सकें। कंपनी ने इस डीमर्जर के लिए 14 अक्टूबर को रिकॉर्ड डेट तय की थी, ताकि यह तय किया जा सके कि किन शेयरधारकों को नए टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल (टीएमएलसीवी) बिजनेस के शेयर मिलेंगे।

## सीजीएसटी भवन के उद्घाटन अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा

# जीएसटी अधिकारी ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करें : सीतारमण

एजेंसी ▶▶| गाजियाबाद

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि जीएसटी अधिकारियों को ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। गाजियाबाद में सीजीएसटी भवन के उद्घाटन के अवसर पर सीतारमण ने कर अधिकारियों से तेजी से पंजीकरण मंजूरी एवं शिकायत निवारण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और क्षेत्रीय इकाइयों से सक्रिय रूप से व्यापार करने में सुगमता लाने का भी आह्वान किया। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसा करने से केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) स्पष्ट संदेश देगा कि कदाचार, कर्तव्य की उपेक्षा या अनैतिक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा, ''आपके और व्यापारी के बीच कोई लोहे की दीवार नहीं है, बस हवा का एक झोंका है। आप समझ सकते हैं कि समस्या कहां है, बजाय इसके कि उसे और उलझाएं।''

## अधिकारियों से तेजी से पंजीकरण मंजूरी करने का आह्वान

### बुरे करदाताओं को पकड़ने नियमों का पालन करें

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी अधिकारियों को ईमानदार करदाताओं के साथ व्यवहार करते समय अधिक सहानुभूति एवं शिष्टाचार दिखाना चाहिए और उन्हें यह एहसास दिलाना चाहिए कि अगली पीढ़ी के जीएसटी के तहत उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। मंत्री ने कहा, '' अगर करदाताओं में कुछ लोग बुरे लोग हैं तो उन्हें पकड़ने के लिए नियमों का पालन करें लेकिन हर किसी को संदेह की नजर से न देखें।''



### करदाताओं को बेहतर महसूस होगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि आप विनम्र बने रहें। अगली पीढ़ी का जीएसटी केवल दरों, श्रेणियों, सरलीकरण के बारे में नहीं है। इससे करदाता को बेहतर महसूस होना चाहिए।''इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विनम्रता को कानून व नियमों के साथ समझौते के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

### कार्यवाही का शीघ्र निपटारा संगठन के भीतर

विभागीय अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा कि ऐसी कार्यवाही का शीघ्र निपटारा संगठन के भीतर जवाबदेही को मजबूत करता है। सीतारमण ने कहा, ''कार्यवाही लंबी चलने से संबंधित अधिकारियों, खासकर निर्दोष अधिकारियों के मनोबल एवं प्रतिष्ठा पर गलत असर पड़ता है। जिन पर गलत आरोप लगाया गया है उनके लिए जल्द फैसला राहत एवं सम्मान की बहाली लेकर आता है।

### गलत किया तो खैर नहीं

अनुशासनात्मक मामलों का आदर्श वाक्य होना चाहिए, 'गलत किया है तो खैर नहीं, सही किया है तो कोई बैर नहीं'।''वित्त मंत्री ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों से जीएसटी पंजीकरण चाहने वाले करदाताओं पर अनुपालन का बोझ कम करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने का भी आग्रह किया।

### बेईमान करदाताओं को कोई राहत न दें


वित्त मंत्री ने कहा, ''अच्छे काम करते रहें, सुधारों की गति बनाए रखें और हमेशा याद रखें कि हमारा अंतिम लक्ष्य ईमानदार करदाताओं का जीवन आसान बनाना है। बेईमान करदाताओं को किसी भी तरह से राहत न दें। अगर हम ऐसा करेंगे, तो आर्थिक वृद्धि एवं समृद्धि निश्चित रूप से आएगी।'' उन्होंने कहा कि कर अधिकारियों को बेईमान करदाताओं से निपटते समय 'व्यक्तिनिष्ठ' होने की जरूरत नहीं है और उन्हें केवल निर्धारित नियमों या मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करना चाहिए।

## वैश्विक बाजारों में रहा कमजोर रुख

# सोना फिसलकर 1,25,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर, चांदी भी टूटी

### सोना 18 अक्टूबर को 1,32,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर हुआ था बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुझान के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमतें गिरकर 1,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 18 अक्टूबर को 1,32,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना टूटकर 1,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। शनिवार को यह 1,31,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमतें भी गिरकर 1,52,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गईं।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। सर्राफा संघ ने कहा कि दिवाली उत्सव के बीच चार दिनों तक कारोबार बंद रहने के बाद स्थानीय सर्राफा बाजार में कारोबारी गतिविधियां शुक्रवार को फिर से शुरू हो गईं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, पिछले सत्र में 0.67 प्रतिशत बढ़ने के बाद शुक्रवार को हाजिर सोना 38.47 डॉलर यानी 0.93 प्रतिशत टूटकर 4,087.55 डॉलर प्रति औंस रह गया।

### भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता

सप्ताह की शुरुआत में तेज बिकवाली के बाद व्यापारी सतर्क रहे और ताजा लिवाली से बचते नजर आये। गांधी ने कहा कि भारत में कई बाजार त्योहारी छुट्टियों के मौसम में बंद हैं, और दिवाली त्योहार खत्म होने के बाद, दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सोने के उपभोक्ता भारत में मांग में गिरावट आने की उम्मीद है। विदेशी बाजारों में चांदी हाजिर 1.66 डॉलर टूटकर 48.12 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## बिजनेस साइट

### पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ



**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ में चिकित्सा जगत में नया अध्याय लिखा गया, जब स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की उपस्थिति में यज्ञ-अग्निहोत्र और वेद मंत्रों के साथ पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का अनौपचारिक शुभारंभ किया गया। स्वामी रामदेव ने इस अवसर पर कहा कि पतंजलि की यह पहल 'चिकित्सकीय लोकतांत्रिक व्यवस्था' का प्रतीक है, जहां रोगी सेवा ही सर्वोच्च धर्म है। उन्होंने घोषणा कि है कि हरिद्वार में इस हॉस्पिटल का शुभारंभ मात्र शुरुआत है, जल्द ही दिल्ली-एनसीआर में एम्स, अपोलो और मेदांता से भी बड़े स्तर पर इसका विस्तार किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह 'कॉरपोरेट नहीं, कापरेट हॉस्पिटल' होगा, जहां लाभ नहीं, सेवा प्राथमिकता होगी।

### 'बीएमसी साइक्लोथॉन-25' के जरिए ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता का संदेश




**रायपुर।** ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) की ओर से रविवार, 26 अक्टूबर को एक विशेष साइक्लिंग इवेंट 'बीएमसी साइक्लोथॉन–25' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य, फिटनेस और स्तन कैंसर के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6:30 बजे होगा। साइक्लोथॉन का रूट मरीन ड्राइव-घड़ी चौक-मरीन ड्राइव तय किया गया है। आयोजन की विशेषता यह है कि इसमें भागीदारी पूरी तरह निशुल्क रखी गई है। बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से शहरवासियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस वर्ष अभियान का मुख्य संदेश है 'शर्म छोड़ो, गांठों पे बोलो', क्योंकि जागरूकता ही बचाव की पहली सीढ़ी है। विश्व स्तन कैंसर जागरूकता माह के उपलक्ष्य में बीएमसी में महिलाओं के लिए 3डी मैमोग्राम जांच निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। केवल रजिस्ट्रेशन और डॉक्टर कंसल्टेशन के साथ मैमोग्राफी जांच की यह सुविधा मुफ्त दी जा रही है। बालको मेडिकल सेंटर ने नागरिकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में इस आयोजन में शामिल होकर बीएमसी की हेल्थ अवेयरनेस पहल 'समर्थ' को सफल बनाएं और समाज में ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता का संदेश फैलाएं।

### एक्सिस ने हिताची के साथ मिलकर पेश किया 'एक्सप्रेस बैंकिंग' सेवा

**रायपुर।** भारत के प्रमुख निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने एक अग्रणी एंड-टू-एंड पेमेंट्स और कॉमर्स सॉल्यूशंस प्रदाता हिताची पेमेंट सर्विसेज के साथ मिलकर 'एक्सप्रेस बैंकिंग' लॉन्च किया है। यह देश का पहला डिजिटल बैंकिंग प्वाइंट है। यह नवाचारी ऑमनी-चैनल समाधान शाखा बैंकिंग में क्रांति लाता है, क्योंकि यह सभी बैंकिंग सेवाओं को एक कॉम्पैक्ट फॉर्मेट में प्रदान करता है। हिताची पेमेंट सर्विसेज की बैंकिंग तकनीक और पेमेंट सॉल्यूशंस विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, यह डिजिटल बैंकिंग प्वाइंट पहुंच और सुविधा को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। शाखा बैंकिंग सेवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त जोड़ते हुए, एक्सप्रेस बैंकिंग एक बंडल्ड, कस्टमाइजेबल समाधान प्रदान करता है, जो डिजिटल लॉबी के कॉम्पैक्ट फॉर्मेट में जल्दी से लागू किया जा सकता है और इसे सेल्फ-सर्विस और असिस्टेड दोनों मोड में संचालित किया जा सकता है। ग्राहक अब एक्सप्रेस बैंकिंग में 24x7 जाकर नए बैंक खाते खोल सकते हैं।

# इट्सा हॉस्पिटल्सः प्रसव के बाद पेट की समस्याओं के लिए सम्पूर्ण देखभाल का भरोसेमंद केंद्र





**रायपुर।** सड्डू स्थित इट्सा हॉस्पिटल्स ने मातृत्व के बाद महिलाओं के आंत और पाचन स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की अपील की है। कंसल्टेंट लेप्रोस्कोपिक, लेजर और जनरल सर्जन डॉ. जील शेठ अग्रवाल का कहना है, 'मातृत्व सब कुछ बदल देता है - इसमें आपका पाचन तंत्र भी शामिल है।' गर्भावस्था और प्रसव के बाद कब्ज, पेट फूलना और बवासीर जैसी समस्याएं आम हैं, जिन्हें अक्सर सामान्य मान लिया जाता है, जबकि ये पूरी तरह इलाज योग्य और रोकथाम योग्य हैं।

■ डॉ. जील शेठ अग्रवाल के नेतृत्व में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं

डॉ. अग्रवाल महिलाओं से अपील करती हैं कि वे पर्याप्त पानी पिएं, फाइबर युक्त आहार लें, रोज हल्की गतिविधि करें और किसी भी असुविधा में तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। इट्सा हॉस्पिटल्स का उद्देश्य है - हर माता को गरिमा, आराम और आत्मविश्वास के साथ स्वस्थ बनाना। क्योंकि जब आपका आंत स्वस्थ होता है, तभी आपकी रिकवरी की असली शुरुआत होती है।

इट्सा हॉस्पिटल्स में पोस्ट-प्रेग्नेंसी गट और प्रोक्टोलॉजी देखभाल के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां लेजर सर्जरी और न्यूनतम चीरा तकनीक के जरिए माताओं को दर्द रहित, बिना टांकों और जल्दी रिकवरी की सुविधा दी जाती है। अधिकतर मरीज उसी दिन घर लौट सकती हैं। डॉ. अग्रवाल बताती हैं कि गर्भावस्था के दौरान हार्मोनल बदलाव, आयरन सप्लीमेंट्स और कम शारीरिक गतिविधि पाचन को प्रभावित करते हैं।

### इट्सा हॉस्पिटल्स में अत्याधुनिक सुविधाएं

प्रसव के बाद कब्ज या हर्निया जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं, जिनका समय पर इलाज आवश्यक है। इट्सा में पोस्ट-सर्जरी रिहैबिलिटेशन के अंतर्गत कोर स्ट्रेंथ बढ़ाने वाले व्यायाम, आहार संबंधी सलाह और व्यक्तिगत काउंसलिंग की सुविधा भी दी जाती है, जिससे महिलाएं अंदर और बाहर दोनों तरह से ताकत वापस पा सकें।

# घरेलू शेयर बाजार में छह दिनों बाद आई गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



विदेशी पूंजी की निकासी और बैंकों एवं एफएमसीजी शेयरों में मुनाफावसूली के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार छह कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 344.52 अंक यानी 0.41 प्रतिशत गिरकर 84,211.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 599.25 अंक की गिरावट के साथ 83,957.15 अंक पर आ गया था। निफ्टी 96.25 अंक की गिरावट के साथ 25,795.15 अंक पर बंद हुआ। इसके 50 में से 34 शेयरों में गिरावट रही।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में सबसे अधिक 3.20 प्रतिशत की गिरावट आई। अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे।

घरेलू शेयर बाजार लगातार छह सत्रों की तेजी के बाद नुकसान में रहे। इसके पीछे ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली हावी होने के अलावा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की टिप्पणी का भी हाथ रहा। गोयल ने जर्मनी में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत जल्दबाजी में सौदे नहीं करता है और न ही समयसीमा तय करके या दबाव में आकर समझौते करता है।

### गोयल की टिप्पणी से उम्मीदें टूटी

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा, ''गोयल की इस टिप्पणी से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते जल्द संपन्न होने की उम्मीदें टूट गईं। इससे सप्ताह के शुरू में आई जोरदार तेजी के बाद सभी क्षेत्रों में मुनाफावसूली हुई।''

### एशियाई बाजार में रही तेजी

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को सकारात्मक दायरे में बंद हुए थे।

# इस्पात की कीमतें पांच साल के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू इस्पात की कीमतें पांच साल के निचले स्तर पर आ गई हैं और 47,000-48,000 रुपये प्रति टन के दायरे में कारोबार कर रही हैं। बढ़ते आयात सहित कई कारकों के कारण कीमतें प्रभावित हुई हैं। परामर्श सेवाएं देने वाली बिगमिंट के बाजार आंकड़ों के अनुसार, थोक बाजार में हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) की कीमतें 47,150 रुपये प्रति टन के आसपास जबकि री-बार (टीएमटी) की कीमतें 46,500-47,000 रुपये प्रति टन के दायरे में हैं।



### वैश्विक बाजार में जरूरत से ज्यादा आपूर्ति

पिछली बार कीमतें इस स्तर पर 2020 में थीं, जब वैश्विक महामारी की मंदी के बीच एचआरसी 46,000 रुपये प्रति टन के स्तर पर और री-बार 45,000 रुपये प्रति टन पर कारोबार कर रहा था।

**प्रवेश पहले आओ पहले पाओ**


एनएमडीसी सीएसआर प्रायोजित कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं

निःशुल्क पाठ्यक्रम

एनएमडीसी
NMDC
RESPONSIBLE MINING

एनएमडीसी हैदराबाद स्थित केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए बस्तर के (7) सात जिलों से जनजातीय उम्मीद्वारों (पुरुष) को प्रायोजित कर रहा है।

| क्र.सं. | पात्रता | अवधि | उम्र | कोर्स का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यूनतम 8वीं पास | 6 माह | न्यूनतम 18 वर्ष | 1. Machine Operator - Plastic Processing<br>2. Machine Operator - Injection Molding<br>3. Machine Operator - Blow Molding<br>4. Machine Operator - Plastic Bag<br>5. Machine Operator - Plastic Extrusion<br>6. Machine Operator - Plastic Recycling<br>7. FRP Operator<br>8. Machine Operator - Tool Room<br>9. Machine Operator and Programmer - CNC Lathe<br>10. Machine Operator and Programmer-CNC Milling<br>11. Plastic Mold Manufacturer<br>12. Advanced Plastic Mold Manufacturer<br>13. Machinery Maintenance Technician<br>14. Plastic Product and Mold Designer<br>15. Supervisor - Plastic Material & Product Testing and QC |



**प्रवेश पहले आओ पहले पाओ**
**के आधार पर 27 अक्तूबर 2025 से 15 नवंबर 2025 तक होगा**

पात्रता मानदंड और आवेदन जमा करने के लिए:
सुबह : 10.00 से शाम 5.30 तक

दंतेवाडा, सुकमा एवं बीजापुर जिले के लिए:
ऑडिटोरियम हॉल, बीआईओपी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय
बीआईओएम किरन्दुल कॉम्प्लेक्स, एनएमडीसी किरन्दुल
श्री सुखराम गावडे : 8305547737

बस्तर, नारायणपुर, कोण्डागांव एवं कांकेर जिले के लिए:
एनएमडीसी डीएवी प्राइवेट इण्डस्ट्रियल ट्रेनिंग इन्स्टिट्यूट
नगरनार पंचायत भवन के पास, नगरनार जिला – बस्तर
श्री अभिशेक पवार : 9424281754
श्री सचिन तिवारी: 9340136656
श्री विनोद पान्डेय : 8718888144

खुशियां बिखेरते हुए एनएमडीसी

# विश्वकप में स्मृति-प्रतीका की जोड़ी का कमाल, पहले विकेट के लिए जोड़े रिकॉर्ड 212 रन

एजेंसी ▸▸| नवी मुंबई

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल को एक साथ आए हुए एक साल भी नहीं हुआ है, लेकिन उन्होंने शीर्ष क्रम में बेहद सफल जोड़ी बनाई है। इन दोनों ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़कर पहले विकेट के लिए 212 रन की रिकार्ड साझेदारी की, जिससे भारत ने यह मैच डकवर्थ लुईस पद्धति से 53 रन से जीत कर महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पिछले वर्ष दिसंबर में जोड़ी बनाने के बाद से यह उनकी सातवीं तथा 2025 में पांचवीं शतकीय साझेदारी थी। मंधाना के 95 गेंदों में 105 रन और रावल के 134 गेंदों में 122 रन की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 340 रन का विशाल स्कोर बनाया, जो इस विश्व कप में किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इस जोड़ी ने अब तक 23 पारियों में 1,799 रन जोड़े हैं।

**जोड़ी बनाने के बाद से मंधाना-रावल की सातवीं तथा 2025 में पांचवीं शतकीय साझेदारी**

**स्मृति और प्रतीका ने 23 पारियों में जोड़े 1,799 रन**

### हमारी बातचीत गणना पर आधारित

*रावल ने कहा कि उन दोनों के बीच अच्छी समझ है, जिससे कि वह बड़ी साझेदारी निभाने में सफल रही हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे बीच सहज बातचीत होती है। वह मुझे वह करने देती हैं, जो मेरा मजबूत पक्ष है और मैं उसमें हस्तक्षेप नहीं करती, जिसमें वह सर्वश्रेष्ठ हैं।' उन्होंने कहा, 'जब हम बल्लेबाजी करते हैं तो पूरी बातचीत गणना पर आधारित होती है। हमारी बातचीत इसी पर आधारित होती है कि हमें बड़ा स्कोर बनाने के लिए कितने रन बनाने होंगे। अगर हम लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो हमारी बातचीत इस पर आधारित होती है ताकि हम आसानी से लक्ष्य का पीछा कर सकें।' रावल ने कहा, 'वह गणना करने में बहुत अच्छी है और वह जो भी मुझसे कहती है, मैं उसमें शामिल होना पसंद करती हूं। हम दोनों को सहजता के साथ आगे बढ़ना पसंद है।'*






### हम सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया

*प्रतीका ने कहा, 'हम यह चर्चा इसलिए कर रहे थे ताकि हमें खुद पर विश्वास हो कि हम किसी भी समय मैच जीत सकते हैं और हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं, मैच विजेता खिलाड़ी, जो बड़ी पारी खेल सकते हैं और विकेट ले सकते हैं।' रावल ने कहा, 'दुर्भाग्य से हम तीन मैच हार गए, लेकिन हमने उन मैचों में भी शानदार प्रदर्शन किया। यह (जीत) हमें मिलनी ही थी और मुझे बहुत खुशी है कि हम सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया और हम मैच जीतने में सफल रहे।' रावल ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष की उंगली में लगी चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा, 'ऋचा बिल्कुल ठीक हैं। दुर्भाग्य से मैच के दौरान उसकी उंगली में चोट लग गई। लेकिन यह चोट गंभीर नहीं है।'*

## ऑस्ट्रेलिया की धरती पर कोहली और रोहित का होगा आखिरी मैच

# 41 साल बाद टीम इंडिया पर मंडराया क्लीन स्वीप का खतरा, आज सिडनी में आखिरी वनडे

एजेंसी ▸▸| सिडनी

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9 बजे शुरू होगा**

ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर टीम इंडिया अब अंतिम वनडे मैच सिडनी के मैदान में 25 अक्टूबर को खेलेगी। तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले दो मैच में हार के साथ टीम इंडिया सीरीज गंवा चुकी है। इसके चलते टीम इंडिया पर 41 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। भारत को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो सिडनी मे हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। वहीं विराट कोहली और रोहित शर्मा शनिवार को जब तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में खेलने के लिए उतरेंगे तो भावनाओं का ज्वार अपने चरम पर हो सकता है क्योंकि यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर इन दोनों का संभवतः अंतिम मैच होगा।

### गिल-गंभीर के नाम जुड़ सकता है शर्मनाक रिकॉर्ड?

शुभमन गिल की कप्तानी और गौतम गंभीर की कोचिंग में टीम इंडिया पहली बार ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर वनडे सीरीज खेल रहे हैं। गिल की वनडे कप्तानी का आगाज खराब रहा और उनको अपने करियर की पहली सीरीज में हार मिली। इसके बाद अब गिल के नाम एक बड़ा कलंक ये लग सकता है कि टीम इंडिया पिछले 41 साल में अभी तक किसी भी वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से क्लीन स्वीप नहीं झेली है। अगर सिडनी में ऐसा होता है तो गिल और गंभीर की जोड़ी के नाम ये शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ जाएगा।

### पिछली बार 1984 में हुआ था क्लीन स्वीप

पिछली बार साल 1984 में ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को पांच मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 से हराकर उसका क्लीन स्वीप किया था। उस समय टीम इंडिया की कप्तानी सुनील गावस्कर के पास थी। अब गिल की टीम इंडिया हारती है तो गावस्कर के साथ गिल का नाम भी इस शर्मनाक क्लब में जुड़ जाएगा।




### सिडनी में मात्र दो मैच जीती टीम इंडिया

*भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अंतिम वनडे मैच 25 अक्टूबर को सिडनी के मैदान में खेला जाना है। इस मैदान पर दोनों टीमों के बीच अभी तक 19 वनडे मैच खेले जा चुके हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने 16 वनडे जीते तो टीम इंडिया के नाम इस मैदान में सिर्फ दो जीत दर्ज है। इस लिहाज से ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।*

### आंकड़े भारतीय टीम के पक्ष में नहीं

यह मैच इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गौतम गंभीर की कोचिंग वाली भारतीय टीम 0-3 से क्लीन स्वीप से बचना चाहती है लेकिन आंकड़े भारतीय टीम के पक्ष में नहीं हैं। उसने यहां, जो पिछले पांच वनडे मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में जीत मिली है। कप्तान शुभमन गिल और कोहली दोनों से बड़ी पारी दरकार है और गंभीर को अंतिम मैच में दोनों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पिछले दो मैचों में बुरी तरह से पराजित हुई भारतीय टीम को गेंदबाजी में सुधार करना जरूरी है।

### टीमें इस प्रकार

*भारत : शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।*

*ऑस्ट्रेलिया: मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स केरी (विकेट कीपर), जोस इंग्लिस (विकेट कीपर), कूपर कोनोली, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जैक एडवड्र्स, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल स्टार्क, एडम जम्पा, मैट कुहनेमैन।*

### ओवेन और कोनोली ने दिया कौशल का परिचय

*जहां तक ऑस्ट्रेलियाई टीम का सवाल है, तो साफ नजर आता है कि उसने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल ओवेन और कूपर कोनोली जैसे खिलाड़ियों ने दबाव वाली परिस्थितियों में सही रणनीति तैयार करने और उस पर अमल करने के अपने कौशल का अच्छा परिचय दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस मैच के लिए मैट कुहनेमैन को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है, जिन्होंने पहले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी।*

▪ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

## हंसिका का शानदार प्रदर्शन सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸| नोवी साद

हंसिका लांबा अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिलाओं के शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जबकि नेहा शर्मा रेपेशाज में अपने मौके का फायदा उठा कर शुक्रवार को 57 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक की दौड़ में बनी हुई है।



प्रिया मलिक ने मैक्सिको की पहलवान एडना जिमेनेज विलाल्बा को 8-1 से हराकर कांस्य पदक जीतकर भारत को इस टूर्नामेंट का दूसरा पदक दिलाया था। निशु (55 किग्रा), पुलकित (65 किग्रा) और सृष्टि (68 किग्रा) भी कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। हंसिका ने अपने तीन मुकाबलों में केवल दो अंक गंवाए। उन्होंने विक्टोरिया वोल्क पर 11-0 से जीत के साथ शुरुआत की और उसके बाद कजाकिस्तान की जिनेप बयानोवा को 8-2 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने उज्बेकिस्तान की दिलशोदा मतनाजारोवा पर तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से जीत हासिल की। सविता को क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की इरिना बोंडार से 3-4 से हार गईं। हन्नी कुमारी (50 किग्रा), दीक्षा मलिक (72 किग्रा) पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं।

## भारत की बेटियों का दबदबा, क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य, दीक्षा और शाइना

एजेंसी ▸▸| चेंगदू (चीन)

चेंगदू (चीन)। भारत की लक्ष्य राजेश, दीक्षा सुधाकर और शाइना मणिमुथु ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप के लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। छठी वरीयता प्राप्त दीक्षा ने चीनी ताइपे की पिन हुआन चियांग को 21-19, 21-15 से हराकर अंडर-17 वर्ग के अंतिम आठ में प्रवेश किया। लक्ष्य ने कोरिया की ली युन सेओ को 21-16, 21-11 से हराकर अंडर-17 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त शाइना ने अंडर-15 प्री-क्वार्टर फाइनल में दबदबा कायम करते हुए चीन की ली मान लिन को 21-17, 21-16 से हराया।



### अदिति और वृद्धि ने कोरियाई जोड़ी को हराया

*अदिति दीपक राज और बीवी पोन्नम्मा वृद्धि ने लड़कियों के युगल वर्ग में शुरुआती गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए कोरिया की ली युन सेओ और पार्क यू जियोंग की जोड़ी को 17-21, 21-15, 21-17 से मात दी। चरण राम थिप्पाना और हरि कृष्ण वीरमरेड्डी ने लड़कों के युगल वर्ग में जापान के कोसुके शिनोहारा और हिरोतो नाकात्सुका पर 21-14, 21-8 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। जगशेर सिंह खंगुरा ने एकल वर्ग में मलेशिया के विंसन चोह को 21-12, 21-17 से आसानी से हराया। वजीर सिंह सिंह अंडर-15 लड़कों के एकल वर्ग के बेहद रोमांचक मुकाबले में इंडोनेशिया के सातवें वरीय रेवन एड्रिलियो सपुत्रा से 19-21, 22-20, 22-24 से हारकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने से चूक गए।*

# वनडे नहीं खेलेंगी सोफी किया संन्यास का ऐलान




एजेंसी ▸▸| नवी मुंबई

अपने पांचवें विश्व कप में न्यूजीलैंड की कप्तानी करने वाली डिवाइन रविवार को वनडे से संन्यास ले लेंगी, क्योंकि उनकी टीम गुरुवार को भारत से बड़ी हार के साथ सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई।

न्यूजीलैंड में घरेलू क्रिकेट में सुधार के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'हमें यथार्थवादी होना होगा कि ये चीजें रातोंरात नहीं होतीं। हम भारत की तरह नहीं हैं। हमारे पास एक अरब लोग नहीं हैं, जिनसे संपर्क किया जा सके। हम वास्तव में दुनिया के सबसे निचले पायदान पर स्थित एक छोटा सा देश हैं, जिसकी आबादी पांच करोड़ है।' डिवाइन ने कहा, 'यहां एक अरब लोग हैं और यहां जिस तरह से घरेलू क्रिकेट पर काम हो रहा है वह न्यूजीलैंड में हमारे काम करने के तरीके से बहुत भिन्न है।' उन्होंने कहा, 'मैं महिला क्रिकेट के भविष्य को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यहां जिस तरह से महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है उससे मुझे लगता है कि भारत महिला क्रिकेट में अग्रणी देश बन सकता है।

न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने भारत के खिलाफ अपनी टीम की हार के बाद कहा कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को कैलेंडर में जगह मिलने से भविष्य में भारत महिला क्रिकेट के मामले में अग्रणी देश बन सकता है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. ESIC
सत्यमेव जयते

क्षेत्रीय कार्यालय, 107, राम नगर रोड, कोटा,रायपुर (छत्तीसगढ़) - 492010
REGIONAL OFFICE, 107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR (CHHATTISGARH)-492010
Phone:0771-2254589,
Email: rd-cgarh@esic.gov.in
Website: www.esic.gov.in / www.esic.in

No- 59-U/13/13/147/2024-SSTTie-up(2025-2026) दिनांक-

**कैशलेस तृतीयक चिकित्सा सेवायें उपलब्ध कराने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति बाबत् ई-निविदा नोटिस- स्टैंड अलोन केन्द्रों के माध्यम से(डायग्नोस्टिक/इमेजिंग केंद्र/नेत्र/डायलिसिस/न्यूरोलॉजी/नेफ्रोलॉजी/ब्लड बैंक)**
**(छ.ग. के सभी जिला में कहीं भी)**

**E-Tender Notice regarding expression of interest for providing cashless tertiary medical services-Via Standalone centres (for Dialysis/Diagnostic/Imaging/Eye/Neurology/Nephrology/Blood Bank).**
**(Anywhere in all districts of Chhattisgarh)**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन एक स्वायत्तशासित सामाजिक सुरक्षा संगठन है, जो क.रा.बी. अधिनियम 1948 के तहत अपने व्याप्त सभी कामगारों व उनके परिजनों को नकद, चिकित्सा एवं अन्य हितलाभ प्रदान करता है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के व्याप्त समस्त क्षेत्रों के हितग्राहियों को कैशलेस आधार पर तृतीयक चिकित्सा सुविधायें नियमित रूप से प्रदान किया जा रहा है।

Employees' State Insurance Corporation is an autonomous social security organization under the control of Ministry of Labor & Employment, Government of India, which provides cash, medical and other benefits to all the workers and their families covered under the Employees' State Insurance Act, 1948. In this sequence, tertiary medical facilities are being provided regularly on cashless basis to the beneficiaries of all the areas covered in all the districts of Chhattisgarh.

निगम के हितग्राहियों को तृतीयक चिकित्सा सेवायें प्रदान करने के लिये निगम के नियम व शर्तों के तहत उक्त क्षेत्रों में कार्यरत केंद्र और राज्य सरकार/PSU/Public Sector/PMJAY empanelled /CGHS empanelled/निजी/चेरिटेवल अस्पताल ई-निविदा के सभी नियमों और शर्तों और प्रक्रिया के साथ निविदा दस्तावेज को बोलीदाता वेबसाइट **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** और **https://www.esic.gov.in/tenders** से ऑनलाइन देख या डाउनलोड कर सकते हैं। सभी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइटों पर यदि कोई अधिसूचना/अपडेट हो तो उसकी जांच कर लें।

In order to provide tertiary medical services to the beneficiaries of the corporation, under the terms and conditions of the corporation, expression of interest / applications are invited for contract with Central and State Government/PSU/Public Sector/PMJAY empanelled /CGHS empanelled/Private/Charitable Hospital. Tender Document along with all terms and conditions and procedure of e-tendering may be viewed online or downloaded, by the bidder from the website-**https://eprocure.gov.in/eprocure/app** & **https://www.esic.gov.in/tenders**. All bidders are requested to check further notifications/updates if any, on the above-mentioned web sites.

निर्धारित समय उपरांत प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा |
**Application received after the stipulated time will not be considered.**

| अस्पताल का कार्यक्षेत्र Workplace of hospital | अनुबंध की अवधि Period of contract | रूचि की अभिव्यक्ति आवेदन जमा किये जाने की प्रारंभिक तिथि व समय Starting date and time of submission of Expression of Interest application | रूचि की अभिव्यक्ति आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि Last date of submission of Expression of Interest application |
|---|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कहीं भी Anywhere in all districts of Chhattisgarh | 02 वर्ष के लिए For 02 years | 18.10.2025 (09:00 AM) | 07.11.2025 (06:00 PM) |

बोली लगाने वालों को जाँच-सूचि के अनुसार सभी संलग्नको एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ एनआईसी पर **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** क.रा.बी.निगम के लिए केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (CPP) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। मूल्यांकन हेतु केवल ऑनलाइन दस्तावेजों और अनुलग्नक पर विचार किया जाएगा | किसी भी मामले में भौतिक दस्तावेज पर विचार नहीं किया जाएगा।

The bidders have to apply online with all annexure and necessary documents as per checklist through Central Public Procurement Portal (CPP) for ESIC on NIC at **https://eprocure.gov.in/eprocure/app**. Only online documents and annexure will be considered for evaluation: Physical document will not be entertained in any case.

नोट :- उक्त के लिए प्राप्त आवेदनों में केंद्र और राज्य सरकार/PSU/Public Sector/PMJAY empanelled /CGHS empanelled अस्पतालों को प्राथमिकता दी जावेगी |

Note: - In the applications received for the same, priority will be given to Central and State Government/PSU/Public Sector/PMJAY empanelled/CGHS empanelled hospitals.

हस्ता/-
क्षेत्रीय निदेशक
sd/-
Regional Director

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. ESIC
सत्यमेव जयते

क्षेत्रीय कार्यालय, 107, राम नगर रोड, कोटा,रायपुर (छत्तीसगढ़) - 492010
REGIONAL OFFICE, 107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR (CHHATTISGARH)-492010
Phone : 0771-2254589,
Email : rd-cgarh@esic.gov.in
Website: www.esic.gov.in / www.esic.in

No- 59-U/13/13/147/2024-SSTTie-up(2025-2026) दिनांक-

**कैशलेस तृतीयक चिकित्सा सेवायें उपलब्ध कराने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति बाबत् ई-निविदा नोटिस- Multispeciality अस्पतालों के माध्यम से।**
**(छ.ग. के सभी जिला में कहीं भी)**

**E-Tender Notice regarding expression of interest for providing Cashless Tertiary Medical Services-Via Multispeciality Hospitals.**
**(Anywhere in all districts of Chhattisgarh)**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन एक स्वायत्तशासित सामाजिक सुरक्षा संगठन है, जो क.रा.बी. अधिनियम 1948 के तहत अपने व्याप्त सभी कामगारों व उनके परिजनों को नकद, चिकित्सा एवं अन्य हितलाभ प्रदान करता है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के व्याप्त समस्त क्षेत्रों के हितग्राहियों को कैशलेस आधार पर तृतीयक चिकित्सा सुविधायें नियमित रूप से प्रदान किया जा रहा है।

Employees' State Insurance Corporation is an autonomous social security organization under the control of Ministry of Labor & Employment, Government of India, which provides cash, medical and other benefits to all the workers and their families covered under the Employees' State Insurance Act, 1948. In this sequence, tertiary medical facilities are being provided regularly on cashless basis to the beneficiaries of all the areas covered in all the districts of Chhattisgarh.

निगम के हितग्राहियों को तृतीयक चिकित्सा सेवायें प्रदान करने के लिये निगम के नियम व शर्तों के तहत उक्त क्षेत्रों में कार्यरत केंद्र और राज्य सरकार/PSU/Public Sector/PMJAY empanelled /CGHS empanelled/निजी/चेरिटेवल अस्पताल ई-निविदा के सभी नियमों और शर्तों और प्रक्रिया के साथ निविदा दस्तावेज को बोलीदाता वेबसाइट **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** और **https://www.esic.gov.in/tenders** से ऑनलाइन देख या डाउनलोड कर सकते हैं। सभी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइटों पर यदि कोई अधिसूचना/अपडेट हो तो उसकी जांच कर लें ।

In order to provide tertiary medical services to the beneficiaries of the corporation, under the terms and conditions of the corporation, expression of interest / applications are invited for contract with Central and State Government/PSU/Public Sector/PMJAY empanelled /CGHS empanelled/Private/Charitable Hospital. Tender Document along with all terms and conditions and procedure of e-tendering may be viewed online or downloaded, by the bidder from the website-**https://eprocure.gov.in/eprocure/app** & **https://www.esic.gov.in/tenders.** All bidders are requested to check further notifications/updates if any, on the above-mentioned web sites.

निर्धारित समय उपरांत प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा |
Application received after the stipulated time will not be considered.

| अस्पताल का कार्यक्षेत्र Workplace of hospital | अनुबंध की अवधि Period of contract | रूचि की अभिव्यक्ति आवेदन जमा किये जाने की प्रारंभिक तिथि व समय Starting date and time of submission of Expression of Interest application | रूचि की अभिव्यक्ति आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि Last date of submission of Expression of Interest application |
|---|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कहीं भी Anywhere in all districts of Chhattisgarh | 02 वर्ष के लिए For 02 years | 18.10.2025 (09:00 AM) | 07.11.2025 (06:00 PM) |

बोली लगाने वालों को जाँच-सूचि के अनुसार सभी संलग्नको एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ एनआईसी पर **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** क.रा.बी.निगम के लिए केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (CPP) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। मूल्यांकन हेतु केवल ऑनलाइन दस्तावेजों और अनुलग्नक पर विचार किया जाएगा । किसी भी मामले में भौतिक दस्तावेज़ पर विचार नहीं किया जाएगा।

The bidders have to apply online with all annexure and necessary documents as per checklist through Central Public Procurement Portal (CPP) for ESIC on NIC at **https://eprocure.gov.in/eprocure/app.** Only online documents and annexure will be considered for evaluation: Physical document will not be entertained in any case.

नोट:- उक्त के लिए प्राप्त आवेदनों में केंद्र और राज्य सरकार/PSU/Public Sector/PMJAY empanelled /CGHS empanelled अस्पतालों को प्राथमिकता दी जावेगी ।

Note:- In the applications received for the same, priority will be given to Central and State Government/PSU/Public Sector/PMJAY empanelled/CGHS empanelled hospitals.

हस्ता/-
क्षेत्रीय निदेशक
sd/-
Regional Director





## 3300 साल पुराने इस रहस्यमयी मकबरे पर मंडराया बड़ा खतरा

काहिरा। मिस्त्र की समृद्ध एतिहासिक धरोहर वैली ऑफ द किंग्स मकबरा को साल 1799 में खोजा गया था। यह मकबरा बेहद अनोखा है।यह मकबरा 36 मीटर लंबा और 14 मीटर गहरे ढलान वाली सुरंग है। इस मकबरे में बनी पेंटिंग्स और शिलालेख बेहद खास है। लक्सरमिस्त्र स्थित इस मकबरे को लेकर बेहद बुरी खबर सामने आ रही हैं। शैक्षणिक शोधकर्ताओं का कहना है कि 3300 साल पुराने इस मकबरे में फैली दरारें, बढ़ती आर्द्रता का लेवल और मौसम का प्रभाव मकबरे पर पड़ रहा है जिससे मकबरे के ढहने का जोखिम बढ़ सकता है। मकबरे की छत पर फैली बड़ी दरार मकबरे के प्रवेश मार्ग और समाधि के मुख्य कमरे के ऊपर से होकर जा रही है। इस दरार के प्रभाव से बारिश का पानी दरार के अंदर जा रहा है। जिससे चट्टान में संकोचन की प्रक्रिया तेज हो रही है। दरार के अलावा मकबरे में फफूंदी की समस्या भी तेजी से बढ़ रही हैं जो कि दीवारों पर बनी पेंटिंग को नुकसान पहुंचा रही है। शोध के अनुसार साल 1994 में भयंकर बाढ़ ने मकबरे और इसकी संरचना पर काफी प्रभाव छोड़ है।

# क्रिटिकल मिनरल दुनिया के लिए बना नया खजाना, भारत में है विशाल भंडार

नई दिल्ली। दुनियाभर में इन दिनों दुर्लभ खनिजों पर कब्जा करने की होड़ मची हुई है। चीन जहां दुनिया के दुर्लभ खनिजों पर लगभग 'कब्जा' कर चुका है, वहीं अमेरिका, जापान और भारत जैसे देश उसे लगातार चुनौती दे रहे हैं। पूरी दुनिया में इन दिनों इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है, जो लिथियम आयन बैट्री से चलती हैं। इसके पीछे वजह है कि दुनिया अब स्वच्छ ऊर्जा की ओर कदम बढ़ा रही है। चीन लिथियम को लेकर विश्वभर के देशों को आंख दिखा रहा है। चीनी कंपनियों ने बैट्री की दुनिया में दबदबा कायम कर लिया है। चीन की इस चुनौती के बीच वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्रेफाइट अब नया क्रिटिकल मिनरल बन गया है जो लिथियम बैट्री उद्योग की रीढ़ है। वहीं, ग्रेफाइट के भंडार की बात करें तो दुनिया का सबसे बड़ा ग्रेफाइट भंडार चीन के पास है, लेकिन भारत की धरती भी इस खजाने से भरी हुई है।



### भारत में मौजूद है ग्रेफाइट का विशाल भंडार

ग्रेफाइट का भविष्य अब दो बदलावों पर टिका हुआ है। पहला- नवीकरणीय कार्बन स्रोतों से 'ग्रीन' उत्पादन और पुरानी बैटरियों से ग्रेफाइट को रीसायकल करना। ग्रेफाइट लिथियम आयन बैट्री में एनोड के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। एनोड बैट्री का वह हिस्सा होता है जो चार्जिंग और डिस्चार्जिंग के दौरान आयनों को स्टोर करता है। ग्रेफाइट स्वच्छ ऊर्जा की ओर दुनिया के बढ़ते कदम के लिए बहुत जरूरी है। वहीं, प्राकृतिक ग्रेफाइट के भंडार की बात करें तो चीन जहां पहले नंबर पर है, वहीं भारत में भी इसका विशाल भंडार मिला है।

### आयन बैट्री की रीढ़ है ग्रेफाइट लिथियम

एक रिपोर्ट के मुताबिक ग्रेफाइट लिथियम आयन बैट्री की रीढ़ है। यह अब नया क्रिटिकल मिनरल बन गया है। इसी वजह से यह स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ती दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण खनिज बन गया है। प्राकृतिक ग्रेफाइट की आपूर्ति दुनिया के कुछ ही जगहों पर केंद्रित है और इसका उत्पादन भी बढ़ाना मुश्किल है। इससे दुनिया में सप्लाई में दिक्कत आ रही है। इसी को देखते हुए दुनिया में कृत्रिम ग्रेफाइट का इस्तेमाल काफी ज्यादा होता है जो ज्यादा शुद्ध होता है और उसका प्रदर्शन भी अच्छा होता है। हालांकि, इसे बनाने में काफी ज्यादा ऊर्जा खर्च होती है जो जीवाश्म ईंधन से बनती है। यह पर्यावरण के लिए ठीक नहीं है।



### अरुणाचल में मिला है बड़े पैमाने पर ग्रेफाइट

चीन 81 मीट्रिक टन के साथ पहले, ब्राजील के पास 74 मीट्रिक टन, मेडागास्कर के पास 24, मोजांबिक के पास 25, तंजानिया के पास 18, रूस के पास 14, भारत के 8.6 और तुर्की के पास 6.9 मीट्रिक टन प्राकृतिक ग्रेफाइट है। भारत सरकार ग्रेफाइट के उत्पादन पर पूरा जोर दे रही है। भारत में अरुणाचल प्रदेश में देश का सबसे बड़ा ग्रेफाइट भंडार है। भारत सरकार घरेलू खनन कंपनियों को इसके उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रही है, ताकि चीन पर से निर्भरता को कम किया जा सके। भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में ग्रेफाइट का रिजर्व होना बहुत जरूरी है। अरुणाचल प्रदेश में पश्चिमी सियांग, पापुमपारे और लोअर सुबानसिरी जिलों में ग्रेफाइट बड़े पैमाने पर मिला है। इसके अलावा कश्मीर और मध्यप्रदेश में भी ग्रेफाइट की खोज शुरू की गई है।

## धरती से थोड़ी ही दूरी पर मिली दूसरी पृथ्वी

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने एक नया सुपरअर्थ खोजा है जहां जीवन संभव हो सकता है। खगोलविदों ने हमारे पास के एक ऐसे ग्रह को खोजा है, जहां जीवन के होने की संभावना है। यह सुपर अर्थ धरती से 4 गुना बड़ा है। यह धरती से 20 लाइट वर्ष की दूरी पर है, जो अंतरिक्ष के हिसाब से बहुत कम है। यह एक धुंधले लाल बौने तारे के चारों ओर घूम रहा संभावित चट्टानी ग्रह है। इसलिए इसे 2025 की सबसे बड़ी खोज माना जा रहा है। पेन स्टेट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने द एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में इस खोज को प्रकाशित किया है। जरूरी बात यह है कि जीजे 251सी अपने तारे से सही दूरी पर घूम रहा है जिसे गोल्डीलॉक्स ज़ोन कहते हैं। पेन स्टेट यूनिवर्सिटी में खगोल विज्ञान के प्रोफेसर सुव्रत महादेवन, जो इस अध्ययन के सह-लेखक हैं, ने कहा- हम इस तरह के ग्रहों की तलाश इसलिए करते हैं, क्योंकि वे हमें कहीं और जीवन खोजने का सबसे अच्छा मौका देते हैं।







Ajay Advt.


## सिगरेट की लत छोड़ने के लिए शख्स ने मुंह पर बांधा पिंजरा

**अंकारा।** सिगरेट छोड़ना दुनिया के सबसे मुश्किल कामों में से एक माना जाता है। कई लोग सैकड़ों बार कोशिश करते हैं, लेकिन कुछ ही लोग कामयाब हो पाते हैं। तुर्की के रहने वाले इब्राहिम युसेल भी लंबे समय तक इसी लत में फंसे रहे। पर उन्होंने जो तरीका अपनाया, उसने सबको हैरान कर दिया। उन्होंने सिगरेट से खुद को दूर रखने के लिए अपने सिर पर एक पिंजरा पहन लिया।



इब्राहिम पिछले 26 वर्षों से हर दिन करीब दो पैक सिगरेट पीते थे। कई बार उन्होंने कसम खाई कि अब नहीं पिएंगे, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से वही आदत लौट आती। बार-बार असफल होने के बाद एक दिन उन्होंने ठान लिया कि अब बस। इस बार वो सिगरेट को अपने जीवन से निकालकर ही रहेंगे। पर उन्होंने इसे छोड़ने के लिए जो तरीका चुना वो शायद किसी ने पहले नहीं सुना होगा।






## गले में 50 तोले की गोल्ड चेन पहनकर ज्वेलरी शॉप की रखवाली करता है टायसन



**नई दिल्ली।** आपने अब तक कई स्टाइलिश और अनोखे कुत्ते देखे होंगे, लेकिन आज हम जिस डॉग की बात कर रहे हैं, उसने तो सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। यह कोई साधारण कुत्ता नहीं है, ये है टायसन, जो अपने मालिक की ज्वेलरी शॉप की रखवाली करता है और गले में पहनता है 50 तोले की सोने जैसी भारी चेन। ये कुत्ता न केवल अपनी सुरक्षा के लिए मशहूर है, बल्कि अपने स्टाइल और रौबदार लुक के लिए भी सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इस समय इंटरनेट पर एक 18 सेकंड का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें टायसन नाम का यह कुत्ता एक ज्वेलरी की दुकान के बाहर खड़ा नजर आता है। उसके गले में मोटी और चमकदार चेन लटक रही है, जो बिल्कुल सोने जैसी दिखती है। भूरा रंग, तेज आंखें और अकड़ भरा अंदाज देखकर ऐसा लगता है जैसे वो सच में दुकान का सिक्योरिटी गार्ड हो। उसकी नजरें इतनी चौकस हैं कि कोई भी बिना इजाजत दुकान के पास आने की हिम्मत नहीं कर सकता। वीडियो में देखा जा सकता है कि टायसन दुकान के दरवाजे के पास खड़ा है और कभी-कभी हल्की भौंक निकालता है। लोग इस वीडियो को देखकर खूब मजे ले रहे हैं। किसी को कुत्ते का स्टाइल पसंद आ रहा है तो कोई उसकी अकड़ देखकर हैरान है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com